✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

अपना प्रदेश, अपनी बात

# नवबिहार टाइम्स




इवीएम आदि लेकर बूथों की ओर जाते मतदानकर्मी


✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 164 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 11 नवम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com





# सम्राट चौधरी के खिलाफ आधारहीन आरोप लगाने वालों को सुप्रीम कोर्ट ने दिया झटका

## विपक्ष गलत बयानी और कोर्ट को परेशान करने वाली हरकतों से बाज आए : नीरज कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी इस बात से बेहद संतुष्ट है कि सुप्रीम कोर्ट ने 7 नवंबर 2025 को बिहार के उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के खिलाफ दायर एक जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। भाजपा के प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि यह फैसला न केवल हमारे नेता की सत्यनिष्ठा और कर्तव्यनिष्ठा को दर्शाता है, बल्कि उन तमाम राजनीतिक षड्यंत्रों को भी ध्वस्त करता है जो कुछ स्वार्थी तत्वों द्वारा रची जा रही थीं।
उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से, विशेषकर बिहार में चुनाव घोषणा के बाद उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की आयु और शैक्षिक योग्यता को लेकर विपक्षी दलों और कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अनाप-शनाप आरोप लगाए जा रहे थे। इन आरोपों का एक हिस्सा एक याचिका के रूप में सुप्रीम कोर्ट में पेश किया गया जिसमें तारापुर विधानसभा क्षेत्र से उनकी चुनाव प्रक्रिया को रद्द करने की मांग की गई थी। यह याचिका हैदराबाद के एक कथित बिजनेसमैन और सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा दायर की गई थी जिन्होंने अपनी वार्षिक आय पांच लाख रुपये से कम बताई जबकि उनके वकील की फीस उनके दावे से कहीं अधिक थी। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट संकेत है कि यह मामला किसी षड्यंत्र का हिस्सा था जिसका उद्देश्य बिहार की जनता को गुमराह करना और चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करना था। भाजपा नेता नीरज कुमार ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को गंभीरता से सुना और निपटारा करते हुए स्पष्ट किया कि राजनीतिक मुद्दों को कोर्ट से दूर रखना चाहिए। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को मजबूरन याचिका वापस लेने के लिए कहा और इस मामले को पुनः कोर्ट में चुनौती देने की अनुमति भी नहीं दी। उन्होंने कहा यह फैसला न केवल सम्राट चौधरी के चरित्र पर लगे आरोपों को खारिज करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि सत्य और न्याय हमेशा विजयी होता है। भाजपा प्रवक्ता नीरज कुमार ने बिहार की जनता से अपील किया है कि वे इस तरह के आधारहीन और राजनीति से प्रेरित अभियानों से सावधान रहें। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी बिहार के विकास और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं और उनकी मेहनत और ईमानदारी को बिहार की जनता अच्छी तरह से समझती है। हमारा नारा है -''यतो धर्मस्ततो जयः'' और ''सत्यमेव जयते''। उन्होंने विपक्ष को नसीहत देते हुए कहा कि वे ऐसी गलत बयानी और कोर्ट को परेशान करने वाली हरकतों से बाज आएं और बिहार के विकास में योगदान दें। भारतीय जनता पार्टी इस मामले में अपने नेता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और भविष्य में भी सत्य के रास्ते पर चलते हुए जनता की सेवा करती रहेगी।

# लोकतंत्र का महापर्व है चुनाव, वोट दें, अपनी भागीदारी निभाएं : नीतू नवगीत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार विधानसभा के लिए कराए जा रहे चुनाव के तहत दूसरे चरण का मतदान मंगलवार को होगा। मतदाता जागरूकता अभियान की स्वीप आइकॉन डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने बिहार के मतदाताओं से आग्रह किया है कि जिस प्रकार का उत्साह प्रथम चरण के मतदान के दौरान सभी ने दिखाया है, वैसा ही उत्साह दूसरे चरण के मतदान के दौरान भी दिखाएं। दूसरे चरण के दौरान बिहार राज्य में 20 जिलों की 122 सीटों पर मतदान होगा। 3 करोड़ 70 लाख से अधिक मतदाताओं की सूची तैयार है जिन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग करना है। इसके लिए 45399 बूथ तैयार किए गए हैं। चुनाव आयोग और प्रशासन द्वारा पूरी तैयारी की गई है, लेकिन जनता की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। स्वीप आइकॉन नीतू नवगीत ने कहा कि लोकतंत्र का महापर्व चुनाव है। जन-जन की भागीदारी से ही यह महापर्व यादगार और शानदार बनता है। इस महापर्व से लोकतंत्र को मजबूती मिलती है। उन्होंने सभी मतदाताओं से कहा कि मिलजुल कर मतदान करें और वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाएं। हर मतदाता महत्वपूर्ण है और हर वोट कीमती है। लोकतंत्र में अपनी ताकत दिखाएं। मतदान बूथ पर आकर अपना कर्तव्य निभाएं तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था के सबसे बड़े अधिकार का प्रयोग करते हुए अपने जनप्रतिनिधि का चुनाव करें। चुनाव आयोग द्वारा वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप आइकॉन के रूप में प्रतिष्ठित लोगों को जिम्मेदारी दी जाती है। बिहार की प्रसिद्ध लोक गायिका डॉ. नीतू कुमारी नवगीत को चुनाव आयोग ने पटना जिले का स्वीप आइकॉन बनाया है। 6 नवंबर को 121 विधानसभा सीटों के लिए मतदान हुआ था जिसमें 64.66% लोगों ने मतदान किया था। नीतू नवगीत ने उम्मीद जताई कि दूसरे चरण में और अधिक संख्या में लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए आगे आएंगे और लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी निभाएंगे।

# दुनिया की पहली टेलीसर्जन कोंसोल एसएसआईआई मंत्रासन लॉन्च

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** आधुनिक सर्जिकल रोबोटिक टेक्नोलॉजी के डेवलपर एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल जो रोबोटिक सर्जरी को दुनिया में किफायती एवं सुलभ बनाने के लिए प्रयासरत है ने एक बार फिर से इनोवेशन की सीमाओं को पार करते हुए दुनिया के पहले टेलीसर्जन कोंसोल एसएसआईआई मंत्रासन का अनावरण किया है। मंत्रासन, दुनिया का पहला पूरी तरह से इंटीग्रेटेड, अर्गोनोमिक एवं पोर्टेबल टेलीसर्जरी कोंसोल है जो रिमोट प्रेसीजन के साथ रोबोटिक्स क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव है। यह दर्शाता है कि किस तरह सर्जिकल विशेषज्ञता को किसी भी विशेष सर्जन के ऑफिस से टेलीसर्जन कोंसोल के छोटे डिजाइन तक विस्तारित किया जा सकता है जिससे टेलीसर्जरी करने के लिए पूरे ऑपरेटिंग रूम को सर्जन कोंसोल से जोड़ने की जरूरत नहीं रहती। रोबोटिक टेक्नोलॉजी का यह इनोवेशन सर्जिकल केयर में महत्वपूर्ण है जिसके द्वारा विशेषज्ञ सर्जन कॉम्पैक्ट, सेल्फ-कंटेन्ड रोबोटिक सिस्टम के जरिए रिमोट से संचालन कर सकते हैं। खास बात यह है कि इसे भारत में डिजाइन एवं निर्मित किया गया है। कार्यक्रम में मेडिकल एवं सर्जिकल क्षेत्र से जाने-माने विशेषज्ञ डॉ सुधीर श्रीवास्तव, संस्थापक एवं चेयरमैन, एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल, डॉ सुधीर रावल, मेडिकल डायरेक्टर, राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रीसर्च सेंटर, डॉ विश्वा श्रीवास्तव, सीईओ, एपीएसी, एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल, डॉ ललित मलिक, चीफ कार्डियक सर्जन, जयपुर मणिपाल हॉस्पिटल, डॉ सोमशेखर, एसपी, चेयरमैन, मेडिकल अडवाइजरी बोर्ड, एस्टर डीएम हेल्थकेयर, जीसीसी एंड इंडिया और डॉ वेंकटेश मुनिकृष्णन, कन्सलटेन्ट कोलोरेक्टल एंड रोबोटिक सर्जन, अपोलो हॉस्पिटल्स आदि मौजूद रहे। लॉन्च के मौके पर डॉ सुधीर श्रीवास्तव, संस्थापक एवं चेयरमैन, एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल ने बताया कि टेली सर्जन कोंसोल के साथ हमने आधुनिक सर्जिकल केयर को सभी के लिए सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है।

## सम्राट चौधरी ने चुनाव प्रचार में एनडीए को भरपूर प्यार और स्नेह दिए जाने पर जनता को दिया धन्यवाद

# एनडीए ने युवाओं और महिलाओं के लिए रोजगार की चिंता की : सम्राट चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार के उप मुख्यमंत्री और भाजपा नेता सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 का परिणाम 2010 के चुनाव परिणाम की पुनरावृत्ति होगी। पटना स्थित भाजपा मीडिया सेंटर में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्री बिहार आए और एनडीए के पक्ष में प्रचार किया। सभी को बिहार की जनता का प्यार और स्नेह मिला। उन्होंने कहा कि पहले चरण का जो चुनाव हुआ उसमें लगभग 100 सीटें एनडीए के खाते में आ रही है और लालू यादव के परिवार का कोई व्यक्ति चुनाव नहीं जीत रहा है। उन्होंने आगे एनडीए और बिहार की जनता को धन्यवाद देते हुए विश्वास जताया कि दूसरे चरण में भी लोग बढ़-चढ़कर मतदान करेंगे और एनडीए को भारी बहुमत से विजयी बनाएंगे। उन्होंने कहा जब हम लोग रैलियों में जाते थे तब स्पष्ट लगता था कि बिहार में लालटेन युग समाप्त हो गया। जनता यह कहती है कि अब न दुकान में लालटेन मिलती है और न किसी के घर में। मोदी जी और नीतीश जी के युग में क्षेत्र में एलइडी बल्ब युक्त है और उस पर भी 125 यूनिट लगभग एक करोड़ 70 लाख परिवार के घरों में पिछले 4 महीने से बिजली बिल नहीं आया। यह ऐतिहासिक फैसला रहा। उन्होंने आगे महिलाओं को 10 हजार रुपये दिए जाने की चर्चा करते हुए कहा कि कुछ लोग लालटेन वाले गुमराह करते थे कि इस पर सूद देना होगा और यह पैसा वापस करना होगा। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और हम लोगों ने भी इसका जोरदार खंडन किया। बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि एनडीए ने युवाओं और महिलाओं के लिए रोजगार की चिंता की, उन्हें उद्यमी बनाने की शुरुआत की। ईबीसी वर्ग के लिए अलग से सुप्रीम कोर्ट के जज की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया जिसमें कई वर्गों को जोड़ने का काम किया गया। उन्होंने प्रचार अभियान में मिले समर्थन के लिए सभी को धन्यवाद दिया। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि लोकतंत्र में जनता तय करती है कि कौन कहां बैठेगा। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि यह गांधी परिवार का सत्ता नहीं है जिसमें राहुल गांधी की माताजी भी सुपर पावर रही, पिताजी भी प्रधानमंत्री रहे, उनकी दादी जी 13 साल प्रधानमंत्री रही, दादी के पिताजी 17 साल प्रधानमंत्री रहे और तब भी राहुल गांधी बैठकर रो रहे हैं। 55 साल तक कांग्रेस पार्टी ने भारत को लूटा है। जनता सभी पापों का हिसाब करती है। हम आरक्षण मंडलवादी भी हैं और कमंडलवादी भी हैं।

# मधुमेह केवल दवा से नहीं, जीवनशैली से भी नियंत्रित करें : डॉ सुभाष कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार अग्रवाल महिला सम्मेलन द्वारा विश्व मधुमेह दिवस की पूर्व संध्या पर जागरूकता एवं निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन गुरुवार 13 नवम्बर को प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए सम्मेलन की प्रदेश अध्यक्ष डॉ गीता जैन ने बताया कि यह आयोजन सुप्रसिद्ध मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ सुभाष कुमार के सौजन्य से पूर्वी बोरिंग कैनाल रोड स्थित श्री रामकुंज अपार्टमेंट के मधुमेह एवं मोटापा केयर सेंटर में किया जायेगा। मौके पर बिहार प्रादेशिक अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष अमर अग्रवाल ने कहा कि इस शिविर में मधुमेह की जांच के साथ ही मरीजों को निःशुल्क दवा भी दी जाएगी। अग्रवाल ने कहा कि मरीजों की जांच डॉ सुभाष कुमार द्वारा की जाएगी तथा निःशुल्क दवा भी दी जाएगी। साथ ही शिविर में प्रसिद्ध डाइटीशियन डॉ सुमिता कुमारी द्वारा मरीजों को खान-पान संबंधी पूरी जानकारी भी दी जाएगी। साथ ही जागरूकता कार्यक्रम के तहत डॉ सुभाष कुमार द्वारा मधुमेह रोग से बचाव के बारे में तथा डॉ सुमिता कुमारी द्वारा बताया जाएगा कि खानपान एवं जीवनशैली के द्वारा मधुमेह से कैसे बचा जाए।

# एनडीए ने नकारात्मक तो इंडी महागठबंधन ने सकारात्मक मुद्दों पर लड़ा चुनाव : डॉ सैय्यद

## बिहार के विकास के लिए महागठबंधन को जनता दें एक मौकाः डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना के होटल मौर्या में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर जनता से एनडीए के 20 वर्षों के मुकाबले 5 साल का मौका मांगा और दूसरे चरण में भी इंडिया महागठबंधन के पक्ष में मतदान की अपील की है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. सैय्यद नासिर हुसैन ने कहा कि बिहार विधानसभा में चुनाव प्रचार इस बार अलग रहा जहां 20 वर्षों से शासन करने वाला गठबंधन लगातार नकारात्मक बातों का इस्तेमाल अपने प्रचार में करता रहा वहीं हमारा इंडिया महागठबंधन लगातार सकारात्मक मुद्दों पर स्थिर रहा। हमारे नेताओं ने लगातार शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पलायन रोकने और महिलाओं के हितों में, अपराध, भ्रष्टाचार और कमीशन के खिलाफ अपने वक्तव्यों को रखा। कमोबेश 20 सालों की नीतीश भाजपा सरकार अपना रिपोर्ट कार्ड जनता के बीच रखने से पूरे चुनाव में बचती रही और बार-बार विपक्ष को निशाने पर लेकर जनता के बीच भाषाई मर्यादा को तार-तार कर दिया जब भी हमने उन्हें मुद्दों पर घेरा तब वे लोग बहानेबाजी कर निकलना चाहे। यह ठीक स्कूल के उस बच्चे की तरह रहा जो फेल होने पर अपना परीक्षा रिपोर्ट कार्ड नहीं दिखाता और स्कूल, शिक्षक और परिस्थितियों को दोष देने लगता है। प्रधानमंत्री से लेकर मंत्री और स्थानीय नेता तक कट्टा, घुसपैठिया, हरामखोर, गुंडा और क्या-क्या बोल चुनावों में जनता के समक्ष पेश हुए। बिहार को विकास चाहिए ये औद्योगिक, सामाजिक और आर्थिक के साथ युवाओं को रोजगार की आवश्यकता है। बिहार से सबसे ज्यादा पलायन का दंश हमारे लोग झेलने को मजबूर हैं जबकि इस पर राज्य की एनडीए सरकार मौन साध लेती है। बिहार से सस्ते मजदूर को पलायन करने को मजबूर किया जाता है और उन्हें कार्यस्थल पर हिंसा और शोषण का शिकार होना पड़ता है जब हमने चुनावों में संविदा कर्मियों को नियमित और नए रिक्तियों को भरने की बात कही तो सत्ता पक्ष ने नाटकीय ढंग से कहा कि ईश्वर भी इन रिक्तियों को नहीं भर सकते हैं। हम बिहार के युवाओं को नौकरियां देने को प्रतिबद्ध हैं, लेकिन सत्ता पक्ष ने पूरे चुनाव में हम नौकरियां कैसे देंगे हताशा निराशा में आकर उल्टा हमसे ही सवाल करने लगी। बिहार की जमीन उपजाऊ है और इसका सार्थक इस्तेमाल होना चाहिए, लेकिन यहां के मुख्यमंत्री और उनकी सहयोगी भाजपा लैंड लॉक राज्य का हवाला देकर विकास में पिछड़ने पर रोने लगती है। राष्ट्रीय महासचिव सांसद डॉ सैय्यद नासिर हुसैन ने कहा कि बिहार की जनता हमें केवल 5 साल दें और हम सभी वादों को अक्षरशः पूरा करेंगे। अपराध पर बोलते हुए डॉ सैय्यद नासिर हुसैन ने कहा कि बिहार में व्यवसायी, महिला, युवा और आम जनता सभी अपराध से त्रस्त हैं। भाजपा और एनडीए पर चुटकी लेते हुए उन्होंने कहा कि पांच साल में एक बार घुसपैठियों पर इनकी नजर जाती है जबकि बिहार में दो सबसे बड़े घुसपैठिए आए हुए हैं जो गुजरात के दो और घुसपैठिए को देश-विदेश में ठेके दिलाने के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं। ये लड़ाई वैचारिक है जो दो सोच के बीच है, इसलिए बिहार की आम जनता अपना वोट बर्बाद न करें और इंडिया महागठबंधन को चुनकर पांच साल का मौका दें।

# पटना वीमेंस कॉलेज में 21 दिसंबर को होगी एलुमिनाइ मीट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना वीमेंस कॉलेज में सोमवार को पूर्व छात्र संघ की आमसभा का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न बैचों की लगभग 100 पूर्व छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूर्व छात्र संघ की अध्यक्ष डॉ अमीता जायसवाल ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया और सत्र का नेतृत्व किया। उन्होंने एसोसिएशन की उपलब्धियों (2025) और 2026 के लक्ष्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने आने वाले एलुमिनाइ मीट 2025 की तारीख की घोषणा की जो 21 दिसंबर 2025 को आयोजित होगी। उन्होंने सभी सदस्यों से सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया। बैठक में क्लास ऑफ 1975 (1975 बैच) की गोल्डन जुबली मनाते हुए उनकी पुरानी यादों पर एक विशेष प्रस्तुति दी गयी। मगध महिला कॉलेज की पूर्व प्राचार्या और पटना वीमेंस कॉलेज की पूर्व छात्रा डॉ आशा सिंह ने कॉलेज में बिताये अपने समय को याद किया। इतिहास विभाग की पूर्व अध्यक्ष और पटना विश्वविद्यालय की सेवानिवृत्त डॉ माया शंकर ने अगले महीने होने वाले एलुमिनाइ मीट के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिया। इनमें बाहर से आने वाली पूर्व छात्राओं के लिए आवास की सुविधा, व्यवस्थित रात्रि भोजन की व्यवस्था, और कॉलेज के अंदर काम कर रही पूर्व छात्राओं को आजीवन सदस्यता लेने और उसे बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करना शामिल था। राजनीति विज्ञान विभाग की सिमरन ने बताया कि एलुमिनाइ मीट 2025 की थीम रेट्रो टू मेट्रो रखी गयी है। इसमें समूह गान, रेट्रो थीम पर प्रदर्शन, लोक नृत्य, कव्वाली और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामिल होंगी। जनसंचार विभाग की अध्यक्ष रोमा ने एसोसिएशन के न्यूजलेटर मेलक पर प्रकाश डाला और पूर्व छात्राओं को इसके वार्षिक प्रकाशन के लिए अपने लेख और रचनाएं देने के लिए प्रोत्साहित किया।

# प्राकृतिक सामग्री से बनी कलाकृतियों के उपयोग के लिए बच्चों को किया जायेगा जागरूक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सीबीएसइ स्कूलों के स्टूडेंट्स को प्राकृतिक सामग्री से बनी कलाकृतियों के उपयोग को लेकर जागरूक किया जायेगा। सीबीएसइ ने स्कूलों को कहा है कि वे स्कूलों के इको क्लब के माध्यम से स्टूडेंट्स में जागरूक फैलाएं। जागरूकता के साथ-साथ छोटी प्राकृतिक सामग्री से बनी मूर्तियां और कलाकृतियां बनाने के लिए प्रोत्साहित करने को कहा गया है। बोर्ड ने स्कूलों को कक्षाओं के स्तर के हिसाब से अलग-अलग गतिविधियां भी सुझायी हैं। सीबीएसइ के अनुसार विभिन्न आयोजनों में प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) कलाकृतियों का उपयोग किया जा रहा है। पीओपी मूर्तियां गैर-जैव निम्नीकरणीय और जल में अघुलनशील होती हैं। स्वच्छ जल के लिए इको आर्ट विसर्जन के समय ये जिप्सम और रासायनिक पेंट से विषाक्त भारी धातुओं जैसे हानिकारक पदार्थों को जल निकायों में छोड़ती हैं। इससे जल में ऑक्सीजन का स्तर कम हो जाता है। जलीय जीवन खतरे में पड़ जाता है, पेयजल स्रोत दूषित हो जाते हैं और अक्सर आसपास रहने वाले लोगों में त्वचा और श्वसन संबंधी स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इस समस्या के समाधान के लिए प्राकृतिक सामग्रियों से बनी कलाकृतियों का उपयोग किया जा सकता है जो जल में आसानी से घुल जाती हैं और प्रदूषण नहीं फैलता है। बोर्ड ने इस संबंध में स्कूलों को कहा है कि वह चर्चाएं, वाद-विवाद, पोस्टर बनाने की प्रतियोगिताएं, सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रम, व्यावहारिक कार्यशालाएं आयोजित करें। इनमें छात्रों को अपनी छोटी प्राकृतिक सामग्री से बनी मूर्तियां और कलाकृतियां बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाये, ताकि स्टूडेंट्स को लाभ मिल सके।

# आइएफएस का एडमिट कार्ड जारी, परीक्षा 16 से 23 तक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** यूपीएससी ने भारतीय वन सेवा (आइएफएस) मेन परीक्षा 2025 के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। इस परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवार वेबसाइट पर जाकर अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। भारतीय वन सेवा मुख्य परीक्षा का आयोजन 16 से 23 नवंबर तक किया जोगा। परीक्षा दो शिफ्टों में होगी। पहली शिफ्ट सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक आयोजित की जायेगी। परीक्षा के दिन अभ्यर्थियों को अपने साथ प्रिंट किया हुआ एडमिट कार्ड और एक मान्य फोटो पहचान पत्र लेकर जाना अनिवार्य होगा। उम्मीदवारों को सलाह दी गयी कि वे परीक्षा केंद्र का स्थान एक दिन पहले जाकर देख लें ताकि परीक्षा के दिन कोई परेशानी न हो।

# लोकतंत्र को राहुल गांधी और लालू यादव का परिवार मजाक बना दिया : सम्राट चौधरी

## एनडीए भ्रष्टाचार, अराजकता, रूल ऑफ लॉ से कभी समझौता नहीं कर सकता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के उप मुख्यमंत्री और भाजपा नेता सम्राट चौधरी ने दूसरे चरण के मतदान से एक दिन पहले एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार के लोग जंगलराज के रूप में अमावस्या की रात देख चुके हैं, अब पूर्णिमा की रोशनी दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार में बिहार विकास के पथ पर चल रहा है। उन्होंने मीडिया सेंटर में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि राजद कंफ्यूज भी दिखती है और डिफ्यूज भी है। तेजस्वी यादव को राजद का दूसरा प्रतिनिधि बताते हुए कहा कि वे जनवरी से घोषणा पत्र जारी कर रहे हैं। कई बार वे घोषणा पत्र जारी किए। उन्होंने कहा कि जनता जानती है कि लालू यादव का परिवार लूटने, अराजकता, भ्रष्टाचार के लिए जाना जाता है। ये लोग चुनाव हारने के डर से चुनाव आयोग और प्रधानमंत्री पर आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में राजद कहीं लड़ाई में नहीं दिखता है। महागठबंधन के लोग कंफ्यूज हैं। राहुल गांधी तो अभी से ही वोट चोरी का नारा देने लगे हैं। विकास के मुद्दे को लेकर उन्होंने कहा कि 2005 से 2020 तक सड़कों को देखा जाए तो जिस बिहार में आठ हजार किलोमीटर सड़क नहीं थी, वहां करीब 1.50 लाख किलोमीटर सड़क बनी है। उन्होंने बिजली, पेयजल, मेडिकल कॉलेज को लेकर कहा कि यह विकास दिखता है। उन्होंने कहा कि आज बिहार के 38 जिलों में मेडिकल कॉलेज खुलने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। गंगा में तब चार पुल थे, आज आठ बन चुके और आठ निर्माणाधीन हैं। उन्होंने अनाज के उत्पादन में वृद्धि को लेकर भी आंकड़ों के जरिए बताया। यह बदला हुआ बिहार है, अब कोई कंफ्यूज है तो उसे कुछ नहीं किया जा सकता है। बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि जनता ने भी तय कर लिया है कि इनसे कुछ नहीं हो सकता। ये लोग जनता की भलाई के लिए कुछ नहीं कर सकते, ये सिर्फ अपने लिए कर सकते हैं। उन्होंने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल पर लगाए गए आरोपों को लेकर कहा कि वे कभी भी मेडिकल कॉलेज के मालिक नहीं हो सकते, कोई ट्रस्टी हो सकता है, मालिक नहीं हो सकते। खुद पर लगे आरोपों को लेकर भी उन्होंने कहा कि इस पर न्यायालय अपना काम कर रही है। 30 साल से ये आरोप लगते रहे हैं। उन्होंने कहा मैं लालू यादव के अत्याचार से राजनीति में आया। अगर वे जेल नहीं भेजा होता तो मैं राजनीति में भी नहीं आता। उन्होंने साफ कहा कि राहुल गांधी या लालू यादव का परिवार हो, ये लोकतंत्र को मजाक बनाना चाहते हैं। जनता जानती है कि ये भ्रष्टाचारी हैं और भ्रष्टाचार के प्रतीक भी हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार बनेगी तो हम अदालत जाकर आग्रह करेंगे कि चारा घोटाला, लैंड फॉर जॉब, बाढ़ घोटाला, अलकतरा घोटाला में जो जमीन जब्त किया गया है, उस पर स्कूल और कॉलेज खोले जाएं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार, अराजकता, रूल ऑफ लॉ से कभी समझौता नहीं हो सकता है। बिहार के आम लोगों के लिए एनडीए काम करती रहेगी। उन्होंने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि पहले चरण की तरह दूसरे चरण में भी वे बढ़-चढ़कर मतदान करें और एनडीए सरकार बनाकर बिहार में कानून का राज, विकास को देखते हुए बिहार आगे बढ़ाएं। बिहार और विकसित होगा, बिहार और आगे बढ़ेगा। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि पहले लालू यादव पंजीकृत अपराधी हैं। पहले उन्हें जेल में डालें। उन्होंने तेजस्वी यादव के बिना नाम लिए कहा कि उन्हें जिस चीज का हिसाब लेना है, कल 11 बजे इसी हॉल में आ जाएं जिस भी मुद्दे पर जवाब लेना है, जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार मुख्यमंत्री हैं और आगे रहेंगे। इसमें कोई कन्फ्यूजन नहीं है। प्रेस वार्ता में भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी एवं विधान पार्षद डॉ. संजय मयूख और प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल उपस्थित रहे।

✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 164 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 11 नवम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



भारत निर्वाचन आयोग
Election Commission of India

बिहार विधानसभा चुनाव 2025

## स्वागत है

सभी मतदाता, लोकतंत्र के इस त्योहार में शामिल होने के लिए आमंत्रित हैं

**11 नवंबर**

**122 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र**



अब मतदान केंद्र पर,
मतदान करना हुआ और भी आसान

- रैम्प एवं व्हील-चेयर
- सांकेतिक भाषा
- ब्रेल लिपि युक्त ईवीएम
- चिकित्सा किट
- विशेष स्वयंसेवक
- पीने का पानी
- दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग लाइन
- सुलभ शौचालय
- दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए परिवहन सुविधा
- मोबाईल रखने की सुविधा

CBC 52101/13/0017/2526

**QR कोड स्कैन करें और मतदाता शपथ लें**
इस QR कोड को स्कैन करके और **#IVoteForSure** का उपयोग करके अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर करें तथा **बिहार चुनाव 2025** में अपनी शपथ दर्ज कराएँ

मतदाता हेल्पलाइन पर कॉल करें **1950**

इस QR कोड को स्कैन कर, **ecinet.eci.gov.in** पर जायें और अपना नाम वोटर लिस्ट में चेक करें तथा चुनाव संबंधी सभी जानकारी पायें

**#IVoteForSure** **#VoteKaregaBihar**

fb.com/ECI | @ecisveep | youtube.com/eci | /company/election-commission-of-india-official | @ecisveep | Election Commission of India

# 17 लाख 22 हजार मतदाता आज करेंगे 55 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला

## पांच विधानसभा क्षेत्र के 2169 मतदान केंद्रों पर होगा मतदान, रजौली और गोविंदपुर में शाम 5 बजे तक ही होगा मतदान




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** बिहार विधानसभा चुनाव के द्वितीय चरण का मतदान आज होना है। जो सुबह 7 बजे से देर शाम 6 बजे तक होगा। इस संबंध एक प्रेस वार्ता करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी रवि प्रकाश ने बताया कि चुनाव को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। जिले के 2169 मतदान केंद्रों पर कल 17 लाख 21 हजार 806 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिसमें 9 लाख 1228 पुरुष, 8 लाख 20475 महिला तथा 103 थर्ड जेंडर के मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे । उन्होंने बताया कि कल 1165 मतदान केंद्र भवन है, जिसे लेकर 236 सेक्टर पदाधिकारी बनाए गए हैं। रजौली में 49, हिसुआ में 46, नवादा में 46, गोविंदपुर में 47 और वारसलीगंज में 48 सेक्टर पदाधिकारी की तैनाती की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि रजौली में और गोविंदपुर में सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक ही मतदान का कार्य किया जाएगा। जबकि हिसुआ, नवादा और वारसलीगंज में सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान का कार्य होगा। उन्होंने चुनाव से संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि सुरक्षा बलों की तैनाती भी की गई है। डायरेक्ट वेब कास्टिंग की तैयारी हो चुकी है। हर मतदान केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे से डायरेक्ट कंट्रोल रूम तक इसका प्रसारण किया जाएगा। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से निपटने के लिए पुलिस बल दंडाधिकारी की तैनाती की गई है। समाहरणालय में कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना सुपर जॉन, सब सुपर जॉन पदाधिकारी एवं संबंधित नियंत्रण कक्ष में दी जा सकती है। जिलाधिकारी ने बताया कि रजौली में 399 मतदान केंद्र, हिसुआ में 485, नवादा में 458, गोविंदपुर में 404 और वारसलीगंज में 423 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिस पर मतदान का कार्य किया जाएगा । साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि मतदान के लिए पर्ची संबंधित बीएलओ एवं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध करा दी गई है। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं हो इसको लेकर काफी मुस्तादी बरती जा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि पर्दानसी महिलाओं की जांच के लिए आंगनबाड़ी सेविका एवं महिला मतदान कर्मी को लगाया गया है। बगैर वेरिफिकेशन के किसी को भी मतदान करने नहीं दिया जाएगा। इधर,पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने भी कहा कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम है। हर मतदान केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती होगी। नवादा जिले के साथ-साथ पटना, भोजपुर एवं कई दूसरे जिलों से भी पुलिस बल मंगाए गए हैं। सीआरपीएफ जैसे कई अर्ध सैनिक बल भी तैनात रहेंगे। संवेदनशील एवं अति संवेदनशील मतदान केदो पर भी पुलिस बल की विशेष व्यवस्था रहेगी। दूसरे चरण के मतदान को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। सभी मतदान केंद्रों पर मतदान कर्मियों को रवाना कर दिया गया है।

## वृद्ध की हत्या, विरोध में सड़क जाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के देवनगढ़ पंचायत अंतर्गत रामपुर बलुआ गांव में रविवार की रात्रि महादलित परिवार से आने वाले एक वृद्ध की हत्या कर दी गई। सोमवार की सुबह गांव स्थित नदी के किनारे मृतक का शव पानी में पाया गया। ग्रामीणों के अनुसार रविवार की शाम रामपुर बलुआ गांव निवासी स्वर्गीय छोटन चौधरी के लगभग 60 वर्षीय पुत्र कपिल चौधरी खजूर पेड़ से ताड़ी की चुआई करने निकले। देर शाम तक घर नहीं पहुंचने पर घरवालों द्वारा खोजबीन प्रारंभ किया गया। परन्तु पता नहीं चला सका। सुबह ग्रामीणों ने शव को गांव स्थित बघेल नदी किनारे पानी में मिला। मृतक का चेहरा क्षत विक्षत था। ऐसा लग रहा था कि धारधार हथियार से मृतक के चेहरा पर गहरा घात किया गया है। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना कौआकोल पुलिस को देते हुए आक्रोशित होकर कौआकोल-रोह मुख्य पथ पर बलुआ मोड़ के पास जाम कर दिया। जिससे घण्टों यातायात सेवा प्रभावित हो गया। सूचना के बाद पकरीबरावां एसडीपीओ राकेश कुमार भाष्कर ने घटनास्थल का निरीक्षण कर सड़क जाम कर रहे लोगों को समझाने बुझाने में लगे हुए हैं। ग्रामीण प्रशासन से हत्यारे की गिरफ्तारी एवं मुआवजा की मांग कर रहे हैं। वहीं घटनास्थल पर स्क्वॉयड डॉग एवं एफएसएल की टीम पहुंच चुकी है।

## डीएम ने की लोक शिकायत द्वितीय अपील के 10 मामलों की सुनवाई



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** सोमवार को बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत जिला पदाधिकारी सह द्वितीय अपीलीय प्राधिकार कुंदन कुमार द्वारा 10 मामलों की सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान कुछ मामलों का निवारण संबंधित लोक प्राधिकार द्वारा पूर्व में ही कर दिया गया था, जबकि बाकी मामलों में जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए परिवादियों की समस्याओं पर विचार हुआ। हरनौत में रैयती भूमि को गैरमजरूआ दिखाने संबंधी परिवादी अमित कुमार की शिकायत का निस्तारण किया गया।गिरियक की अंजली भारती को निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना का लाभ दिलाने का निर्देश दिया गया। नूरसराय में प्रखंड शिक्षक पर कार्रवाई नहीं किए जाने संबंधी शिकायत पर जिलाधिकारी ने स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए। हिलसा में रास्ता अतिक्रमण हटवाकर मार्ग साफ कराने का आदेश दिया गया।बिहारशरीफ में राशन कार्ड की पात्रता संदर्भित मामले का समाधान किया गया। इसी प्रकार नली-गली निर्माण, घटिया कार्य और अन्य मामलों पर भी कार्रवाई की गई। कुछ सामूहिक अपील मामलों में आगे की सुनवाई तिथि बढ़ा दी गई। सुनवाई के समय जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## मारपीट और फायरिंग में दो घायल, महिला को लगी गोली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हिलसा (नालंदा)।** कमरथु गांव में रविवार की देर रात पुराने विवाद ने फिर उग्र रूप ले लिया, जब दो पक्षों के बीच मारपीट और फायरिंग की घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। गोलीबारी में एक महिला की गर्दन आर-पार छेदते हुए गोली निकल गई, जबकि रोड़ेबाजी में एक अन्य व्यक्ति जख्मी हुआ।

जख्मी महिला की पहचान सिरदुल देवी तथा दूसरे घायल की पहचान चंद्रिका प्रसाद के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि पड़ोस के पिंटू कुमार और उसके सहयोगी अवैध शराब बेचने का काम करते हैं। कुछ समय पहले पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया था, जिसके बाद से वे चंद्रिका प्रसाद के परिवार पर पुलिस को सूचना देने का आरोप लगाते रहे हैं। रविवार की रात चंद्रिका प्रसाद अपने घर में परिवार के साथ बैठे थे, तभी पिंटू कुमार अपने साथियों के साथ पहुंचा और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर रोड़ेबाजी हुई और अचानक फायरिंग शुरू हो गई। गोली सिरदुल देवी की गर्दन में लगी। दोनों घायलों को हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से सिरदुल देवी को गंभीर हालत में पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया। थाना अध्यक्ष गौरव सिद्धू ने बताया कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ आवेदन दिया है। एक पक्ष ने आठ लोगों को तथा दूसरे पक्ष ने पांच लोगों को नामजद किया है।

## गोलीकांड में फरार अभियुक्त गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा थाना क्षेत्र के रेंड़ी गांव में हुए चर्चित निशु कुमारी गोलीकांड मामले में फरार चल रहे एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि घटना 3 सितंबर की है, जब गोतिया विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच तनाव ने हिंसक रूप ले लिया था। इस दौरान सुभाष पासवान की 16 वर्षीय पुत्री निशु कुमारी के पैर में दो गोलियां लग गईं। गंभीर रूप से घायल निशु को हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे पटना रेफर कर दिया गया था। मामले में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने फरार अभियुक्त सोनू कुमार (पुत्र— उमेश पासवान) को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को सोमवार को न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया गया।

## नवादा में डीएम ने संभाला मोर्चा: शांतिपूर्ण मतदान के लिए तैयार हुआ जिला प्रशासन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के सफल, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त संचालन के उद्देश्य से आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश ने रजौली एवं हिसुआ विधानसभा क्षेत्रों के डिस्पैच सेंटरों का निरीक्षण किया तथा उपस्थित सीएपीएफ बलों एवं सभी पीठासीन पदाधिकारियों को विस्तृत रूप से ब्रीफ किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी पीठासीन पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्रो एप्प पर आवश्यक अपडेट अवश्य कर लें तथा प्रत्येक दो घंटे के अंतराल पर वोटर टर्नआउट रिपोर्ट को प्रो ऐप पर नियमित रूप से प्रविष्ट करते रहें। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी



सभी निर्देशों एवं गाइडलाइन का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति से निपटने हेतु जिला मुख्यालय में कंट्रोल रूम स्तर पर कई विशेष टीमों का गठन किया गया है —

हाउसकीपिंग टीम,
मेडिकल टीम,
पेयजल से संबंधित पीएचईडी टीम,
बिजली से संबंधित इलेक्ट्रिशियन टीम,
जिन्हें क्यूआरटी (क्विक रिस्पोंस टीम) के रूप में तैनात किया गया है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि किसी भी समस्या की स्थिति में मतदान दल या सेक्टर पदाधिकारी तत्काल मुख्यालय से संपर्क कर इन टीमों की सहायता प्राप्त कर सकते हैं। पर्दानशी महिलाओं के लिए वॉलिंटियर्स की प्रतिनियुक्ति की गई है एवं पी3 जो महिला की प्रतिनियुक्ति है उनके द्वारा भी पर्दानशी मतदाताओं की पहचान किया जा सकता है । उन्होंने बताया कि मतदान केंद्रों पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई है ताकि वे सुगमता से मतदान कर सकें। जिला प्रशासन द्वारा सुगम एवं सुलभ मतदान केंद्रों का निर्माण सुनिश्चित किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वेबकास्टिंग के माध्यम से सभी मतदान केंद्रों की गतिविधियों पर रियल टाइम निगरानी की जाएगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर दो कतारें लगाई जाएंगी — एक पुरुष मतदाताओं के लिए और दूसरी महिला मतदाताओं के लिए। साथ ही, दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता के आधार पर मतदान की अनुमति दी जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मतदान केंद्र परिसर में किसी भी परिस्थिति में पोलिंग एजेंट या मतदाताओं को मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदाता पर्ची के अभाव में भी मतदाता अपना वैध पहचान पत्र प्रस्तुत कर मतदान कर सकते हैं। मतदान केंद्रों पर हेल्प डेस्क की व्यवस्था की गई है, जहाँ मतदाता अपने क्रम संख्या अथवा अन्य जानकारी कार्यरत बीएलओ के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने प्रतिनियुक्त अधिकारी एवं मतदान कर्मी को निर्देश दिया कि लोकल किसी भी व्यक्ति या किसी भी राजनीतिक पार्टी से आतिथ्य स्वीकार नहीं करना है। सभी मतदाता कर्मियों के लिए सभी मतदान केंद्रों पर रसोइया की टैगिंग कर दी गई है। इस अवसर पर संबंधित निर्वाची पदाधिकारी,गोपनीय शाखा प्रभारी संबंधित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सहायक निर्वाची पदाधिकारी, अंचलाधिकारी के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## शराब की खेप जब्त, दो गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रजौली।** बिहार-झारखंड सीमावर्ती क्षेत्र चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों ने बीते रविवार की देर रात्रि एक बस से भारी मात्रा में शराब को जब्त किया है। जब्त शराब को रांची से दरभंगा बेचने के लिए ले जाया रहा था। साथ ही दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्यनिषेध को लेकर जांच चौकी पर उत्पाद बलों के सहयोग से झारखंड की ओर से आनेवाली प्रत्येक छोटी से लेकर बड़ी वाहनों की सघन जांच की जाती है, जिसका नेतृत्व उत्पाद इंस्पेक्टर अमृत कुमार गुप्ता कर रहे हैं। बीते रविवार की रात्रि लगभग ढ़ाई बजे रांची से दरभंगा जा रही पीहू बस संख्या बीआर09पीए6221 की जांच उत्पाद इंस्पेक्टर द्वारा की गई। जांच के क्रम में स्लीपर सीट संख्या एक पर सवार दो लोगों के पास से 750 एमएल वाले मैजिक मोमेंट्स और रॉयल स्टेज के एक-एक बोतल शराब बरामद हुआ।पूछताछ किए जाने पर बस के स्लीपर में सवार रहे दोनों लोगों ने बताया कि बस के बाएं साइड के डिक्की में चार बैगों में भी शराब है। उत्पाद बलों ने डिक्की में रहे 750 एमएल वाले 94 बोतल ऑफिसर चॉइस नामक शराब को जब्त किया,जिसकी मात्रा 70.5 लीटर है।उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त शराब को लेकर दोनों अभियुक्तों दरभंगा जिले के विशुनपुर थाना क्षेत्र के उखरा गांव निवासी मनोज पासवान के पुत्र रौशन कुमार एवं दुखन ठाकुर के पुत्र अमित कुमार ठाकुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शराब तस्करों ने बताया कि वे शराब को स्वयं बेचने के उद्देश्य से रांची से दरभंगा लेकर जा रहा था। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त शराब एवं गिरफ्तार तस्करों के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। गिरफ्तार व्यक्ति का मेडिकल करवाने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया जाएगा। इस मौके पर उत्पाद बलों के अलावे गृहरक्षक के जवान मौजूद रहे।

## मतगणना को लेकर सभी काउंटिंग कर्मियों को विशेष प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की मतगणना को लेकर नालंदा जिले में तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। मतगणना प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी, शांतिपूर्ण और त्रुटिरहित रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने व्यापक पहल की है। इसी क्रम में बिहारशरीफ स्थित एसएस बालिका उच्च विद्यालय में मतगणना पदाधिकारियों एवं कर्मियों के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण प्रशिक्षण कोषांग के निर्देशानुसार आयोजित हुआ, जिसमें मतगणना से जुड़े सभी प्रमुख कर्मियों को उनकी भूमिकाओं, जिम्मेदारियों, प्रक्रियाओं और सावधानियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।


जिले के सभी सात विधानसभा क्षेत्रों 171 अस्थावां, 172 बिहारशरीफ, 173 राजगीर (अनुसूचित जाति), 174 इस्लामपुर, 175 हिलसा, 176 नालंदा और 177 हरनौत में मतदान संपन्न होने के बाद सभी पोल्ड इवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) को नालंदा कॉलेज स्थित वज्रगृह (स्ट्रॉन्ग रूम) में सीसीटीवी निगरानी और अर्द्धसैनिक बलों की सुरक्षा में सुरक्षित रखा गया है। मतगणना दिवस 14 नवंबर 2025 को विधानसभा-वार मतों की गिनती की जाएगी और परिणाम घोषित किए जाएंगे। यह वही क्षण होता है जब लोकतंत्र का फैसला स्पष्ट होता है और प्रत्याशियों की जीत या हार तय होती है। इसी वजह से प्रशासन ने किसी भी प्रकार की भूल, दबाव या विवाद के लिए कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी है।

प्रशिक्षण में पोस्टल बैलेट गणना (डाक मतों की गिनती) — चरणबद्ध जांच और सत्यापन, इटीपीबीएस मतों की गणना (इलेक्ट्रॉनिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलट सिस्टम), इवीएम काउंटिंग — टेबलवार गिनती, फॉर्म भरना, त्रुटिहीन मिलान पारदर्शिता प्रबंधन — सीसीटीवी निगरानी, प्रवेश नियंत्रण, सुपरविजन, शांति एवं अनुशासन — अव्यवस्था रोकथाम, विवाद प्रबंधन निम्न प्रमुख बिंदुओं पर विशेष जोर दिया गया। प्रशासन का स्पष्ट निर्देश है कि मतगणना परिसर में गोपनीयता, अनुशासन और निष्पक्षता सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। मतगणना स्थल पर बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू रहेगी और किसी भी तरह की अनियमितता, हंगामा या अनुचित व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी अधिकारियों और कर्मियों को अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी और सतर्कता से निभाने का निर्देश दिया गया है।

## सुबह सात बजे से मतदान होगा शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)।** नवादा विधानसभा आम चुनाव 2025 को लेकर प्रशासनिक व्यवस्था चुस्त दुरुस्त कर लिया गया है। विधानसभा चुनाव 11 नवम्बर को है। सुबह सात बजे से मतदान शुरु होगा, जो छह बजे शाम तक मतदान होना है। सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ सोनिया ढनढननिया ने कहा नारदीगंज प्रखंड में 118 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जहां 93 हजार 117 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव को लेकर आदर्श मतदान केंद्र, पर्दानशी मतदान केंद्र, पिंक मतदान केंद्र के अलावा दिव्यांग मतदान केंद्र भी बनाये गए हैं। इसके अलावा पर्दानशी के लिए 31 मतदान केंद्र बनाये गए हैं। जहां



पर्दानशी मतदाताओं की पहचान के लिए आंगनबाड़ी सेविका और महिला शिक्षकों को 31 मतदान केंद्रों पर प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी मतदान केंद्रों पर भौतिक सुविधाओं को उपलब्ध करा दिया गया है। मतदान केंद्रों पर सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया है। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट के चालकों को राशि भी उपलब्ध करा दी गई है। सभी पोलिंग पार्टी इवीएम मशीन समेत अन्य सामग्री के साथ मतदान केंद्रों पर रवाना हो गए हैं।

## दून पब्लिक स्कूल के छात्रों ने रंगोली बनाकर लोगों को किया जागरूक

**नवादा/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार विधानसभा 2025 के तहत 11 नवंबर को जिले में मतदान होना है। इसी क्रम में मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु दून पब्लिक स्कूल नवादा तथा बड़ैल की ओर से एक भव्य रंगोली का निर्माण कराया गया। इस रंगोली का निर्माण का कार्य दून पब्लिक स्कूल के बच्चों सिमरन, श्रुति, माही, तनीषा, शिवानी, सुमन, अनु, रागिनी, ब्यूटी, निशा, विधि, अंजलि तथा शिक्षिका अंजलि मिस और पूजा मैम ने मिलकर किया। सभी ने मिलकर एक से एक रंगोली तथा पोस्टर बनाई। स्कूल के प्रमुख रूपक कुमार ने बताया कि रंगोली बनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को मतदान के लिए जागरूक करना है। साथ ही साथ रूपक जी ने यह भी अपील किए है कि वह अपना मताधिकार का प्रयोग अवश्य करे और लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे। मौके पर नवादा जिला निर्वाचन आईकॉन राहुल वर्मा भी मौजूद थे। उन्होंने भी बच्चों के साथ मतदान करने के लिए अपील किया गया।

## बिहारशरीफ में सफाई व्यवस्था को लेकर नगर निगम सख्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** सोमवार को नगर आयुक्त के निर्देश पर बिहारशरीफ नगर निगम कार्यालय में सफाई कार्य में संलग्न वाहनों के चालकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता नगर प्रबंधक द्वारा की गई, जिसमें शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में सभी वाहन चालकों को साफ-सफाई और संचालन से संबंधित निम्न निर्देश स्पष्ट रूप से दिए गए चालक अपने-अपने वाहनों की समय-समय पर धुलाई एवं सर्विसिंग सुनिश्चित करेंगे, ताकि किसी प्रकार की तकनीकी समस्या के कारण सफाई व्यवस्था प्रभावित न हो। नगर निगम क्षेत्रांतर्गत मुख्य सड़कों और महत्वपूर्ण स्थानों पर किसी भी स्थिति में कचरा जमा न रहे, इसका विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया गया। वाहन चालकों को शहर के अंदर वाहन को निर्धारित मानक गति से चलाने को कहा गया, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे। कचरा संग्रह के दौरान कचरा गाड़ियों को त्रिपाल से ढककर चलाने का सख्त निर्देश दिया गया, ताकि कचरा सड़कों पर न गिरे और स्वच्छता पर असर न पड़े। किसी भी स्थिति में वाहन को हेल्पर या अन्य व्यक्ति से चलाने की अनुमति नहीं होगी। उल्लंघन की स्थिति में प्रशासनिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई। नगर निगम ने स्पष्ट किया कि शहर की सफाई और स्वच्छता केवल एक व्यवस्था नहीं, बल्कि नागरिकों की सुविधा और स्वास्थ्य से जुड़ा दायित्व है। इसलिए सभी चालक अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करें।

## नवादा शहर के जर्जर भवन में बनाए गए मतदान केंद्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन एवं अन्य अधिकारियों द्वारा काफी दिन पहले से तैयारी की जा रही है। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा बूथों का भी भौतिक सत्यापन किया गया। परंतु, नवादा शहर के ही हाट पर स्थित पांच मतदान केंद्र को एक ऐसे जर्जर भवन में बनाया गया है, जो कभी भी हादसे का शबब बन सकता है । टूटी छत और दिखते छड़, जो कभी भी हादसे हो सकते हैं। यहां मतदान केंद्र बनाए जाने से मतदान कर्मी भयभीत नजर आ रहे हैं। पुराने हाटपर स्थित जर्जर



भवन में पांच मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें दो मतदान केंद्र ऐसे जर्जर छत के नीचे हैं जो कभी भी टूट कर गिर सकता है। यहां ड्यूटी पर मतदान करने आए कर्मी इसे देखकर खुद भयभीत है। कुछ बोलने के बजाय चुप रहना ही बेहतर समझते हैं। यहां शौचालय की व्यवस्था नहीं होने से महिला मतदान कर्मियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे तो निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा इस मतदान केंद्र स्थल पर टेंट कनात लगाए गए हैं। साफ सफाई किया गया है। परंतु जर्जर भवन को देखकर ही सारे लोग ससंकित है। इस संबंध में जब जिलाधिकारी रवि प्रकाश से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जल्द ही इसे दूसरे स्थल पर शिफ्ट करने या जर्जर भवन से हटाकर दूसरे जगह पर कर दिया जाएगा ताकि कोई समस्या और हादसा नहीं हो पाए।

## रामपुर में मतदाता जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)।** विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से सोमवार को प्राथमिक विद्यालय रामपुर व प्राथमिक विद्यालय सीतारामपुर में मतदाता जागरुकता अभियान कार्यक्रम चलाया गया। यह कार्यक्रम डीएम के निर्देशानुसार जिला आइकन (निर्वाचन) राहुल वर्मा व उनके सहयोगी ने उपस्थित लोगों को वोट की महत्ता व अधिकर के बारें में जानकारी दी। वे 11 नवम्बर 2025 को होने वाले विधानसभा चुनाव में वोट देने के लिए जागरुक किया। जिला आइकन (निर्वाचन) राहुल वर्मा ने कहा लोकतंत्र में मतदान का बहुत बड़ा महत्व है। देश का नागरिक का कर्तव्य व अधिकार है कि अपना बहुमूल्य वोट एक अच्छे उम्मीदवार को अवश्य दें। मतदान केंद्र पर जाय। और आसपास के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इस वोट की प्रतिशत को बढ़ाने में आप सभी की सहभागिता आवश्यक है। तो आप वोट दे सकते हैं। एक वोट छुट्टे नहीं। अपने घर मुहल्ले के लोगों को वोट डालने के लिए जागरूक करें। 18 वर्ष पूरी कर लेने वाले नए मतदाता हैं। जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो चुका है। उन्हें मतदान करने का अधिकार प्राप्त हो गया है। मौके पर बीएलओ बिनोद कुमार,प्रभारी कांति कुमारी समेत अन्य शिक्षक व छात्र छात्राएं शामिल हुए।

## कचरा फेंकने का स्थल नहीं होने से नहीं हो रहा कचरा उठाव




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** नवादा शहर में इन दिनों कई जगहों पर कचरो का अंबार लग गया है । कचरों का उठाव नहीं होने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है । कई कचरा डंपिंग स्थल पर कचरा डंप तो किया जा रहे हैं परंतु उसका उठाव पिछले 48 घंटे से नहीं होने के कारण वहां सड़ांध और बदबू उत्पन्न हो गई है। स्थानीय लोगों के साथ साथ उस रास्ते से गुजरने वाले लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मेन रोड पुरानी बाजार मोड़ व कलाली रोड खाना खजाना के पास स्थिति गम्भीर बनी हुई है। बताया जाता है कि कचरा डंप स्थल पर डंप करने का लोगों द्वारा विरोध किए जाने की स्थिति में यह समस्या उत्पन्न हुई है । नवादा नगर परिषद के मुख्य पार्षद पिंकी कुमारी के पति व प्रतिनिधि संजय साव ने कहा कि कचरो का उठाव के बाद जहां इसे फेंका जाता है उसे स्थल पर कुछ लोगों द्वारा विरोध किया जा रहा है। जिसके कारण कचड़ों का उठाव नहीं हो रहा है । कचरो का उठाव होने के बाद इस निर्धारित जगह पर नहीं डिस्पोज किया जा सकता , इसके कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है । चुनाव में पुलिस बल लगाए गए हैं जिससे आगे की कार्रवाई नहीं हो पा रही है। चुनाव खत्म होने के बाद ही पुलिस बल की मौजूदगी में ऐसे लोगों के विरोध को खत्म करते हुए कचरा फेंकने और उठाने का कार्य फिर से शुरू किया जाएगा । जबकि सफाई एजेंसी के मैनेजर कौशल तिवारी ने कहा कि कचरो का उठाव नहीं हो पा रहा है, जल्द ही इसका उठाव कर समस्या का समाधान किया जाएगा।

## कौआकोल में मतदान की सारी तैयारियां पूरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** बिहार विधान सभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में मंगलवार को कौआकोल प्रखण्ड में होने वाले चुनाव को लेकर प्रशासनिक स्तर पर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सभी बूथों पर मतदान कर्मियों का दल अर्द्धसैनिक बलों के जवानों एवं अन्य पुलिस बलों के साथ पहुंच गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार कौआकोल में मतदाताओं को मतदान करने के लिए 149 बूथ बनाये गये हैं। जिसमें संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील समेत सभी बूथों पर सुरक्षा के पुख्ता व कड़ी इंतजाम किए गए हैं। प्रशासन के अनुसार इस बार स्वच्छ,भयमुक्त व निष्पक्ष मतदान को लेकर कौआकोल की सभी नक्सल ग्रस्त व संवेदनशील तथा अतिसंवेदनशील बूथों पर अर्द्धसैनिक बल तैनात रहेंगे। इसके लिए एसएसबी, बीएसएफ, सीआरपीएफ तथा आइटीबीपी पुलिस बलों की कई कम्पनियों को सभी बूथों पर सुरक्षा,भयमुक्त व शांतिपूर्ण मतदान के लिए तैनात गया है। वहीं शांतिपूर्ण व भयमुक्त मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराने को लेकर प्रखंड के सभी बूथों को 3 जोन के दायरे में रखा गया है। जिसके लिए 14 सेक्टर बनाए गये हैं तथा सभी सेक्टरों में अलग अलग सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किये गए हैं। जबकि गश्ती दल सह संग्रहण मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गई है। जो लगातार क्षेत्र के विभिन्न बूथों का गश्ती करते रहेंगे।

✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात



मतदान सामग्री लेकर बूथों की ओर जाती महिला कर्मी

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 164 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 11 नवम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

## दालान में सोए बुजुर्ग की लोहे के रॉड से पीट-पीट कर हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए आज 11 नवंबर को दूसरे चरण का मतदान होना है। ऐसे में अचार संहिता के बीच हिंसा और हत्या के मामले लगातार सामने आ रहे है। चुस्त दुरुस्त प्रशासनिक व्यवस्था के बीच रोहतास जिले के अकोढी गोला इलाके में बेखौफ बदमाशों ने दालान में सोए 65 वर्षीय बुजुर्ग की लोहे के रॉड से पीट पीट का मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भजे पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। इधर गांव में 65 वर्षीय बुजुर्ग की निर्मम हत्या से लोगों में आक्रोश है तथा हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लोग अड़े हुए हैं। इस वारदात में लोहे के रॉड तथा धारदार हथियार का उपयोग किए जाने का भी आरोप लगाया गया है। मारपीट का आरोप गांव के ही चार युवकों पर लगा है। एसपी रौशन कुमार ने बताया कि घटना में अब तक मिली जानकारी के अनुसार आपसी रंजिश में इस वारदात को अंजाम दिया गया है। बीती रात ग्राम तेंदुआ कला के सिपाही पासवान के दालान पर बैठने के उपरांत दोनों के बीच बाद विवाद में फैट मुक्के से मारपीट मारपीट करने वाला युवक विमलेश कुमार पिता रामसेवक राम को गिरफ्तार कर लिया गया है वहीं अन्य के खिलाफ छापेमारी जारी है। हत्याकांड का मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## नीतीश कुमार के हाथ में है बिहार की राजनीति में सत्ता की कुंजी : सुमित कुमार सिंह

- विनय कुमार

**चकाई।** बिहार के विज्ञान एवं प्राद्योगिकी मंत्री और चकाई विधानसभा क्षेत्र में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के उम्मीदवार सुमित कुमार सिंह ने कहा कि प्रदेश की राजनीति में नीतीश कुमार ही सत्ता की कुंजी हैं और उनके बगैर कोई गठबंधन जीत की गारंटी नहीं देता है। श्री सिंह ने आज बातचीत में कहा कि पहले चरण में हुई रिकॉर्ड वोटिंग और उसमें महिलाओं की जबरदस्त भागीदारी साफ संकेत देती है कि सत्ता के केंद्र में नीतीश कुमार ही हैं। उन्होंने कहा कि किसी जमाने में घर से बाहर नहीं निकलने वाली महिलाओं ने प्रदेश में शिक्षा और सामाजिक समरसता दोनों में पुरुषों को पीछे धकेलना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि बिहार में महिलाओं का सशक्तिकरण पूरी तरह से नीतीश कुमार का 'ब्रेन चाइल्ड' है। कहा कि सत्ता में आते ही श्री कुमार ने जीविका समूहों की शुरुआत कर दी थी। उसके बाद निकाय और नौकरियों में महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान किया। साइकिल और पोशाक देकर बच्चियों को स्कूल भेज दिया। उन्होंने कहा कि श्री कुमार ने महिला सशक्तिकरण की जो फसल उगाई, वह अब उपजाऊ हो गयी है। साइकिल पर स्कूल जाने वाली छोटी बच्चियां बड़ी होकर वोटर बन गयी हैं, जिसका प्रभाव 06 नवंबर को हुए पहले चरण के मतदान में दिखा। इस बार महिलाओं की भागीदारी पुरुषों के मुकाबले बढ़ गयी है, जो नीतीश कुमार की लोकप्रियता को दर्शाती है। बिहार सरकार के मंत्री श्री सिंह ने बिहार



विधानसभा चुनाव की संभावनाओं पर कहा कि इस बार की लड़ाई विकास बनाम जंगलराज के बीच है। जनता ने नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार को बदलते देखा है और प्रदेश के समझदार मतदाता फिर से बिहार को अंधकार में धकेलने का जोखिम नही लेंगे। उन्होंने कहा कि द्वितीय और अंतिम चरण के मतदान में 11 नवंबर को एनडीए गठबंधन को बड़ी सफलता मिलेगी। श्री सिंह से जब पूछा गया कि नीतीश कुमार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करने में क्यों परहेज कर रही है तो उन्होंने जवाब में कहा कि श्री कुमार के नेतृत्व में ही चुनाव में उतरे हैं और कोई संभावना नहीं है कि उनके रहते कोई दूसरा मुख्यमंत्री बने। भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने तारापुर की अपनी जनसभा में कहा कि वर्तमान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को और बड़ा दायित्व दिया जा सकता है तो क्या उन्हें मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में देखा जा रहा है। इसके जवाब में श्री सिंह ने कहा कि अमित शाह एक बड़े नेता हैं और उनकी कही बात पर वह कोई टिप्पणी नही करना चाहते हैं लेकिन इतना तय है कि श्री कुमार की कुर्सी को कोई खतरा नहीं है। जनकल्याण से जुड़ी महागठबंधन की बड़ी-बड़ी घोषणाओं पर मंत्री ने कहा कि ऐसी घोषणाओं का सच्चाई से कोई लेना देना नहीं है और जनता में भ्रम फैलाने के लिए इन्हें प्रचारित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार एक ईमानदार और कर्मठ नेता हैं। उनका बिहार के नवनिर्माण में बहुत योगदान है और इस बार जनता उनके ही नाम पर एनडीए के पक्ष में बहुमत के लिए मतदान कर रही है। उन्होंने कहा कि चकाई सहित जमुई जिले की सभी सीटों पर एनडीए के प्रत्याशियों की जीत तय है।

## संक्षिप्त समाचार

### वीडियो कॉल के बाद शिक्षिका ने दी जान

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पटना में शिक्षिका की मौत के बाद सभी हैरान हैं। शिक्षिका का शव एएनएम ट्रेनिंग स्कूल के पहले मंजिल के कमरे से पंखा से लटका मिला है। पुलिस ने प्रथम दृष्यटा आत्महत्या की पुष्टि की है। कमरे से मृतका का फोन बरामद किया गया है, जिससे कई खुलासे हो सकते हैं। घटना शहर के शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह की है। मृतका की पहचान समस्तीपुर जिले के मुसरीघरारी थाना क्षेत्र ताजपुर निवासी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मृतका 2 साल से इगख्र ट्रेनिंग स्कूल में शिक्षिका के रूप में कार्यरत थी।

### कर्नाटक पुलिस के जवान की हार्ट अटैक से मौत

**भभुआ(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की ड्यूटी में कैमूर जिले के रामगढ़ पहुंचे कर्नाटक पुलिस के हेड कांस्टेबल राजकुमार की सोमवार सुबह हार्ट अटैक से मौत हो गई। यह दुखद घटना रामगढ़ हाईस्कूल परिसर में उस समय हुई जब साथी जवान उन्हें जगाने गए। कर्नाटक पुलिस की पूरी टीम रामगढ़ हाईस्कूल में ठहरी थी। सुबह जब साथी जवान राजकुमार को जगाने पहुंचे तो वे बेहोश मिले। आनन-फानन में उन्हें रामगढ़ रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। रामगढ़ बीडीओ जितेंद्र कुमार ने हार्ट अटैक से मौत की पुष्टि की है।

### भतीजे ने चाचा की गोली मारकर की हत्या

**बिहारशरीफ (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान से ठीक पहले नालंदा में खूनी खेल देखने को मिला है। जमीन विवाद में एक शख्स को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है। वारदात जिले की हरनौत थाना क्षेत्र के फलहनवा गांव की है। मृतक की पहचान फलहनवा गांव निवासी धुरी सिंह के 48 वर्षीय बेटे चंद्रदीप यादव के रूप में की गई है। पीड़ित परिवार का कहना है कि घटना उस वक्त हुई, जब चंद्रदीप प्रसाद धान की फसल काटकर खलिहान में पुंज लगा रहे थे। इसी दौरान भूमि विवाद को लेकर उनके गोतिया पक्ष के लोगों से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने गोलीबारी शुरू कर दी।

# दिल्ली में लाल किला के पास कार में जोरदार धमाका, आठ लोगों की मौत, 24 घायल

### बिहार, मुंबई, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट जारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली स्थित लाल किले के पास कार में जोरदार धमाका हुआ है। इस धमाके में आठ लोगों की मौत हो गई है जबकि 24 लोग घायल बताये जाते हैं। धमाके की वजह साफ नहीं है लेकिन इसके बाद दिल्ली समेत बिहार, मुंबई, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक सोमवार शाम 6.55 बजे फोर्ट मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 की पार्किंग में खड़ी एक इको कार में धमाका हुआ। आग इतनी तेजी से फैली कि आसपास खड़ी तीन और गाड़ियां जल गईं। घटना के बाद पुलिस ने इलाके को घेर लिया है। फॉरेंसिक टीम पहुंच गई है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। वहीं एनआइए और एनएसजी भी घटनास्थल पर पहुंच गयी है। गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली पुलिस कमिश्नर ने बात की। डिप्टी चीफ फायर ऑफिसर एके मलिक ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि चांदनी चौक मेट्रो स्टेशन के पास एक



कार में विस्फोट हुआ है। उन्होंने तुरंत सात यूनिट मौके पर भेजी। शाम 7:29 बजे आग पर काबू पा लिया गया। इसमें लोगों के हताहत होने की आशंका है। उनकी सभी टीमें मौके पर मौजूद हैं। वहीं लोक नायक जय प्रकाश नारायण (एलएनजेपी) अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक ने बताया लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 1 के पास विस्फोट के 15 लोगों को लोक नायक अस्पताल लाया गया है। उनमें से आठ की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। तीन गंभीर रूप से घायल हैं। एक की हालत स्थिर है। मेट्रो स्टेशन के पास एक दुकानदार ने बताया कि उन्होंने अपनी जिंदगी में इतना जोरदार धमाका कभी नहीं सुना। दिल्ली में लाल किले के बाहर हुए धमाके के बाद पुलिस मुख्यालय ने बिहार के सभी जिलों में भी ऐहतियातन सुरक्षा अलर्ट जारी किया है। खासकर नेपाल और अन्य राज्यों से लगने वाली सीमा पर चौकसी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। पटना मेट्रो के साथ एयरपोर्ट की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। अपर पुलिस महानिदेशक पंकज कुमार दराद ने बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर पहले से ही सभी जिलों में अलर्ट और अतिरिक्त पुलिस बल तैनात हैं। दिल्ली में हुए धमाके के बाद अतिरिक्त सावधानी बरतने और निगरानी सख्त करने का निर्देश दिया गया है। सभी जिलों के एसपी को धार्मिक स्थलों, पर्यटन केंद्रों, रेलवे स्टेशन, बस पड़ाव, प्रमुख बाजार आदि की निगरानी बढ़ाने को कहा गया है। वहीं उत्तर प्रदेश को अलर्ट पर रखा गया है। उत्तर प्रदेश के एडीजी (कानून-व्यवस्था) अमिताभ यश ने बताया कि डीजीपी ने राज्य के सभी वरिष्ठ अधिकारियों को संवेदनशील धार्मिक स्थलों, संवेदनशील जिलों और सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। सभी सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश के सभी जिलों की पुलिस को अलर्ट पर रखा गया है। लखनऊ से आदेश जारी कर संवेदनशील इलाकों में गश्त और जांच बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

## भ्रम फैला रहे महागठबंधन के नेता : विजय चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान से एक दिन पहले जहां तेजस्वी यादव ने प्रेस वार्ता कर कई तरह के आरोप लगाए। वहीं जदयू की तरफ से नीतीश कुमार ने भी अपने मंत्रियों को मैदान में उतारा। मंत्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री श्रवण कुमार और प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने प्रेस वार्ता कर वोट चोरी जैसे मुद्दे को उठाने और महिलाओं को दस हजार देने को लेकर भ्रम फैलाने पर महागठबंधन के नेताओं पर निशाना साधा। जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री रोजगार योजना के तहत बिहार के प्रत्येक परिवार की एक महिला सदस्य को 10 हजार की राशि दी गई है। यह राशि रोजगार के लिए दी गई है। सहायता योजना के तहत यह राशि सरकार ने दी है और अब जीविका के माध्यम से राशि दी जा रही है। इसे वापस लेने का सवाल ही नहीं है। विजय चौधरी ने यह भी कहा कि एसआईआर और वोट चोरी को लेकर पिछले 6 महीना से बिहार में जिस तरह से माहौल बनाया गया लेकिन यह समझा नहीं पाए कि वोट चोरी कहां हुआ, किसका हुआ। वोट चोरी का कहीं कोई मामला बिहार में है ही नहीं लेकिन हिटलर के वंशज की तरह बार-बार एक



ही बात को बोल रहे हैं जिससे वह सच हो जाए। उन्होंने कहा कि एक नेता जो प्रधानमंत्री पद के दावेदार हैं और दूसरे नेता जो यहां मुख्यमंत्री बनने के लिए तैयार बैठे हैं, किस तरह से एसआईआर मतलब वोट चोरी का भ्रम फैला रहे हैं। खासकर अल्पसंख्यक में तो यह लगातार संदेश देने की कोशिश की कि एसआईआर का मतलब उनका वोटर लिस्ट से नाम काटना तय है। तेजस्वी यादव की ओर से 18 नवंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ लिए जाने के सवाल पर मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि राज्यपाल जो शपथ दिलाएंगे वह सिर्फ एनडीए के नीतीश कुमार होंगे। वैसे शपथ तो कोई भी ले सकता है। कांग्रेस वाले राजद को और राजद वाले कांग्रेस को शपथ दिलवा देंगे।

## सम्राट चौधरी को अयोग्य ठहराने की मांग वाली याचिका खारिज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सुप्रीम कोर्ट ने डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को चुनाव में अयोग्य ठहराने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया है। यह याचिका हैदराबाद के एक निवासी ने दायर की गई थी। मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट की दो बेंचों ने की और अदालत ने स्पष्ट कहा कि न्यायालय का समय बर्बाद न करें। याचिका में कहा गया था कि सम्राट चौधरी ने उम्मीदवार के तौर पर गलत डेट ऑफ बर्थ और उम्र के साथ कई हलफनामे दायर किए, जिनमें 1995 में आपराधिक कार्यवाही के लिए 15 साल का नाबालिग होने का दावा करना, जबकि 1999 के चुनाव के लिए 25 साल से अधिक उम्र का दावा करना और बाद में 2020 और 2025 के चुनावी हलफनामों में गलत उम्र बताया गया। याचिका में उनका नामांकन रद्द



करने, एफआइआर दर्ज करने और निर्वाचन आयोग को जांच के निर्देश देने की मांग की गई थी। भाजपा का कहना है कि यह याचिका राजनीतिक लाभ के उद्देश्य से दायर की गई थी जिसे अदालत ने सिरे से खारिज कर दिया। साथ ही याचिकाकर्ता को अपना आरोप पत्र भी वापस लेना पड़ा।

## घर की छत गिरने से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जिले के दानापुर दियारा अंतर्गत अकीलपुर थाना क्षेत्र के मानस पंचायत स्थित मानस नया पानापुर गांव में घर की छत गिरने से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि घर के सभी लोग सो रहे थे तभी अचानक छत भरभरा कर गिर गई। इसमें तीन बच्चे समेत पांच लोगों की मौत हो गई। इधर छत गिरने की आवाज सुनते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद शवों को बाहर निकाल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मरने वालों की पहचान बबलू (36) उसकी पत्नी रोशन खातून (32), बेटी रुखसार (12), चांदनी (2) और बेटे चांद (10) के रूप में हुई। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। उनका कहना है कि रोजाना की तरह पूरा परिवार खाना



मृतकों का फाइल फोटो

खाकर सो रहा था, इसी दौरान यह घटना हुई। हादसा इतना भीषण था कि परिवार के सभी पांचों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इधर स्थानीय लोगों कहना है कि कुछ साल पहले ही बबलू को यह मकान आवास योजना के तहत मिला था। किसी को अंदाजा नहीं था कि यह मकान इतना कमजोर होगा। बबलू आर्थिक तंगी के कारण मकान की मरम्मत नहीं करवा पा रहा था। लोगों ने प्रशासन से अपील है कि वह इस मामले को गंभीरता से ले और पूरी घटना की जांच करे। वहीं पुलिस का कहना है कि हादसे की जांच की जा रही है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### सीएम नीतीश ने जतायी संवेदना

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दानापुर अंतर्गत दियारा के अकिलपुर थाना क्षेत्र के मानस नया पानापुर 42 पट्टी गांव में एक मकान की छत गिर जाने से गृहस्वामी समेत एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत से मर्माहत हैं। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह घटना काफी दुःखद है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## दूसरे चरण में नौ मंत्रियों समेत 1302 उम्मीदवारों की प्रतिष्ठा दांव पर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान आज मंगलवार 11 नवंबर को होगा। इस चरण में कुल 20 जिलों की 122 सीटों पर वोटिंग संपन्न होगी। इस चरण में 1302 उम्मीदवार मैदान में हैं जिनमें 9 वर्तमान मंत्री और 15 पूर्व मंत्री शामिल हैं। इस चरण की कई सीटें बेहद दिलचस्प बन चुकी हैं क्योंकि कई राजनीतिक दिग्गजों की साख यहां दांव पर लगी है। रोचक तथ्य यह भी है कि 5 सीट ऐसी है जहां महागठबंधन के दल आपस में फ्रेंडली फाइट कर रहे हैं। दूसरे चरण में कई दिग्गज नेताओं के परिवार भी मैदान में हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने अपनी पत्नी स्नेहलता को सासाराम से चुनावी मैदान में उतारा है। वहीं केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी की बहू दीपा मांझी इमामगंज सीट से चुनाव लड़ रही हैं। बाराचट्टी सीट से पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी की समधन वर्तमान एमएलए ज्योति देवी मैदान में हैं। इन दोनों सीटों पर प्रतिष्ठा का सवाल नेताओं के लिए बड़ा मुद्दा बन गया है। दूसरे चरण में कुल 45399 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें सात बूथ अति संवेदनशील घोषित किए गए हैं, जहां दोपहर 3:00 बजे तक ही मतदान होगा। 554 बूथों पर वोटिंग शाम 4:00 बजे तक और 106 बूथ पर शाम 5:00 बजे तक होगी। बाकी सभी बूथों पर शाम 6:00 बजे तक मतदान संपन्न होगा। प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष बंदोबस्त किए हैं। दूसरे चरण में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कैबिनेट के नौ मंत्री भी चुनावी मैदान में हैं। सुपौल से बिजेंद्र प्रसाद यादव, चकाई से सुमित कुमार सिंह, चैनपुर से जमा खान, धमदाहा से लेशी सिंह, हरसिद्धि से कृष्ण नंदन पासवान, बेतिया से रेणु देवी, छतरपुर से नीरज कुमार बबलू, झंझारपुर से नीतीश मिश्रा, गया से प्रेम कुमार, फुलपरास से शीला मंडल, सिकटी से विजय मंडल और अमरपुर से जयंत राज अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इन सभी के लिए यह चरण बेहद अहम है क्योंकि इनमें से कई मंत्रियों को एंटी इनकंबेंसी का सामना भी करना पड़ रहा है। महागठबंधन की ओर से भी कई बड़े चेहरे दूसरे चरण में अपनी प्रतिष्ठा दांव पर लगाए हुए हैं। राजद से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम, कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान और माले विधायक दल के नेता महबूब आलम इस चरण में चुनावी मैदान में हैं। इन सीटों पर महागठबंधन की रणनीति पर सबकी नजरें टिकी हैं। रोहतास जिले की करगहर सीट इस बार सबसे चर्चित सीटों में शामिल है। जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर का गांव इसी इलाके में आता है, इसलिए इस सीट पर सभी की निगाहें टिकी हैं। जन सुराज पार्टी ने यहां से भोजपुरी गायक रितेश पांडे को टिकट दिया है। कांग्रेस के टिकट पर वर्तमान विधायक संतोष मिश्रा दोबारा मैदान में हैं। सीपीआई ने भी यहां अपना उम्मीदवार उतारा है जिससे मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। वहीं नरकटियागंज, चैनपुर, करगहर, कहलगांव, सुल्तानगंज और जमुई (सिकंदरा) सीटों पर भी इस बार कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। यहां त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा है क्योंकि महागठबंधन के दल आपस में फ्रेंडली फाइट कर रहे हैं।

## चुनाव में नकदी वितरण के आरोप में छह लाख रुपये जब्त, पांच गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** विधानसभा चुनाव को प्रभावित करने के लिए पैसा बांटने की सूचना पर पुलिस व वशेष उड़न दस्ता टीम ने सोमवार को ताबड़तोड़ छापेमारी की। इस दौरान शहर से पांच लोग हिरासत में लिए गए हैं। कुल 6.11 लाख कैश जब्त किया गया है। सदर वन के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि छतौनी थाना क्षेत्र के छोटा बरियारपुर स्थित हरि सिंह के मकान से तीन लाख 11 हजार रुपये, वार्ड के कुछ मतदाताओं का नाम पता, सेलफोन व इपिक नंबर लिखे कागजात व वोटर लिस्ट जब्त किया गया। वहीं चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। मौके से हरि सिंह, मोहम्मद कलीमुल्लाह, शांतिपुरी निवासी लक्ष्मी प्रसाद, बड़ा बरियारपुर निवासी प्रमोद कुमार पकड़े गए। सभी से पूछताछ की जा रही है। दूसरी छापेमारी उड़न दस्ता की टीम व नगर थाना की पुलिस ने शहर नकछेद टोला मोहल्ला में स्थित शबा खान के घर पर राजद प्रत्याशी के पक्ष में पैसा का वितरण करने की सूचना पर छापेमारी की। इस दौरान मौके से शब्बा को तीन लाख कैश के साथ पकड़ा गया। जांच के दौरान रुपये लिफाफ़े में रखे गए थे। रुपयों के साथ राजद का स्टीकर भी लिफाफ़े में रखा गया था।

CMYK

संपादकीय

## क्या विपक्ष की राजनीति और तथ्यों के बीच बड़ा फर्क है?

बिहार विधानसभा चुनाव का बिगुल बजने के बाद से ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बार-बार चुनाव-प्रक्रिया खासतौर पर वोटर लिस्ट में कथित गड़बड़ी की बातें उठाई। समय-समय पर उन्होंने ईवीएम, वोटर लिस्ट और विशेष रूप से बिहार में हुई स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को निशाना बनाया। जैसे-जैसे मतदान करीब आया, उनकी बहस में तारतम्यता और कार्रवाई का अभाव दिखा। सवाल उठता है कि अपने दावों को साबित करने का कानूनी प्रक्रियागत रास्ता वो क्यों नहीं अपना पा रहे? क्या उनकी राजनीति और तथ्यों के बीच बड़ा फर्क है? इन सवालों का जवाब जानने के लिए सबसे पहले टाइमलाइन पर नजर डालनी चाहिए। राहुल गांधी ने इस साल अगस्त में बिहार में ' वोट अधिकार यात्रा शुरू की और एसआईआर के खिलाफ आवाज़ उठाई। यह यात्रा और तीखी बयानबाज़ी प्रदेश की वोटिंग मशीनरी पर शक की लहर पैदा करने के इरादे से की गई नज़र आती है। तथ्यों की मांग लोकतंत्र में जायज़ है लेकिन सवाल यह है कि जबएसआईआर या अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित हुई, तब क्यों किसी औपचारिक शिकायत या अपील का सहारा नहीं लिया गया? प्रक्रिया के दौरान मौजूद वैधानिक विकल्पों का प्रयोग न करना वादे की साख पर असर डालता है। दूसरा बिंदु हरियाणा वाले दावे का है। हाल के दिनों में राहुल ने हरियाणा चुनावों को लेकर भी कथित 'वोट चोरी' जैसी दलीलें पेश कीं। चुनाव आयोग और अन्य स्रोतों ने इस तरह के दावे पर सवाल उठाए और यह स्पष्ट किया कि हरियाणा की अंतिम चुनावी सूची के खिलाफ कोई औपचारिक अपील दायर नहीं की गई थी जबकि अपील दायर करना और प्रक्रिया के तहत प्रमाण पेश करना कानूनी तौर पर ऐसा रास्ता है जिसके जरिए किसी भी विवाद का निपटारा हो सकता है। यही कारण है कि आयोग और तटस्थ विश्लेषक पूछ रहे हैं कि अगर दावा इतना ठोस है तो पार्टी या उसके एजेंटों ने क्यों कानूनी/प्रक्रियागत कदम नहीं उठाए? तीसरी बात मतदान एजेंटों द्वारा और बूथ लेवल पर उठने वाली आपत्तियों को नजरअंदाज़ नहीं किया जा सकता। मतदान के दिन किसी मतदाता की पहचान पर संदेह होने पर मतदान-एजेंट और प्रेसीडिंग ऑफिसर के पास निर्धारित फॉर्म व प्रक्रियाएं हैं जिनके तहत आपत्ति दर्ज की जा सकती है। चुनाव आयोग के हैंडबुक और नियमों के अनुसार, हर प्रत्याशी अपने मतदान केंद्र पर मतदान एजेंट नियुक्त करता है। ये एजेंट मतदान प्रक्रिया के दौरान किसी भी अनियमितता या संदिग्ध मतदाता की पहचान पर तुरंत आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। यदि किसी मतदाता के नाम, पहचान या पात्रता पर संदेह हो, तो एजेंट को प्रेसीडिंग ऑफिसर के समक्ष इसे लिखित रूप में दर्ज कराना होता है। यह लिखित रिकॉर्ड जैसे कि फॉर्म-17ए, निरीक्षण-रजिस्टर या प्रेसीडिंग ऑफिसर की डायरी बाद में कानूनी समीक्षा या न्यायिक जांच के दौरान सबूत के रूप में प्रयोग किया जाता है। इसलिए यदि किसी चुनाव में ऐसी स्टैंडर्ड प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया गया यानी एजेंटों ने मौके पर आपत्तियां दर्ज नहीं कीं या लिखित रिकॉर्ड नहीं बनवाया तो बाद में किए गए आरोप या कानूनी दावों का क्या मतलब है? अब बात करते हैं एसआईआर की। का मकसद है केवल उन मतदाताओं का सही रिकॉर्ड सुनिश्चित करना जिनका स्थान-स्थानांतरण, मृत्यु या अन्य कारणों से रोल से हटना चाहिए या नए नाम जोड़ना चाहिए। तमाम विश्लेषण और आयोग के बयान बताते हैं किएसआईआर को लेकर जितनी राजनीतिक बयानबाजी की गई उसकी तुलना में आपत्तियां नहीं आईं। राजनीतिक तर्क चलाना सर्वथा सम्भव है पर तथ्य-आधारित कानूनी चुनौती तब ही प्रभावी होगी जब उस प्रक्रिया के दौरान या तुरन्त बाद प्रमाण के साथ अपील की जाती। केवल मंचों पर आरोप लगाने से लोकतांत्रिक वैधानिक प्रक्रिया पर दबाव बनाने कि कोशिश तो की जा सकती है लेकिन निर्णय-परिणाम बदलना असंभव है।

# श्रीकाकुलम हादसे से क्या हमने कुछ सीखा?

**आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले में वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में बीते दिनों भगदड़ में दस श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई और कई लोग घायल हो गए। जैसा कि अब तक होता आया है, सभी बड़े नेताओं और राजनीतिक दलों ने दुर्घटना पर शोक संवेदना जताते हुए इस घटना की जांच कराने की मांग की। उधर, स्थानीय पुलिस और प्रशासन दुर्घटना की जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए दिखाई देते रहे। प्रशासन ने मंदिर प्रबंधन द्वारा दर्शन व्यवस्था की पूर्व सूचना न देने से सुरक्षा व्यवस्था न हो पाने की बात कही। मुख्य रूप से दर्शनार्थियों की अनुमान से अधिक भीड़ जुटने, मंदिर का प्रवेश-निकास द्वार एक ही होने और व्यवस्था के लिए लगे अवरोधक गिरने से भगदड़ मचने की बात कही गई। वहीं प्रवेश और निकास द्वार संकरा बताया गया। बहरहाल, यह पहला अवसर नहीं है जब किसी धार्मिक स्थल पर भगदड़ मची हो और श्रद्धालुओं की जान गई हो। ऐसी दुर्घटनाओं का सिलसिला बरसों से जारी है।**

**योगेंद्र माथुर**

हाल के वर्षों में कई दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें सैकड़ों श्रद्धालुओं की मौत हो गई। इसी वर्ष उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, गोवा, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक और मध्यप्रदेश के विभिन्न शहरों में हुए आयोजनों में ऐसी लगभग एक दर्जन दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। अकेले आंध्रप्रदेश में ही धार्मिक स्थलों पर भगदड़ की इस वर्ष यह तीसरी दुर्घटना है। मगर इन दुर्घटनाओं से कोई सबक लिया गया हो, ऐसा दिखाई नहीं पड़ता।

आए दिन पर्व-त्योहारों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। इसी के साथ कई छोटे-बड़े धार्मिक आयोजन यथा मेले, कथा-सत्संग और प्रवचन कहीं न कहीं होते रहते हैं, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ते हैं। धार्मिक आयोजनों से इतर कई सामाजिक, सांस्कृतिक और संगीत आयोजनों के साथ राजनीतिक सभाएं-रैलियां भी होती हैं, जिनमें खासी भीड़ जुटती है। इन अवसरों पर भीड़ नियंत्रण और प्रबंधन, स्थानीय प्रशासन एवं सरकारों के लिए बड़ी चुनौती होती है।

आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो जाए तो ठीक, नहीं तो किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर लीपापोती करने में स्थानीय प्रशासन की पूरी मशीनरी जुट जाती हैं। राजनीतिक पार्टियां दुर्घटना पर शोक व्यक्त कर और सरकारें जांच कमेटी या आयोग का गठन कर अथवा मुआवजे का मरहम लगा कर अपने कर्तव्य की इतिश्री मान लेती हैं। बाद में समय के साथ जख्म भरते जाते हैं। दुर्घटना को लगभग भुला दिया जाता है, जब तक कि कोई नई दुर्घटना न हो जाए। इन दुर्घटनाओं से कोई सबक नहीं लेता।

प्रायः देखा जाता है कि समुचित सुरक्षा-व्यवस्था न होने अथवा कुप्रबंधन के कारण भगदड़ मचती है। कई बार आयोजनों से जुड़े प्रबंधन और प्रशासन की घोर लापरवाही या अनदेखी भी इसके लिए जिम्मेदार होती है। अधिकांश बड़े आयोजनों या राजनीतिक रैलियों के दौरान यह देखने में आता है कि आयोजकों का पूरा ध्यान अपनी शक्ति, सामर्थ्य अथवा लोकप्रियता के प्रदर्शन पर रहता है। व्यवस्था और जन सुरक्षा को हाशिये पर डाल दिया जाता है।



दुर्घटना से बचने के कोई प्रबंध नहीं किए जाते। ऐसे अवसरों पर किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचने के लिए नियम और कानून के तहत आयोजकों की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। किसी भी आयोजन की अनुमति तभी दी जानी चाहिए, जब आयोजक सुरक्षा-व्यवस्था की संतोषजनक कार्ययोजना प्रस्तुत करें। आयोजकों के प्रबंधन कौशल का भी आकलन किया जाना चाहिए।

वैसे भारत में भीड़ नियंत्रण और प्रबंधन को लेकर ठोस नीति या कार्ययोजना का सदैव अभाव रहा है। यही कारण है कि अत्यधिक भीड़ जब-तब भगदड़ या अन्य प्रकार की दुर्घटनाओं की वजह बनती है। अनुमान से अधिक आई भीड़ को प्रायः दुर्घटना का कारण बताया जाता है, लेकिन वर्तमान तकनीकी दौर में संभावित भीड़ का अनुमान लगाना कोई बहुत मुश्किल नहीं रह गया है। सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन की सहायता से भीड़ पर आसानी से नजर रखी जा सकती है।

आयोजन स्थल पर अत्यधिक भीड़ होने पर पर उपग्रहों से जन सघनता की जांच करने वाले 'ट्रेकिंग साफ्टवेयर' को जोड़ कर और निगरानी कर ऐसी दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। हर भीड़ अव्यवस्था या भगदड़ जैसी दुर्घटनाओं में बदल सकती है। लिहाजा यह मान कर ही किसी भी भीड़ वाले आयोजन को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा-व्यवस्था तय की जानी चाहिए। किसी भी आयोजन स्थल पर अत्यधिक भीड़ बढ़ने की संभावना पर उसके सीधे प्रसारण का कई स्थानों पर प्रबंध कर भीड़ को एक ही जगह जमा होने से रोका जा सकता है। यह सबसे सुरक्षित तरीका है।

पर्व-त्योहारों पर आम तौर पर दर्शन-पूजा के लिए भीड़ उमड़ती है। इन अवसरों पर कथा-सत्संग और प्रवचनों के छोटे-बड़े आयोजन भी होते रहते हैं। इस तरह के अवसरों पर श्रद्धालुओं में पहले दर्शन और प्रसाद पाने की होड़ अथवा आगे बढ़ने या बैठने की आपाधापी सामान्य बात होती है। ऐसी स्थिति में दुर्घटना से बचाव के लिए सुरक्षा-व्यवस्था की पहले से कार्ययोजना तैयार की जाना चाहिए और आयोजन स्थल पर पर्याप्त अवरोधक लगाने के साथ पुलिस बल के अलावा मंदिर प्रबंधन या आयोजन से जुड़े कार्यकर्ताओं को भी सुरक्षा-व्यवस्था में तैनात किया जाना चाहिए।

फिसलन भरी जगह या संकरे मार्ग भी दुर्घटना की वजह बनते हैं। प्रायः ऐसा भी देखा जाता है कि आयोजन स्थलों पर विद्युत व्यवस्था के तार बेतरतीब तरीके से लगे होते हैं या लटके होते हैं। ऐसे में वहां करंट लगने या फैलने का खतरा बन जाता है। ऐसे में भगदड़ की स्थिति बन जाती है और श्रद्धालु अपनी जान गंवा देते हैं। तेज हवा या बारिश के समय ऐसी दुर्घटनाएं अधिक होती हैं।

सुरक्षा-व्यवस्था की समीक्षा करते समय ऐसी त्रासदी रोकने की तरफ भी विशेष ध्यान होना चाहिए। अत्यधिक भीड़ की स्थिति में आयोजन स्थलों पर प्रवेश व निर्गम द्वार की व्यवस्था अनिवार्य हो। वहां पेयजल, चिकित्सा व जनसुविधा परिसर की व्यवस्था भी अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। इन स्थानों पर आग की स्थिति से निपटने के लिए दमकल सेवाओं के साथ एंबुलेंस की व्यवस्था भी महत्त्वपूर्ण होती है।

ऐसे में कोई दुर्घटना होने पर बड़ी जनहानि से बचा जा सकता है। कई बार छोटी-मोटी घटनाएं भी अफवाहों या भ्रामक सूचनाओं के फैलने से बड़ी दुर्घटना में बदल जाती हैं। कहीं आग लगने या करंट फैलने की अफवाहों के कारण भी बड़ी दुर्घटनाएं हुई हैं। अधिक भीड़ जुटने वाले अवसरों और इन स्थलों पर नियंत्रण के लिए सूचना तंत्र या नियंत्रण कक्ष की व्यवस्था अवश्य होनी चाहिए, ताकि समय रहते लोगों को सचेत किया जा सके।

अफवाहों पर नियंत्रण कर बड़ी दुर्घटनाओं रोका जा सकता है। ऐसा भी नहीं है कि किसी स्थल या आयोजन में जुटने वाली भीड़ की संख्या का पूर्वानुमान या आकलन सदैव सही साबित हो। भीड़ अनुमान से अधिक भी हो सकती है। मगर सबसे जरूरी है लोगों में अनुशासन, सावधानी और सचेतनता। ऐसा हो, तो भगदड़ पर काफी हद तक काबू पाया जा सकता है। मगर आखिर में यही सवाल है कि हम इन हादसों से कब सबक लेंगे?

अध्यात्म

## व्यर्थ - व्यर्थ की चिंतायें

एक व्यक्ति बहुत दिनों से तनावग्रस्त चल रहा था जिसके कारण वह काफी चिड़चिड़ा तथा क्रोध में रहने लगा था। वह सदैव इस बात से परेशान रहता था कि घर के सारे खर्चे उसे ही उठाने पड़ते हैं, पूरे परिवार की जिम्मेदारी उसी के ऊपर है, किसी ना किसी रिश्तेदार का उसके यहाँ रोज आना जाना लगा ही रहता है, उसे बहुत ज्यादा ख़र्च करना पड़ता है आदि-आदि। इन्ही बातों को सोच सोच कर वह अक़्सर बहुत परेशान रहता था, अपने बच्चों को अक्सर डांट देता था तथा अपनी पत्नी से भी अधिकतर उसका किसी न किसी बात पर झगड़ा होता रहता था। इसी प्रकार समय बीतता गया। एक दिन उसका बेटा उसके पास आया और बोला- पिताजी मेरा स्कूल का होमवर्क करा दीजिये प्लीज। वह व्यक्ति पहले से ही तनाव में था, इसलिए उसने बेटे को जोर से डांट कर भगा दिया, लेकिन जब थोड़ी देर बाद उसका क्रोध शांत हुआ तो वह बेटे के पास गया। उसने देखा कि बेटा गहरी नींद में सोया हुआ है और उसके हाथ में उसके होमवर्क की कॉपी है। उसने धीरे से जब कॉपी लेकर जैसे ही नीचे रखनी चाही, उसकी नजर होमवर्क के टाइटल पर पड़ी। होमवर्क का टाइटल था, वे चीजें जो हमें शुरू में अच्छी नहीं लगतीं, लेकिन बाद में वे अच्छी ही होती हैं। इस टाइटल पर बच्चे को एक पैराग्राफ लिखना था जो उसने लिख लिया था। उत्सुकतावश उसने बच्चे का लिखा पढना शुरू किया बच्चे ने लिखा था... मैं अपने फाइनल एग्जाम को बहुंत धन्यवाद् देता हूँ क्योंकि शुरू में तो ये बिलकुल अच्छे नहीं लगते लेकिन इनके बाद स्कूल की छुट्टियाँ पड़ जाती हैं। मैं ख़राब स्वाद वाली कड़वी दवाइयों को बहुत धन्यवाद् देता हूँ क्योंकि शुरू में तो ये कड़वी लगती हैं लेकिन ये मुझे बीमारी से ठीक करती हैं। मैं सुबह - सुबह जगाने वाली उस अलार्म घड़ी को बहुत धन्यवाद् देता हूँ जो मुझे हर सुबह बताती है कि मैं जीवित हूँ। मैं ईश्वर को भी बहुत धन्यवाद देता हूँ जिसने मुझे इतने अच्छे पिता दिए क्योंकि उनकी डांट मुझे शुरू में तो बहुत बुरी लगती है लेकिन वो मेरे लिए खिलौने लाते हैं, मुझे घुमाने ले जाते हैं और मुझे अच्छी अच्छी चीजें खिलाते हैं और मुझे इस बात की ख़ुशी है कि मेरे पास पिता हैं क्योंकि मेरे दोस्त राजू के तो पिता ही इस दुनिया में नहीं हैं। बच्चे का होमवर्क पढने के बाद वह व्यक्ति जैसे अचानक नींद से जाग गया हो। उसकी सोच बदल सी गयी। बच्चे की लिखी बातें उसके दिमाग में बार बार घूम रही थी। खासकर वह अंतिम वाली लाइन। उसकी नींद उड़ गयी थी। फिर वह व्यक्ति थोडा शांत होकर बैठा और उसने अपनी परेशानियों के बारे में सोचना शुरू किया... मुझे घर के सारे खर्चे उठाने पड़ते हैं, इसका मतलब है कि मेरे पास घर है और ईश्वर की कृपा से मैं उन लोगों से बेहतर स्थिति में हूँ जिनके पास घर नहीं है। मुझे पूरे परिवार की जिम्मेदारी उठानी पड़ती है, इसका मतलब है कि मेरा परिवार है, पत्नी बच्चे हैं और ईश्वर की कृपा से मैं उन लोगों से ज्यादा खुशनसीब हूँ जिनके पास परिवार नहीं हैं और वो दुनियाँ में बिल्कुल अकेले हैं। मेरे यहाँ कोई ना कोई मित्र या रिश्तेदार आता जाता रहता है, इसका मतलब है कि मेरी एक सामाजिक हैसियत है और मेरे पास मेरे सुख दु:ख में साथ देने वाले लोग हैं। मैं बहुत ज्यादा ख़र्च करता हूँ, इसका मतलब है कि मेरे पास अच्छी नौकरी है और मैं उन लोगों से बेहतर हूँ जो बेरोजगार हैं या पैसों की वजह से बहुत सी चीजों और सुविधाओं से वंचित हैं। हे ! मेरे भगवान् ! तेरा बहुंत बहुंत धन्यवाद मुझे क्षमा करना, मैं तेरी कृपा को पहचान नहीं पाया। इसके बाद उसकी सोच एकदम से बदल गयी, उसकी सारी परेशानी, सारी चिंता एक दम से जैसे ख़त्म हो गयी। वह एकदम से बदल सा गया। वह भागकर अपने बेटे के पास गया और सोते हुए बेटे को गोद में उठाकर उसके माथे को चूमने लगा और अपने बेटे को तथा ईश्वर को धन्यवाद देने लगा।

# राज्य सरकारों के ऋणों में भारी वृद्धि, अर्थव्यवस्था को ले डूबेगी?

**किसी भी नागरिक, वाणिज्यिक संस्थान, राज्य सरकार अथवा केंद्र सरकार द्वारा उत्पादक कार्यों के लिए बाजार से ऋण लेना केवल तब तक ही सही हैं जब तक बाजार से लिए गए ऋण से कम से कम उस स्तर तक आय का अर्जन हो कि इस ऋण के ब्याज एवं किश्त का भुगतान इस आय से आसानी से किया जा सके। परंतु, किसी भी व्यक्ति अथवा संस्थान द्वारा बाजार से ऋण यदि अनुत्पादक कार्य के लिए लिया जा रहा है तो इस ऋण के ब्याज एवं किश्त का भुगतान करना निश्चित ही मुश्किल कार्य हो सकता है। आज भारत के कुछ राज्यों की बजटीय स्थिति पर भारी दबाव पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है क्योंकि इन राज्यों ने बाजार से भारी मात्रा में ऋण लिया हैं एवं इस ऋण का उपयोग अनुत्पादक कार्यों यथा बिजली के बिल माफ करना, नागरिकों के खातों में सीधे राशि जमा करना, मुफ्त पानी उपलब्ध कराना, कुछ पदार्थों पर सब्सिडी उपलब्ध कराना, आदि के लिए किया जा रहा है।**

**प्रह्लाद सबनानी**

इन राज्यों की स्थिति इस कदर बिगड़ चुकी है कि इन्हें ऋणों पर अदा किए जाने वाले ब्याज एवं किश्तों के भुगतान हेतु भी ऋण लेना पड़ रहा हैं। यदि कुछ और वर्षों तक इन राज्यों की यही स्थिति बनी रही तो निश्चित ही यह राज्य दिवालिया होने की स्थिति में पहुंच जाने वाले हैं। हाल ही के कुछ वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा भी बाजार से ऋण लेने की राशि में वृद्धि देखी जा रही है। वर्ष 2019 में केंद्र सरकार पर 1.74 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण बक़ाया था जो वर्ष 2025 में, लगभग दुगना होते हुए, बढ़कर 3.42 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया है और वर्ष 2029 तक इसके 4.89 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर तक हो जाने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। भारत का सकल घरेलू उत्पाद आज 4.19 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है। इस प्रकार, भारत सरकार का ऋण, भारत के सकल घरेलू उत्पाद के 80 प्रतिशत के स्तर को पार कर गया है। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों की निर्भरता ऋण पर लगातार बढ़ती हुई दिखाई दे रही है जिसे देश की अर्थव्यवस्था के स्वास्थ्य की दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता है। आज केंद्र सरकार पर 200 लाख करोड़ रुपए की राशि का ऋण बक़ाया है एवं समस्त राज्य सरकारों पर 82 लाख करोड़ रूपए का ऋण बकाया है, इस प्रकार केंद्र एवं राज्य सरकारों पर संयुक्त रूप से 282 लाख करोड़ रुपए का ऋण बक़ाया है जो देश के सकल घरेलू उत्पाद का 81 प्रतिशत है। एक तरह से भारतीय अर्थव्यवस्था ऋण के ऊपर विकसित की जा रही है। जबकि, भारतीय आर्थिक दर्शन ऋण पर निर्भरता को प्रोत्साहन नहीं देता है। चाणक्य के अर्थशास्त्र में, राजा के पास कोष में आधिक्य होने का वर्णन मिलता है। राजा के पास यदि ऋण के स्थान पर कोष का आधिक्य होगा तब वह राज्य अपने नागरिकों के कल्याण पर अधिक राशि खर्च करने की स्थिति में रहेगा। अर्थात, प्राचीन भारत में राज्यों का आधिक्य का बजट रहता था, उसी स्थिति में वे राज्य अपने नागरिकों के कल्याण के कार्यों को तेज गति से चलाने की स्थिति में रहते थे। राज्य का खजाना ही यदि खाली हो तो वे किस प्रकार से राज्य के नागरिकों के लिए भलाई के कार्य कर सकते हैं। आज की स्थिति, बिलकुल विपरीत दिखाई देती है और आज कुछ राज्य बाजार से ऋण लेकर भी नागरिकों को मुफ्त में सुविधाएं उपलब्ध करा रहें हैं बगैर यह सोचे समझे कि आगे आने वाले समय में बाजार से लिए गए ऋण का भुगतान किस प्रकार किया जाएगा। आज भारत में कुछ राज्यों की स्थिति यह है कि वे अपनी कुल आय का 55 प्रतिशत भाग कर्मचारियों को वेतन, पेन्शन एवं उधार ली गई राशि पर ब्याज के भुगतान करने जैसी मदों पर खर्च कर रहे हैं। जबकि, विभिन्न राज्य अपनी आय को बढ़ा सकने की स्थिति में नहीं है। कुछ राज्य तो वर्ष भर में जिस आय की राशि का आंकलन करते हैं उसे प्राप्त ही नहीं कर पाते हैं और बजटीय आय की राशि एवं वास्तविक आय की राशि में 11 प्रतिशत तक की कमी रहती है, जबकि इन राज्यों के खर्च नियमित रूप से बढ़ते जा रहे हैं और इस प्रकार इन राज्यों का



बजटीय घाटा लगातार बढ़ता जा रहा है और अब यह असहनीय स्थिति में पहुंच गया है।

आज राज्यों की कुल आय का 84 प्रतिशत भाग स्थिर मदों पर खर्च हो रहा है। प्रदेश को आगे बढ़ाने एवं आर्थिक रूप से सम्पन्न बनाने के लिए कुछ राशि इन राज्यों के पास उपलब्ध ही नहीं हो पा रही है। पूंजीगत खर्चों में लगातार हो रही कमी के चलते इन राज्यों में नए अस्पतालों का निर्माण, नए रोड का निर्माण नए स्कूल हेतु भवनों का निर्माण नहीं हो पा रहा हैं, जिससे रोजगार के नए अवसर भी निर्मित नहीं हो पा रहे हैं। पंजाब में कुल आय का 76 प्रतिशत भाग कर्मचारियों के वेतन, पेन्शन एवं ऋण पर ब्याज अदा करने जैसी मदों पर खर्च हो रहा है इसी प्रकार हिमाचल प्रदेश में 79 प्रतिशत एवं केरल में 71 प्रतिशत भाग उक्त मदों पर खर्च किया जा रहा है। साथ ही, कुछ राज्यों द्वारा अपनी कुल आय का भारी भरकम हिस्सा सब्सिडी जैसी मदों पर खर्च किया जा रहा है। जैसे, पंजाब द्वारा अपने बजटीय आय का 24 प्रतिशत भाग सब्सिडी पर खर्च किया जा रहा है। इसी प्रकार, हिमाचल प्रदेश द्वारा 5 प्रतिशत, आंध्रप्रदेश द्वारा 15 प्रतिशत, तमिलनाडु द्वारा 12 प्रतिशत एवं राजस्थान द्वारा 13 प्रतिशत राशि सब्सिडी पर खर्च की जा रही है। पंजाब द्वारा तो अपने बजट की 100 प्रतिशत राशि (24 प्रतिशत सब्सिडी पर एवं 76 प्रतिशत राशि वेतन, पेन्शन एवं ब्याज पर खर्च की जा रही है) सामान्य मदों पर खर्च की जा रही है और पूंजीगत खर्चों के लिए शून्य राशि बचती है।

विभिन्न राज्यों द्वारा पेन्शन की मद पर वर्ष 1980-81 में अपने राज्य की कुल आय का केवल 3.4 प्रतिशत की राशि का खर्च किया जा रहा था जो वर्ष 2021-22 में बढ़कर 24.3 प्रतिशत हो गया। इसी कारण से भारत सरकार ने पेन्शन अदा करने के नियमों में परिवर्तन किया था। आज यदि पेन्शन की नीति को नहीं बदला गया होता तो इस मद पर होने वाला खर्च बढ़कर 30 प्रतिशत के आसपास पहुंच जाता। पिछले कुछ वर्षों के दौरान देश के कई राज्यों ने अपने पूंजीगत खर्च को घटाया है। वर्ष 2015-16 से वर्ष 2022-23 के बीच राज्यों ने अपने पूंजीगत खर्च में 51 प्रतिशत तक की कमी की है। दिल्ली में 38 प्रतिशत, पंजाब में 40 प्रतिशत, आंध्रप्रदेश में 41 प्रतिशत पश्चिम बंगाल में 33 प्रतिशत से पूंजीगत खर्चों में कमी दर्ज हुई है। आज कई राज्य सरकारें सब्सिडी प्रदान करने की मद पर अपने खर्चों को लगातार बढ़ा रहीं हैं एवं पूंजीगत खर्चों को लगातार घटा रही हैं, जो उचित नीति नहीं कही जा सकती है। इस प्रकार तो इन राज्यों की अर्थव्यवस्थाएं शीघ्र ही डूबने के कगार पर पहुंच जाने वाली हैं। इन राज्यों में हिमाचल प्रदेश, केरल, पश्चिमी बंगाल जैसे राज्य शामिल हैं। सब्सिडी, वेतन, पेन्शन एवं ब्याज जैसी मदों पर लगातार बढ़ रहे खर्चों के कारण आज 15 राज्यों का बजटीय घाटा कानूनी रूप से निर्धारित 3 प्रतिशत की सीमा से ऊपर हो गया है। हिमाचल प्रदेश में बजटीय घाटा बढ़कर 4.7 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में 4.1 प्रतिशत, आंध्रप्रदेश में 4.2 प्रतिशत एवं पंजाब में 3.8 प्रतिशत के खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। इसी क्रम में ध्यान में आता है कि मध्य प्रदेश सरकार ने 5200 करोड़ रुपये का नया कर्ज लेने का निर्णय लिया है। यह फैसला इसलिए चर्चा में है क्योंकि भाईदूज के अवसर पर 'लाड़ली बहना योजना' के अंतर्गत 1.27 करोड़ महिलाओं के खातों में राशि समय पर नहीं पहुंच पाई थी। इसके बाद सरकार ने प्रदेश स्थापना दिवस पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए ऋण लेने का रास्ता चुना है। जब किसी राज्य को सामाजिक योजनाओं पर खर्च के लिए ऋण लेना पड़े तो यह स्थिति उस प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए उचित नहीं कही जा सकती है। मध्यप्रदेश द्वारा ऋण लेने की रफ्तार पिछले कुछ वर्षों में कुछ तेज हुई है। मार्च 2024 तक मध्यप्रदेश राज्य पर 3.7 लाख करोड़ रुपये का कर्ज था, जो अब बढ़कर 4.8 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। जबकि, मध्यप्रदेश की आय में इस रफ्तार से वृद्धि नहीं देखी जा रही है। वित?तीय अनुशासन की दृष्टि से यह स्थिति चिंताजनक है, क्योंकि ब्याज भुगतान का बोझ हर साल बढ़ता जा रहा है। हिमाचल प्रदेश, पंजाब, केरल एवं पश्चिम बंगाल की राह पर कहीं मध्यप्रदेश राज्य भी तो नहीं चल पड़ा है।

## आज का कार्टून

डिप्टी सीएम अजीत पवार के बेटे पर 1800 करोड़ की जमीन 300 करोड़ में बेचने का आरोप




## राशिफल

**मेष**
आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। पड़ोसियों से अपने सम्बन्ध अच्छे रखें। प्रेम सम्बन्धों को लेकर पारिवारिक सहमति मिल सकती है।

**वृषभ**
ससुराल पक्ष से अपने सम्बन्ध अच्छे रखें। परिवार में उत्सव का वातावरण रहेगा। समाज में आपको उचित मान-सम्मान मिलेगा।

**मिथुन**
आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ सकता है। गृहस्थ जीवन में शान्ति रहेगी। बच्चों के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। अपनी उपलब्धियों का दिखावा करने से बचें।

**कर्क**
कारोबार में नयी शुरुआत कर सकते हैं। जीवनसाथी के प्रति समर्पण भाव बढ़ेगा। मित्रों व सहयोगियों की सहायता करने से आत्मिक सन्तुष्टि होगी।

**सिंह**
राजनीतिक चर्चा में सम्मिलित हो सकते हैं। अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें। प्रेमी जन से कोई वादा न करें। अपनी जिम्मेदारियों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे।

**कन्या**
आज घर के छूटे कार्यों को लेकर तनाव हो सकता है। आर्थिक नुकसान होने की सम्भावना बन रही है। कानूनी मामले उलझ सकते हैं।

**तुला**
दाम्पत्य सम्बन्धों में सम्वादहीनता जैसी परिस्थितियाँ उत्पन्न हो सकती हैं। नजदीकी लोगों की सलाह को अनसुना करना नुकसानदेह हो सकता है।

**वृश्चिक**
ननिहाल पक्ष से शुभ समाचार मिल सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। पिछले काफी समय से चली आ रही उलझनों से राहत मिलेगी।

**धनु**
आपको सभी कार्य समय पर करने चाहिये। अटका हुआ धन वापस मिलेगा। प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आपकी कार्यक्षमता प्रभावित हो सकती है। अचानक नये कार्यों की शुरुआत न करें।

**मकर**
निवेश के दौरान सावधानी रखें। अधिकारी वर्ग के साथ तनाव हो सकता है। बच्चों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। नये प्रेम सम्बन्धों को लेकर समस्या होगी।

**कुंभ**
आज आपको सिरदर्द और वायरल बुखार की समस्या हो सकती है। महिलाओं को किचन में उपकरणों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करना चाहिये।

**मीन**
आपके नये मित्र बन सकते हैं। आपको मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा। आपको अधिकारियों से सहायता लेनी चाहिये। आपकी बातों से लोग प्रभावित होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### बाढ़ में भवन निर्माण के दौरान चचेरे भाइयों के बीच हिंसक झड़प, सात जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत मनकौरा गांव में विवादित जमीन पर मकान बनाने के दौरान चचेरे भाइयों के बीच हिंसक झड़प हो गई जिसमें एक महिला सहित सात लोग जख्मी हो गए। घायलों में नंदू यादव को गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार के बाद पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है ।दोनों पक्षों के बीच तनाव बना हुआ है । जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह को नंदू यादव अपने घर की छत की ढलाई को लेकर मजदूर से काम करा रहा था। इस दौरान विपक्षी विश्वनाथ कुमार अपने भाइयों के साथ पहुंचा और काम को रोकने की कोशिश की। इसी दौरान झड़प हो गई ।आरोप है कि धारदार हथियार से नंदू यादव पर हमला कर दिया गया जिसमें गंभीर रूप से वह जख्मी हो गया। सभी घायलों का इलाज अनुमंडल अस्पताल में कराया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

### बहन की ससुराल गये भाई की पिटाई

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत अगवानपुर गांव में रविवार को बहन की ससुराल गए भाई सचिन कुमार को देवर ने मारपीट कर जख्मी कर दिया। सचिन को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।जख्मी सकसोहरा थाना क्षेत्र के अंदौली गांव का रहने वाला है जो अपनी बहन के घर रविवार को गया था। इसी दौरान सचिन और बहन के देवर के बीच में किसी बात को लेकर झड़प हो गई। थाने में मामले को लेकर शिकायत की गई है।

### मोटरसाइकिल से गिरकर बैंक कर्मी जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेढना फोरलेन के पास रविवार की संध्या मोटरसाइकिल सवार बेगूसराय से पटना जा रहे युवक सड़क पर पत्थर से टकराकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही गस्ती कर रहे 112 पुलिस की टीम ने घायल को उठाकर बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती करवाया घायल की पहचान 33 वर्षीय राजकमल कुमार पिता देवेंद्र पासवान भवनपुरा टोला चौसा थाना मधेपुरा जिला के रूप में हुई है। घायल युवक का बाया हाथ पूरी तरह से जख्मी होने पर चलते उसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना जाने की सलाह दी गई है।

### ई रिक्शा पलटने से कई लोग घायल

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रविवार के दिन बाढ़ के अस्पताल चौक के पास तेज गति से आ रहे हैं ई रिक्शा दूसरे वाहन से चकमा खा गया खुद को बचाने के चक्कर में ई रिक्शा सड़क किनारे पलट गई। जिसमें ई रिक्शा पर बैठे एक महिला सहित तीन पुरुष जख्मी हो गए स्थानीय लोगों के द्वारा लोगों को बचाया गया ।इस दौरान 30 वर्षीय राहुल कुमार 55 वर्षीय मिता देवी और 50 वर्षीय संजय साहू जख्मी हो गए। वहीं कुछ लोगों को आंशिक चोटे भी लगी है तीनों का इलाज बाढ़ अनुमंडल अस्पताल में कराया जाने के बाद छुट्टी दे दी गई।

### निर्वाचन कार्य में तैनात किसी भी कर्मी का बिना अनुमति अनुपस्थित रहना दंडनीय अपराध : निर्वाचन पदाधिकारी

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला निर्वाचन कार्यालय, पूर्वी चम्पारण द्वारा अवगत कराया जाता है कि निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के अनुसार निर्वाचन कार्य में तैनात किसी भी कर्मी का बिना अनुमति अनुपस्थित रहना दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे मामलों में संबंधित कर्मियों के विरुद्ध बिना किसी देरी के प्राथमिकी दर्ज की जा रही है, जब तक कि निवार्ची पदाधिकारी द्वारा लिखित छूट प्रदान न की गई हो। जिला प्रशासन ने स्पष्ट रूप से कहा है कि इस संबंध में प्रतिवेदन आज सायं तक निर्वाचन आयोग को भेजा जाना है, अतः दर्ज प्राथमिकी की प्रतियां तुरंत उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिला प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि निर्वाचन कार्य में लापरवाही, उपेक्षा या अनुशासनहीनता किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। सभी नियुक्त कर्मियों को अनिवार्य रूप से अपने निर्वाचन दायित्व का समय पर पालन करना होगा, अन्यथा विधिक कार्रवाई निश्चित रूप से सुनिश्चित की जाएगी

### कड़ी सुरक्षा के बीच रखी जायेगी इवीएम

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मतदान समाप्ति के बाद वज्रगृह तक इवीएम लाने एवं उसे सुरक्षित रखने के लिए जिला प्रशासन ने फुलप्रुफ व्यवस्था की गयी है। इसके लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने निर्देश जारी करते हुए बताया है कि पोल्ड इवीएम को लेकर आनेवाले सुरक्षाकर्मी एवं मतदानपदाधिकारियों को वाहन बाजार समिति के गेट पर उतारकर रामलखन सिंह यादव कालेज की ओर पार्किंग में चले जायेंगे।वज्रगृह तक आनेवाले मतदानकर्मियों भोजन चाय के लिए बाजार समिति परिसर में हीं जीविका दीदी की रसोई का संचालन किया जायेगा। जिन कर्मियों को सशुल्क यह खाना उपलब्ध करायेगी।पोल्ड इवीएम लेकर आने एवं वज्रगृह में विधानसभा वार जमा कराने की संपूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी के अलावे उसकी निगरानी सीसीटीवी कैमरे से करायी जायेगी। इसके अलावे यहां सीएपीएफ के जवानों की भी तैनाती की जा रही है।

### रामनगर से पोलिंग पार्टियां 385 मतदान केंद्रों के लिए रवाना, प्रशासन सतर्क

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष माहौल में संपन्न कराने के लिए रामनगर के हरिनगर हाई स्कूल परिसर से सभी पोलिंग पार्टियों को जीपीएस युक्त वाहनों से मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर एसपी सुशांत कुमार सरोज, डीसीएलआर अंजलि कृतिका, बीडीओ अजीत कुमार, आरओ कुंदन कुमार, सीओ वेद प्रकाश, ईओ मुकेश कुमार, एसडीपीओ रागिनी कुमारी, इंस्पेक्टर अभय कुमार, दीपक कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सभी मतदान कर्मियों को निर्देश दिया गया कि वे केंद्र पर पहुंचते ही मोबाइल एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करें। प्रत्येक बूथ पर रसोइया की व्यवस्था की गई है ताकि मतदान कर्मियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो. वहीं वॉलंटियर वन टू लगाए गए है। सीसीटीवी कैमरों से सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की जा रही है।रामनगर विधानसभा क्षेत्र में कुल 385 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 52 संवेदनशील और 3 अति संवेदनशील बूथ शामिल हैं. इस दौरान हाई स्कूल परिसर में सामग्री वितरण का दृश्य मेला जैसा दिखा. एसपी सुशांत सरोज ने कहा कि सभी पोलिंग पार्टियों को सुरक्षित बूथों तक पहुंचाना और हर गतिविधि पर नजर रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# दुखद हादसा : 30 साल पुराने इंदिरा आवास की छत गिरी, एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत


मृतक मो बबलू के कमरे में पड़े मलबे


मृतक के भाई से मुलाकात कर सांत्वना देते पूर्व सांसद रामकृपाल यादव


मृतक के भाई से मुलाकात कर सांत्वना देते सांसद डा मीसा भारती

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दियारा के अकिलपुर थाने के मानस पंचायत के नया पानापुर 42 पट्टी में रविवार की रात करीब साढे नौ बजे 30 साल पुराना इंदिरा आवास योजना के बने मकान की छत अचानक भरभराकर कर गिर गई. जिससे छत के नीचे चौकी पर सो रहे एक परिवार के पांच लोग मलबे दबकर दम घुटने से मौत हो गई. मृतक का पहचान नया पानापुर 42 पट्टी निवासी क्यामुद्दीन के पुत्र बबलू खान (35), उनकी 30 वर्षीय पत्नी रोशन खातून, 12 वर्षीय पुत्री रूखसार, 10 वर्षीय पुत्र मो चांद व 2 वर्षीय पुत्री चांदनी शामिल है. हादसे में पूरा परिवार की दर्दनाक मौत हो गई है. छत गिरने की आवाज सुनकर मृतक के भाई मो सरवती खान व भाई गुलशन खातून समेत पडोसी राम मंगिया राय समेत आदि ने जब पहुंचे तो देखा कि मकान के छत भरभराकर गिर गया है और चौकी पर सो रहे पूरे परिवार मलबे के नीचे दबे हुए थे. रात के अंधेरे में किसी तरह स्थानीय लोगों के सहयोग से घर के दरवाजे तोडकर घर के अंदर मलबे में दबे हुए मो बबलू व उनकी पत्नी व पुत्री व पुत्र का शव काफी प्रयास के बाद एक-एक कर निकाला कर घर के बाहर रखा गया.रात के अंधेरे में छत के बगल वाले दीवार गिरने का भी भय बना हुआ था. जिससे लोगों डर कर मलबे में दबे हुए शव को निकाला रहे थे. इसकी सूचना अकिलपुर पुलिस को दी गई. सूचना पर थानाध्यक्ष विनोद राम दल बल के साथ पहुंचे और सोनपुर डीएसपी प्रीतेश कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे थे. मृतक के भाभी गुलशन खातून व राम मंगिया राय ने बताया कि हाल ही बाढ में घर में पानी घुस गया था और मकान के दीवारे व छत में दरारें पड गये हुए थे. कई बार छत मरम्मत करने के लिए कहा था. परंतु आर्थिक तंगी के कारण मो बबलू छत की मरम्मत नही करा पा रहा था. जिससे हादसे हुआ .गांव के पडोसी भोला कुमार ने बताया कि रविवार को शाम साढे सात बजे बबलू नाश्ता के दुकान से अपने घर गये थे और खाना खाने के साथ अपने पत्नी व दो पुत्री व एक पुत्र के साथ चौकी पर सो गये थे. मृतक मो बबलू राजमिस्त्री का काम करते थे. एक भाई मो सरवती व उनकी भाभी गुलशन खातून सटे मकान झोपडीनुमा में रहते है.मृतक के भाई ने बताया कि मूल निवासी छपरा के जैतीपुर के है और पूर्व प्रमुख सीपी सिंह के पिता के निधन पर शव यात्रा के दौरान ढोलक बजाये थे. जिसके बाद सीपी सिंह ने एक कट्ठा जमीन दान में मेरे पिता को रहने के लिए दे दिये थे. जिससे 2002 में इंदिरा आवास योजना के तहत एक कमरे पक्का मकान बनाया गया था. पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है. परिजनों के चित्कार से पूरे गांव में सन्नाट पसरा हुआ है. थानाध्यक्ष विनोद राम ने बताया कि शव को अपने कब्जे में लेकर सोमवार की सुबह अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है.


मृतक मो बबलू खान व उनकी पत्नी रोशन खातून व बच्चों का फाइल फोटो


मृतक के परिजनों से पूर्व सैनिक शैलेश कुमार धीरज सांत्वना देते

## दानापुर छत में सारिया नही था, बीम के सहारे छत टिकी थी

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** तीस साल पुराना इंदिरा आवास योजना के तहत पक्का मकान तीन बीम के सहारे छत का निर्माण किया गया था और छत में सारिया नही लगाया गया था. जिससे छत जर्जर और दरारें पड गये थे. जिससे रविवार की रात करीब साढे नौ बजे मो बबलू खान के छत भरभराकर अचानक गिरा गया और छत से नीचे चौकी पर सो रहे मो बबलू व उनकी पत्नी, दो पुत्री व एक पुत्र मलबे में दबने से मौत हो गई. कमरे में मलबे के नीचे बच्चे के स्कूल बैग, कपडे, पंखे चूल्हे, बर्तन समेत कीमती सामान दबे हुए थे. कमरे में दीवार पर लगे दीवाल घडी में साढे नौ बजे के कांटा बंद पडा हुआ था. जिससे अनुमान लगाया जा सकता है कि जब छत गिरा तो घडी बंद हो गया है. मलबे के अंदर मृतक मो बबलू के पूरे परिवार का तस्वीर दबे हुए थे. हादसे पर सीएम नीतीश कुमार ने गहरा शोक जताया है. हादसे की सूचना पर निर्दलीय प्रत्याशी व पूर्व सैनिक शैलेश कुमार धीरज उर्फ सुधीर कुमार फौजी ने मृतक के भाभी गुलशन खातून समेत परिजनों से मिलकर सांत्वना दिया और राज्य सरकार से मृतक के आश्रितों को उचित मुआवजा देने की मांग किया है. सोमवार की सुबह पुलिस ने पिकअप भान पर शव को लादे कर अनुमंडलीय अस्पताल पोस्टमार्टम के ले गये. राजद निवर्तमान विधायक रीत लाल यादव के भाई टिंकु कुमार यादव ने शव को लेकर अस्पताल पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद एबुलेंस से मानस नया पानापुर 42 पट्टी ले गये. अस्पताल शव पहुंचने की सूचना पर पूर्व सांसद रामकृपाल यादव , विधान पार्षद प्रो गुलाम गौस , भाजपा नेता भाई सनोज यादव व रंजीत यादव पहुंचकर मृतक के भाई व परिजनों को सांत्वना दिया और मृतक के आश्रितों को सरकार से उचित मुआवजा देने का आश्वासन दिया है. स्थानीय सांसद डा मीसा भारती , राजद प्रदेश महासचिव केडी यादव , पूर्व पार्षद अजय यादव , पूर्व जिला पार्षद ओम प्रकाश यादव समेत राजद नेताओं के साथ अस्पताल पहुंचकर मृतक के परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि सरकार की ओर से कागजी कारवाई लंबी होती है.

## गौरीचक में बिहटा-सरमेरा हाईवे पर ट्रैक्टर और ऑटो की टक्कर में घायल एक अन्य यात्री की भी मौत

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना के गौरीचक थाना क्षेत्र के बेलदारीचक स्थित बिहटा-सरमेरा हाईवे पर रविवार की शाम ट्रैक्टर और ऑटो की आमने-सामने की भीषण टक्कर में घायल एक अन्य यात्री की भी मौत हो गई. पहले एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो चुकी थी, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे. दोनों घायलों को पहले स्थानीय नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था, जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए एनएमसीएच रेफर किया गया. एनएमसीएच में इलाज के दौरान अथमलगोला थाना क्षेत्र के बुरडा निवासी कारू पासवान का पुत्र भोखलू पासवान (28 वर्ष) ने दम तोड़ दिया. डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. वहीं, गंभीर रूप से घायल दूसरे व्यक्ति की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है. घटनास्थल पर ही मारे गए युवक की पहचान सिकंदरपुर निवासी स्वर्गीय राजकुमार सिंह के पुत्र सुधीर कुमार (30 वर्ष) के रूप में हुई थी. गौरीचक थाना के पुलिस अवर निरीक्षक कमल नयन ने बताया कि अब तक इस हादसे में दो लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश की जा रही है.

**मृत युवक की पहचान सिकंदरपुर निवासी सुधीर कुमार (30 वर्ष) के रूप में हुई**

## ममता मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, दरौंदा, सीवान में मनाया गया इंटरनेशनल रेडियोलॉजी डे



**पटना/दरौंदा (सीवान)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ममता मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, चिंतामनपुर, दरौंदा में ह्लअंतरराष्ट्रीय रेडियोलॉजी दिवसह्व बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर रेडियोलॉजी विभाग द्वारा विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें रेडियोलॉजी की उपयोगिता और चिकित्सा विज्ञान में इसकी महत्ता पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन डॉ. कौशल कुमार गिरी एवं मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. (प्रो.) अल्का सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। वक्ताओं ने कहा कि रेडियोलॉजी आधुनिक चिकित्सा प्रणाली की रीढ़ है, जिसके माध्यम से रोगों की पहचान और उपचार अधिक सटीकता एवं प्रभावशीलता के साथ संभव हो पाता है। डॉ. अल्का सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि रेडियोलॉजिस्ट चिकित्सा टीम के महत्वपूर्ण सदस्य होते हैं, जो इमेजिंग तकनीक के माध्यम से मरीजों के निदान में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र लगातार नई तकनीकों और आधुनिक उपकरणों के माध्यम से विकसित हो रहा है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हो रहा है। उक्त अवसर पर डॉ. अरविंद, डॉ. अरुणेश रमन, अजय दुबे, नेहा कुमारी, ऋचा कुमारी, अमित कुमार शर्मा (रेडियोग्राफर) तथा पंकज कुमार (रेडियोग्राफर) उपस्थित रहे। सभी ने रेडियोलॉजी के महत्व पर अपने विचार साझा किए और चिकित्सा क्षेत्र में इसके बढ़ते योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन रेडियोलॉजी विभाग की टीम द्वारा किया गया तथा अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## वैशाली जिले के कांति नहर गांव के पीड़ितों को उचित मुआवजा दिया जाए: मुफ्ती सनाउल हुदा कासमी

**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इमारत ए शरीअत के कार्यवाहक नाज़िम मौलाना मुफ्ती मुहम्मद सनाउल हुदा कासमी ने वैशाली जिले के लालगंज प्रखंड अंतर्गत कांति नहर गांव में अल्पसंख्यक समुदाय के घरों को जलाए जाने की घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की है कि उपद्रवियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए और प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा एवं सुरक्षा प्रदान की जाए। अमिर ए शरीअत की ओर से मौलाना रिजवान अहमद नदवी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने घटनास्थल का दौरा किया और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में सहायक काजी मौलाना राशिद अनवर कासमी, मौलाना अब्दुल कुद्दुस, नकीब मिस्बाहुद्दीन अकरम और मौलाना अब्दुल गफूर शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि 8 नवंबर को कुछ उपद्रवियों ने अल्पसंख्यक समुदाय के 17 घरों को आग के हवाले कर दिया जिससे सब कुछ राख में बदल गया। पीड़ित परिवार दिहाड़ी मजदूर हैं और अब बेघर हो चुके हैं। मुफ्ती सनाउल हुदा कासमी ने सरकार से मांग की कि पीड़ितों के घरों का पुनर्निर्माण कराया जाए, नुकसान का उचित मुआवजा दिया जाए और स्थानीय स्तर पर शांति एवं सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।



### ऑटो व बाइक की टक्कर में दो घायल, पटना रेफर

**तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के चंचलिया गांव स्थित सारण तटबंध पर रविवार की संध्या में एक ऑटो और बाइक में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें बाइक चालक एवं सवार दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल बाइक चालक अमनौर थाना क्षेत्र के गोसी अमनौर गांव निवासी नाजीर हुसैन का पुत्र सेराज आलम तथा बाइक सवार तरैया के मुकुंदपुर गांव निवासी जमालुद्दीन का पुत्र कबीर मियां है। घायल दोनों व्यक्तियों को स्थानीय लोगों द्वारा गंभीर अवस्था में तत्काल इलाज के लिए रेफरल अस्पताल तरैया में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनों को बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया।

### मनेर में चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** तीन दिनों से अतिक्रमण को लेकर किए जा रहे बाजे से प्रचार प्रसार के बाद सोमवार को नगर परिषद क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर कर्मियों व स्थानीय पुलिस ने संयुक्त रूप से सड़कों के किनारे लगाया गये अतिक्रमण और अवैध तरीके से बने ऑटो स्टैंड को हटाया है। जिसे लेकर अतिक्रमणकारियों और ऑटो चालकों के बीच हड़कंप मची रही। इस दौरान मनेर थाना, भगत सिंह स्मारक मोड़, पड़ावपर, बाजार पर, गांधी हाट मोड़, बस्ती रोड व देवी स्थान रोड कई जगहों पर अतिक्रमण को हटाकर अतिक्रमण मुक्त कराया। इस दौरान नगर परिषद के अधिकारियों ने कहा कि अब अतिक्रमण करने वाले के खिलाफ करवाई जुमार्ना के रूप में की जाएगी। बता दे कि राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर पिछले कई दिनों से ठेला, गुमटी संचालक, सब्जी दुकानदार व ऑटो चालक अतिक्रमण कर रखा था।

### मारपीट में दो महिला समेत तीन घायल

**तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग जगहों पर आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में दो महिला समेत तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायल सभी व्यक्तियों का प्राथमिक उपचार रेफरल अस्पताल तरैया में किया गया है। घायलों में भागवतपुर गांव निवासी पवन गिरि तथा फरीदपुरा गांव निवासी निर्मला देवी एवं रीमा कुमारी शामिल है। मामले को लेकर पीड़ित पक्षो द्वारा स्थानीय थाने में अलग-अलग शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस प्राप्त शिकायत के आधार पर मामले की छानबीन कर रही है।

### एकमा प्रखंड कार्यालय परिसर में एक सौ साल पुराना बरगद का पेड़ गिरा, बड़ा हादसा टला

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कार्यालय परिसर में रविवार की देर रात लगभग सौ वर्ष से अधिक पुराना बरगद का एक विशाल पेड़ अचानक गिर पड़ा। सुखद बात यह रही कि यह हादसा रात के समय हुआ, अन्यथा कार्यदिवस में होने पर बड़ा हादसा हो सकता था। पेड़ गिरने से सड़क किनारे रहने वाले बीडीओ के वाहन चालक के आवास को आंशिक क्षति पहुंची है। घटना की सूचना मिलते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार मौके पर पहुंचे और स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने तत्काल मजदूरों को बुलाकर गिरे हुए पेड़ को स्थल से हटाने का निर्देश दिया। नगर पंचायत मुख्य पार्षद प्रतिनिधि ने नगर पंचायत स्तर से उक्त पेड़ को एकमा प्रखंड मुख्यालय से राजापुर की तरफ जाने वाली सड़क पर से हटाना शुरू कराया। ताकि प्रखंड मुख्यालय परिसर से होकर जाने वाली सड़क से आवागमन सुचारू रूप से बहाल हो सके। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह बरगद का पेड़ लगभग एक सौ वर्ष से अधिक पुराना था और वर्षों से प्रखंड परिसर की पहचान बन चुका था। लोगों ने राहत की सांस ली कि यह हादसा रात में हुआ, अन्यथा बड़ा नुकसान हो सकता था।

### शराब पीकर हंगामा कर रहे चार युवक गिरफ्तार

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में शराब पीकर हंगामा कर रहे चार युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों की पहचान पंकज कुमार, कर्ण प्रसाद व पप्पू प्रसाद (सभी निवासी गजियापुर गांव) तथा बिंदु कुमार महतो (पचुवां गांव) के रूप में हुई है। बताया गया है कि सभी युवक शराब के नशे में मोहल्ले में उत्पात मचा रहे थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और चारों को हिरासत में ले लिया। बाद में ब्रिथ एनालाइजर से जांच में शराब पीने की पुष्टि हुई। एकमा थानाध्यक्ष ध्रुव प्रसाद सिंह ने बताया कि सभी के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर उन्हें न्यायिक हिरासत में छपरा भेज दिया गया है।

### प्रेम प्रसंग में दोस्तों के बीच चली गोली, दो युवक घायल

**दिघवारा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अवतार नगर थाना क्षेत्र के गढ़वाल दुर्गा मंदिर के समीप रविवार को प्रेम प्रसंग को लेकर दोस्तों के बीच हुई फायरिंग में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। गोली लगने से घायल युवकों की पहचान नरांव सूर्य मंदिर मोहल्ला निवासी मनोज सिंह के पुत्र विश्वजीत कुमार उर्फ करीमन (25) तथा गढ़वाल दुर्गा मंदिर मोहल्ला निवासी धनंजय सिंह के पुत्र प्रकाश कुमार सिंह (22) के रूप में की गई है। घटना के बाद दोनों को आनन-फानन में दिघवारा स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से प्रकाश कुमार सिंह को बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि प्रकाश को पेट में तथा विश्वजीत को पैर में गोली लगी है।

## जय प्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार वाजपेई ने एनआईटी जालंधर में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो






**छपरा (सारण)।** जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई ने डॉ. बी. आर. अंबेडकर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), जालंधर में आयोजित ह्लसतत विकास एवं प्रौद्योगिकी के लिए उन्नत सामग्रियों पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनह्व का मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन किया। अपने सारगर्भित एवं शोधपूर्ण उद्बोधन में प्रो. बाजपेई ने उच्च-गुणवत्तापूर्ण केंद्रित अनुसंधान के महत्व पर बल देते हुए कहा कि वैज्ञानिक नवाचार ही राष्ट्र के सतत विकास की आधारशिला हैं। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों से राष्ट्रीय विकास में सहायक वैज्ञानिक योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. बाजपेई ने अपने शोध कार्यों पर आधारित एक विस्तृत पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित देश-विदेश के ख्यातिलब्ध विद्वानों ने सराहा। सम्मेलन में कई नामचीन शिक्षाविद् और शोधकर्ता शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई देश के प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थानों में बतौर मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में निरंतर आमंत्रित किए जाते रहे हैं। बीते एक वर्ष के दौरान उन्हें आईआईटी रांची, आईआईटी पटना, एनआईटी कुरुक्षेत्र, आईआईटी रायपुर, आईआईटी जालंधर और आईआईएम बोधगया जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में भी मुख्य अतिथि या मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया है, जहां उनके शोधपूर्ण विचारों को विशेष सराहना मिली है।

# जहानाबाद की तीन विधानसभा सीटों के लिए 80,8152 मतदाता आज डालेंगे वोट

## जिला प्रशासन की ओर से मतदान की सारी व्यवस्थाएं हुई पूरी




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में जहानाबाद जिले के तीन विधानसभा सीटों के लिए 8 लाख 8152 मतदाता 31 प्रत्याशियों के भाग का फैसला अपने हाथों करेंगे। चुनाव के लिए जिला प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस संबंध में जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने प्रेस ब्रीफिंग के दौरान बताया कि जहानाबाद जिले में 1009 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इन सभी मतदान केदो पर वेब कास्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, जिसको जिला एवं राज्य स्तर सहित चुनाव आयोग के स्तर पर भी मॉनिटर किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया की वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए उन्हें मतदान केंद्र तक लाने और ले जाने की सुविधा प्रदान की गई है। इसके लिए सक्षम ऐप पर ऐसे मतदाताओं को रजिस्ट्रेशन करना होगा। उन्होंने यह भी बताया कि पोलिंग पार्टी के साथ सुरक्षा बलों की कवरेज के साथ-साथ जीपीएस लगे वाहन से उन्हें मतदान केंद्र तक पहुंचाया गया है। ईवीएम को सुरक्षित मतगणना केंद्र तक वापस ले जाने के लिए जीपीएस युक्त वाहन की मॉनिटरिंग के साथ-साथ सुरक्षा के भी बिंदु पर ध्यान दिया गया है। बताया जाता है कि मतदान के बाद ई.वी.एम. की सुरक्षा के लिए तीन लेयर की सुरक्षा व्यवस्था की गई है। साथ ही मतदान केंद्र पर 100 फ़ीसदी केंद्रीय सुरक्षा बल की तैनाती की गई है। मतदान केंद्र पर सभी प्रकार की बुनियादी सुविधाओं का भी ध्यान रखा गया है,अगर बिजली की व्यवस्था कहीं निर्बाध नहीं होती है ऐसे में हर मतदान केंद्र पर चार्जेबल बल्ब की व्यवस्था अलग से की गई है। किसी मतदाता को अगर अपने मतदान केंद्र तक पहुंचने में कठिनाई हो तो वह सारथी एप की सहायता से अपने मतदान केंद्र तक आसानी से पहुंच सकते हैं। इसके लिए लोकेशन नेविगेटर के माध्यम से उसे मतदान केंद्र का नाम डालते ही उसका पूरा विवरण उन तक आएगा। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ने अपने ब्रीफिंग में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 9339 लोगों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की गई है, इसके अलावा 79 लोगों को थाना बदर तथा एक व्यक्ति को जिला बदर की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि हर विधानसभा में 10 पिंक बूथ बनाए गए हैं, जिसमें महिला सुरक्षाकर्मी की तैनाती सुनिश्चित की गई है। मतदान केंद्र के अंदर सुरक्षा कर्मी के साथ किसी भी वीआईपी को जाने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने यह भी बताया कि किसी भी आपात स्थिति के लिए जिले में एक बम स्क्वॉड की टीम भी बुलाई गई है। विधानसभा आम निर्वाचन के संबंध में जानकारी देते हुए जिलाधिकारी ने बताया है कि विधानसभा चुनाव के सफल क्रियान्वयन के लिए 26 कोषांगों का गठन किया गया है। इसके साथ ही कुल 112 सेक्टर पदाधिकारी और इतने ही सेक्टर पुलिस पदाधिकारी नियुक्त किए गए हैं। जोनल सह गशित दंडाधिकारी 25 तथा सुपर जोनल 7 कार्यरत होंगे। जिला अंतर्गत सभी विधानसभा में तीन-तीन उड़नदस्ता और तीन स्थैतिक निगरानी दल बनाए गए हैं। तीनों विधानसभा के लिए अलग अलग डिस्पैच सेंटर बनाए गए हैं, जिनमें मखदुमपुर, घोसी और जहानाबाद शामिल है। तीनों विधानसभा के लिए जहानाबाद के एस.एस. कॉलेज में मतगणना केंद्र बनाया गया है। यहां पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था पहले से ही की गई है। किसी भी व्यक्ति के अनाधिकृत प्रवेश पर यहां पाबंदी होगी।

# शराब सेवन व बिक्री मामले में 26 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

औरंगाबाद। जिले में आदर्श आचार संहिता के अनुपालन एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के उदेश्य से मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग द्वारा निरंतर सघन छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 9 नवंबर को औरंगाबाद जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में शराब के विरूद्ध विशेष छापामारी अभियान संचालित किया गया। जिला अंतर्गत की गई छापामारी के तहत तीन व्यवित्तयों को शराब बेचने तथा 26 व्यक्तियों को शराब के सेवन करने के आरोप में गिरफ्तार करते हुए कुल 730.80 लीटर देसी शराब एवं 0.75 लीटर विदेशी शराब तथा 12700 किलोग्राम जावा महुआ बरामद किया गया। साथ ही एक बाइक को भी जब्त किया गया। शराब बेचने के आरोप में नगर थाना अंतर्गत विराटपुर मोहल्ला चौधरी गली से दो व्यक्तियों को देसी एवं विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। कुटुंबा थाना अंतर्गत एरका चेकपोस्ट से एक व्यक्ति को विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। रफीगंज में देसी शराब एवं एक बाइक को जब्त किया गया। साथ ही शराब के सेवन करने के आरोप में जिला के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 26 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इसके अतिरिक्त नरारीकला थाना अतर्गत शेखपुरा सोन दियारा, मेह सोन दियारा, गोपी बिगहा सोन दियरा एवं नरारीकल सोनदियरा में ड्रोन के माध्यम से छापामारी की गई जिसके तहत भारी मात्रा में अवैध चुलाई शराब और जावा महुआ बरामद करते हुए विनष्ट किया गया एवं कई शराब भठियों को ध्वस्त किया गया। मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग औरंगाबाद द्वारा यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं शांति सुनिश्चित की जा सके।

# डीएम अंशुल कुमार ने दिया निष्पक्षता का संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया**। लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व की पूर्व संध्या पर पूरा पूर्णिया प्रशासनिक चौकसी और जनभागीदारी के संकल्प के साथ तैयार है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने सोमवार को मतदान दलों की बैठक में कहा कि '11 नवंबर को जिले की सातों विधानसभा क्षेत्रों में होने वाला मतदान शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न होना चाहिए, यही हमारा दायित्व भी है और चुनौती भी।' डीएम ने सभी मतदान कर्मियों को निर्देशित किया कि हर स्तर पर मतदान प्रक्रिया की पारदर्शिता और अनुशासन सुनिश्चित हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार आधार कार्ड को भी वैध पहचान पत्र के रूप में स्वीकार किया गया है। उन्होंने बताया कि यदि किसी मतदाता के आधार कार्ड पर संदेह की स्थिति उत्पन्न होती है, तो उसका क्यूआर कोड स्कैन कर वास्तविकता की पुष्टि की जाएगी। जांच में कोई विसंगति या फजीर्बाड़ा पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डीएम अंशुल कुमार ने जिले के मतदाताओं से अपील की कि वे लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपने मत का प्रयोग अवश्य करें।

# औरंगाबाद में मतदान आज, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, सीमाएं सील

## 2279 मतदान केंद्रों पर कुल 18 लाख 28 हजार 361 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। जिले में सोमवार, 11 नवंबर को मतदान कराया जाएगा। मतदान को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त माहौल में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के अत्यंत कड़े प्रबंध किए हैं। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि जिले के 2279 मतदान केंद्रों पर कुल 18 लाख 28 हजार 361 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी बूथों पर पेयजल, बिजली, रैंप और शौचालय जैसी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

पुलिस अधीक्षक अंबरीष राहुल ने बताया कि झारखंड से लगने वाली सभी सीमाओं को पूरी तरह सील कर दिया गया है और जिले में 103 कंपनियां केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की तैनात की गई हैं, जिनमें बीएसएफ की दो कंपनियां भी शामिल हैं। पूरे जिले में 42 चेक पॉइंट बनाए गए हैं, जहां वाहनों की सघन जांच की जा रही है। जिले के 13 मार्गों को नक्सल प्रभावित और अति संवेदनशील के रूप में चिह्नित किया गया है, जहां विशेष पुलिस गश्त और रोड पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गई है ताकि मतदान दलों की आवाजाही पूरी तरह सुरक्षित रहे। प्रशासन ने जिले के 402 बूथों को "अति संवेदनशील" घोषित किया है, जहां बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सभी 1405 मतदान भवनों पर केंद्रीय अर्धसैनिक बल की तैनाती की गई है, जबकि बड़े और भीड़भाड़ वाले बूथों पर अतिरिक्त बल लगाया गया है। जिले की कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए प्रशासन ने 13 हजार से अधिक लोगों पर अग्रिम कार्रवाई की है और 125 संदिग्धों को जिला या थाना बदर किया गया है। सभी लाइसेंसधारी हथियारों का सत्यापन कर उन्हें जब्त कर लिया गया है ताकि मतदान के दौरान किसी भी प्रकार का दुरुपयोग न हो सके। छह विधानसभा क्षेत्रों में मतदान प्रक्रिया की निगरानी के लिए 215 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 52 जोनल मजिस्ट्रेट और 12 सुपर जोनल मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है। हर बूथ पर वेबकास्टिंग की सुविधा रहेगी और जिला मुख्यालय पर तीन नियंत्रण कक्ष तथा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक नियंत्रण कक्ष बनाया गया है, जहां से मतदान की रीयल-टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी। मतदान से पहले औरंगाबाद पुलिस ने दो सप्ताह तक व्यापक सर्च और एरिया डॉमिनेंस अभियान चलाया है। अब तक 909 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, 9000 लीटर से अधिक अवैध शराब जब्त की गई है और 3.78 लाख रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस ने फरार अपराधियों और मादक पदार्थों के कारोबारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की है।

एसपी अंबरीष राहुल ने कहा कि "हमारा लक्ष्य हर हाल में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और भयमुक्त मतदान कराना है। किसी को भी कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।"

# वर्ष 1953 के बने गांधी मैदान बस स्टैंड की स्थिति बदहाल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। वर्ष 1953 में स्थापित गांधी मैदान बस स्टैंड की स्थिति इन दिनों काफी बदहाल हो गई है। बस स्टैंड कभी बसों की भीड़ से गुलजार रहता था। अब यहां सन्नाटा पसरा रहता है। यहां न कर्मी और न ही स्टैंड की स्थिति ठीक है। बता दें कि स्टैंड का निर्माण 1953 में हुआ था। पहले बस स्टैंड में दिन-रात भीड़ लगी रहती थी परंतु आज यहां सन्नाटा पसरा है। यहां पहले 1० बड़े होटल थे। लाइट की पूरी व्यवस्था थी। रात भर स्टैंड जगमगाते रहता है परंतु अब यहां अंधेरा रहता है। बस स्टैंड का प्रतीक्षालय इन दिनों जुआरियों का अड्डा बन गया है। सुबह आठ बजे से देर रात तक जुआरी जुआ खेलते रहते हैं। प्रतीक्षालय में गंदगी लगी रहती है। गंदगी के कारण लोग यहां बैठने से कतराते हैं। बता दें कि वर्ष 1992-1993 से लेकर वर्ष 1999 तक स्टैंड से स्टैंड से 4० बसें पटना, डाल्टेनगंज, वाराणसी, रायगढ़, रांची, टाटा, बोकारो समेत अन्य जगहों के लिए खुलती थी। बता दें कि 15 नवंबर 2००० को बिहार-झारखंड का बंटवारा हुआ। उसी समय अधिक बसें झारखंड के कोटे में चली गई लेकिन अब यहां से पटना, गया सहित के लिए बसे चलती है।

**13 वर्षों से बंद है पेट्रोल पंप**

बिहार बंटवारे के बाद से स्टैंड एवं उसके कर्मी रो रहे हैं। स्टैंड में पेट्रोल पंप है जो पिछले 12 वर्षों से बंद है। यह पंप अब पूरी तरह से कबाड़खाना में तब्दील हो गया है। बता दें कि पेट्रोल पंप हीं नहीं बल्कि यह पूरा स्टैंड कबाड़खना बनकर रह गया है। स्टैंड के भवन की स्थिति अत्यंत जर्जर हो गई है। इसको लेकर किसी को भी ध्यान नहीं है। सरकार का करोड़ो रुपये पानी में जा रहा है। बस की कमी के कारण धीरे-धीरे डीजल आना बंद हो गया।

# जहानाबाद विधानसभा सीट पर दो पूर्व सांसदों की प्रतिष्ठा लगी दांव पर

## पिछले 7 चुनाव में जेडीयू दो बार, आरजेडी चार बार और आरएलएसपी के प्रत्याशी एक बार रहे हैं आगे विजेता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। जहानाबाद सदर विधानसभा सीट इस बार जहानाबाद जिले की हॉट सीट बनी हुई है। कहें तो इस बार के चुनाव में यहां पर दो पूर्व सांसदों की प्रतिष्ठा भी दाव पर लगी हुई है। जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र से पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी जदयू के टिकट पर चुनाव में खड़े हैं तो वहीं राजद के टिकट पर पूर्व सांसद जगदीश शर्मा के बेटे राहुल कुमार इस बार यहां चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र में कुल 301241 मतदाता 11 प्रत्याशियों के भाग का फैसला मंगलवार को ईवीएम का बटन दबाकर करेंगे। जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र में 159091 पुरुष मतदाता हैं तथा 142147 महिला मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। यहां पर देखा जाए तो लिंगानुपात जिले में सबसे अधिक 893 है और इससे भी कहीं बढ़कर देखा जाए तो महिला मतदाताओं का मत प्रतिशत पिछले चुनावों में काफी बढ़ा है, जिसके कारण सभी राजनीतिक दल महिला मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की कवायत में जुटे हैं।

अगर पिछले कुछ चुनावों के आंकड़ों की बात की जाए तो वर्ष 2020 के चुनाव में राजद प्रत्याशी कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव को यहां 47 फ़ीसदी मत प्राप्त हुआ था जिन्हें 75030 मत मिले थे। वहीं इस चुनाव में जदयू प्रत्याशी कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा को 25.8 फ़ीसदी मत के साथ 41128 प्राप्त हुए थे। इस चुनाव में लोजपा के हिंदू कश्यप को 15.2% मत के साथ 24176 मत प्राप्त हुए थे। 2020 के चुनाव में 258368 मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज था जिसमें 53.66% मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। यहां से राजद प्रत्याशी को 33902 मतों से विजय प्राप्त हुआ था। राजद प्रत्याशी को अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से 21.2 प्रतिशत अधिक मत प्राप्त हुए थे। 2020 के विधानसभा चुनाव में यहां से कुल 8 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे थे। आंकड़ों के हिसाब से वर्ष 2015 के विधानसभा चुनाव की बात की जाए तो यहां राजद और आरएलएसपी के बीच सीधा मुकाबला था। राजद प्रत्याशी मुद्रिका प्रसाद यादव को यहां 50.87% के साथ 76458 मत प्राप्त हुए थे, वहीं इनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी आरएलएसपी के प्रवीण कुमार को 30.69% मत के साथ 46137 मत प्राप्त हुए थे। इस प्रकार उस चुनाव में राजद के प्रत्याशी को 20.2% मतों के साथ 30321 मतों से जीत मिली थी। इस चुनाव में यहां से 9 प्रत्याशियों ने अपनी किस्मत आजमाई थी।इसके पूर्व वर्ष 2010 के विधानसभा चुनाव में राजद को यहां से हार का सामना करना पड़ा था। इस चुनाव में जदयू प्रत्याशी को 32.11% मत प्राप्त हुए थे वहीं राजद के प्रत्याशी को 24.36% मत मिला था। जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र की बात करें तो पिछले 7 चुनाव में जदयू को यहां से दो बार बढ़त मिला है, वही सबसे अधिक आरजेडी को चार बार इस विधानसभा क्षेत्र से लीड मिली है। वर्ष 2014 के लोकसभा के चुनाव में आरएलएसपी के उम्मीदवार अरुण कुमार यहां से बढ़त प्राप्त हुई थी । जातिगत समीकरण के आधार पर देखा जाए तो यहां पर भूमिहारऔर यादव वर्ग के मतदाता निर्णायक माने जाते हैं। हालांकि अति पिछड़ा वर्ग के वोटरों की संख्या भी यहां काफी है। इस बार के चुनाव में चुनाव मैदान में डटे प्रमुख उम्मीदवारों में राजद प्रत्याशी राहुल कुमार, जदयू प्रत्याशी चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, जन सुराज प्रत्याशी अभिराम सिंह एवं निर्दलीय प्रत्याशी रितेश कुमार उर्फ चुन्नू शर्मा के बीच आहम मुकाबला माना जा रहा है। ऐसे में देखना होगा कि यहां विकास, रोजगार, पलायन, सुशासन में से कौन सी बात जनता के मन में बैठती है, या फिर से एकबार जातिगत समीकरण यहां हावी रहती है। अब देखना होगा कि आने वाले 14 नवंबर को इस बार जहानाबाद की जनता किसके सर पर ताज पहनती है। लेकिन फिलहाल जहानाबाद विधानसभा सीट बिहार के एक बहुचर्चित विधानसभा सीट के रूप में देखा जा रहा है।

# जर्जर सड़क से ग्रामीण परेशान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। नबीनगर प्रखंड के विभिन्न पथों की हालत इन दिनों काफी जर्जर हो गई है। अभी भी मार्ग में सड़क होने से सफर करने में ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नबीनगर प्रखंड कार्यालय से वीर कुंवर सिह महाविद्यालय होते हुए साया गांव तक जाने वाली सड़क आज भी कच्ची है। सड़क की लंबाई लगभग दो किलोमीटर है। इन दिनों यह सड़क चलने लायक नहीं है। ग्रामीण अभय सिह, पिंटू सिह सहित बताते हैं कि इस पथ से सफर करने के लिए हर मोड़ पर परेशानी होती है। इस सड़क के निर्माण होने से नवीनगर शहर को जाम से निजात मिल सकता है। बता दें कि इस सड़क से होकर प्रतिदिन सैंकड़ों छात्र-छात्राओं का आना जाना वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय लगा रहता है। सड़क के निर्माण नहीं होने से सबसे अधिक परेशानी लोगों को बारिश के दिनों में होता है। इस सड़क से दर्जनों गांव के ग्रामीणों का आवागमन होता रहता है। रात्रि के दौरान उक्त मार्ग से दो पहिया वाहन चलाने में परेशानी होती है। आसपास के ग्रामीणों का कहना है कि कच्चे रास्ते से सफर करने के दौरान उन्हें रात्रि में बेहद ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वाहन चालक अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो रहे है। बताया जाता है कि उक्त मार्ग पर पूरी तरह से अंधकार पसरा रहता है। ऐसी स्थिति में जगह-जगह उभर आए गड्ढों के कारण वाहन चालक अनियंत्रित हो जाते है और वे हादसे का शिकार हो जाते है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे अर्से से सड़क कच्ची है। इतना होने के बावजूद भी अधिकारी गंभीर नहीं है। ग्रामीणों ने सड़क की जल्द से जल्द निर्माण कराने की मांग की है।

# रफीगंज प्रखंड के 273 मतदान केंद्रों पर आज पड़ेगा वोट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रफीगंज**। रफीगंज प्रखंड के 23 पंचायतों में स्थित कुल 273 मतदान केंद्रों पर आज मतदान होगा। इनमें से रफीगंज प्रखंड के 19 पंचायतों में 230 मतदान केंद्र शामिल हैं, जबकि गोह प्रखंड के 4 पंचायतों के 43 मतदान केंद्र भी इसी प्रखंड मुख्यालय से संचालित किए जाएंगे। सभी मतदान कार्यों का कंट्रोल रफीगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित बहुद्देशीय भवन से किया जाएगा। प्रखंड में कुल 2,22,805 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें से रफीगंज विधानसभा क्षेत्र के 1,86,541 मतदाता मतदान करेंगे, जिनमें 88,612 महिला तथा 98,066 पुरुष मतदाता शामिल हैं। रफीगंज विधानसभा क्षेत्र को 22 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। वहीं गोह विधानसभा क्षेत्र के लिए बनाए गए 4 सेक्टरों के 43 बूथों पर कुल 36,264 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। प्रखंड परिसर स्थित मनरेगा भवन के मतदान केंद्र संख्या 106 और 107 को आदर्श मतदान केंद्र घोषित किया गया है, जहाँ विशेष सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। चुनाव की तैयारी को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। बीडीओ अश्विनी कुमार, अंचलाधिकारी भारतेन्दू सिंह तथा थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि मतदान को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष बनाने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है और सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चौकस है।

# सूरज ने पावरलिफ्टिंग में जीता गोल्ड मेडल

## नेशनल प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। शहर से सटे पवई गांव के होनहार युवक सूरज कुमार ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर जिले का मान बढ़ाया है। सूरज ने नई दिल्ली में आयोजित इंडियन पावरलिफ्टिंग फेडरेशन की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न राज्यों से सैकड़ों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था, जिनके बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा रही। सूरज ने अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि पर औरंगाबाद सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। गोल्ड मेडल जीतने के साथ ही सूरज का चयन अब नेशनल पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए हो गया है, जहां वह बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगे। सूरज ने बताया कि इस सफलता के पीछे उनके कोच और परिवार का विशेष योगदान रहा है, जिन्होंने हमेशा उन्हें प्रोत्साहित किया। परिजनों, दोस्तों और स्थानीय ग्रामीणों ने सूरज की इस सफलता पर गर्व व्यक्त किया है। गांव में लोगों ने मिठाइयां बांटकर उनकी उपलब्धि का जश्न मनाया। सूरज ने कहा कि उनका अगला लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करना है।

# मारपीट का आरोपित गया जेल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। मारपीट के आरोप में फरार एक युवक को देव पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। पकड़ा गया आरोपी थाना क्षेत्र के खुशियालपुर का रहने वाला अशोक महतो है। इसके खिलाफ मारपीट मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई थी जिसमें यह फरार चल रहा था। इसी क्रम में सोमवार को पकड़ा गया। थानाध्यक्ष कुमार सौरभ ने बताया ने बताया कि मारपीट के एक आरोपी युवक को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत उसे जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न करवाने के लिए विभिन्न अपराधों में फरार अभियुक्तों के खिलाफ पुलिस निरंतर कार्रवाई कर रही है। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके विरुद्ध न सिर्फ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

# पेड़ से गिरकर युवक जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। पेड़ की टहनी काटने के दौरान पेड़ से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मामला जम्होर थाना क्षेत्र के बिशुन बिगहा का है। घायल युवक की पहचान उस गांव निवासी प्रदीप कुमार के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि घर के पास एक पेड़ था। पेड़ की टहनी काटने के लिए प्रदीप पेड़ पर चढ़ गया। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया, जिससे वह अनियंत्रित होकर नीचे गिर पड़ा जिसमें गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों से इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के चिकित्सकों ने उपचार किया।

# मखदुमपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदान की तैयारी पूरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। जहानाबाद जिले के मखदुमपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। आज होने वाले चुनाव को लेकर सभी कर्मी मतदान केंद्रो पर पहुंच चुके हैं। मखदुमपुर प्रोजेक्ट कन्या विद्यालय प्रांगण में बने डिस्पैच सेंटर से चुनाव में लगे कर्मियों के बीच इवीएम मशीन एवं अन्य सामग्रियों का वितरण किया गया। सामग्री प्राप्त करने के बाद पोलिंग पार्टी अपने मतदान केंद्र पर रवाना हुए। सामग्री वितरण को लेकर कर्मियों का आना सोमवार की सुबह 10 बजे से ही शुरू हो गया था। शाम तक सभी चुनाव कर्मियों और पुलिस दल अपने-अपने मतदान केंद्र पर पहुंच चुके थे। चुनाव सामग्रियों का वितरण कार्य का डीएम अलंकृता पांडे के द्वारा निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर डीएम ने सभी कर्मियों को निष्पक्षपूर्ण तरीके से चुनाव कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने बूथ पर किसी भी प्रकार की गड़बड़ी होने पर फ़ौरन चुनाव कंट्रोल रूम में सूचित करने का निर्देश दिया। निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में मतदान कराने का जिलाधिकारी द्वारा मौजूद कर्मियों को निर्देश दिया गया।

# शहर में कचरे का ढ़ेर लगने से नाला हो गया जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। शहर में जगह जगह कचरे का ढेर लगा है। शहर के विभिन्न मोहल्लों में कचड़ा जमा होने और सफाई व्यवस्था की कमी ने कई समस्याएं उत्पन्न कर दी है। बता दें कि यह स्थिति सिर्फ शहर की सुंदरता को प्रभावित कर रही है बल्कि नागरिकों के लिए भी असुविधा का कारण बन रही है। कचड़े के अंबार से नाला जाम हो गया है। बता दें कि शहर में सफाई व्यवस्था केवल खानापूर्ति बनकर रह गई है। बता दें कि शहर में सफाई के नाम पर लगभग 45 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इतना होने के बावजूद भी सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं दिख रहा है। वहीं नगर परिषद की ओर से कचड़ा उठाव की व्यवस्था तो की गई है परंतु कर्मचारियों की लापरवाही और औपचारिकता के कारण शहर में गंदगी का अंबार लग रहा है। कचड़े की अंबार के कारण नालियां जाम हो जाती है और गंदा पानी सड़कों पर बहता रहता है जिससे दुर्गंध फैलती है। गंदगी से संक्रामक रोग फैलन की आशंका बनी रहती है। इसके अलावा कचड़े के ढेर के समीप आवारा पशुओं का जमावड़ा भी रहता है जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। बारिश के मौसम में कचड़ा जमा होने से निचले इलाकों में पानी भर जाता है जिससे नागरिकों और दुकानदारों को नुक सान होता है। नावाडीह के दिन्ेश सिंह, अंकित कुमार ने नगर परिषद से उचित कचड़ा निस्तारण व्यवस्था की मांग की है। कहा कि कर्मचारियों को नियमित और सही तरीके से काम करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। साथ ही शहर में डंप किए गए कचड़े के निष्पादन के लिए स्थायी समाधान खोजने की आवश्यकता है। सफाई कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए और नागरिकों को कचड़ा सही जगह पर फेंकने के लिए जागरूक किया जाना चाहिए। बताया कि विभाग को सफाई कार्य के प्रति सजग रहकर कार्य करने की आवश्यकता है ताकि नागरिकों को सुविधाओं का ध्यान रखा जा सके।

# आज रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के 2,86,876 मतदाता चुनेंगे अपना विधायक

## रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 151599 पुरुष व 1,34,211 महिला मतदाता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामगढ़ (कैमूर)।** रामगढ़ विधानसभा सीट पर आज 2,86,876 मतदाता अपने दिये गये एक एक मत से किसके सिर पर जीत का ताज रखेंगे, यह देखना काफी दिलचस्प होगा। पिछले कई दिनों से जारी चुनावी शोर थमने के बाद अपनी जीत के लिए जद्दोजहद कर रहे प्रत्याशियों के भाग्य पर जनता आज अपना मुहर लगायेगी। देखना यह होगा आने वाले समय में रामगढ़ की जनता किसका राज कायम करेगी। चुनावी मैदान में उतरे प्रत्याशियों पर नजर डालें, तो कुल छह प्रत्याशी शामिल हैं जिसमें राष्ट्रीय जनता दल से अजीत कुमार, भारतीय जनता पार्टी से अशोक कुमार सिंह, बहुजन समाज पार्टी से सतीश कुमार सिंह, जनसुराज पार्टी से आनंद कुमार सिंह, सुहैल देव भारतीय समाज पार्टी से घूरेलाल राजभर व निर्दलीय से राम प्रवेश सिंह हैं। इधर मंगलवार को होने वाले निष्पक्ष मतदान को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सारी तैयारी पूरी करते हुए मंगलवार की सुबह सात से शाम छह बजे तक मतदान करने का समय सीमा तय किया गया है। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं के आंकड़ों पर नजर डालें तो विधानसभा के अंतर्गत आने वाले तीन प्रखंड रामगढ़, नुआंव व दुर्गावती में महिला, पुरुष, थर्ड जेंडर व सर्विस वोटरों की कुल संख्या 286876 है, जिसमें पुरुष मतदाता 151599, महिला 134211, थर्ड जेंडर 03 व सर्विस वोटर 1063 शामिल हैं। प्रशासन द्वारा 198 भवनों के 346 मतदान केंद्रों पर मतदान कराये जायेंगे, विधानसभा को कुल 37 सेक्टर में बांटा गया है। भयग्रस्त वाले 10 मतदान केंद्र, जबकि क्रिटिकल बूथ 79 चिह्नित किये गये हैं, जिन्हें देखने के लिए 13 माइक्रो आब्जर्वर होंगे। रामगढ़ विधानसभा में भय मुक्त व निष्पक्ष मतदान कराने को लेकर आइएएस प्रेक्षक की भूमिका में हर्षित पृथ्वीराज गोसावी होंगे। पुलिस प्रेक्षक आईपीएस अब्दुल हमीद होंगे जहां क्षेत्र में किसी भी जगह विधि व्यवस्था में व्यवधान आने पर सीधे इनके द्वारा कार्रवाई की जायेगी। रामगढ़ में बूथ संख्या 178 को आदर्श मतदान केंद्र जो उच्च विद्यालय रामगढ़ का पूर्वी भाग होगा उसे बनाया गया है जबकि विधानसभा में पिंक मतदान केंद्र बूथ संख्या 183 व 184 आदर्श बालिका प्लस टू उत्तरी व पश्चिमी भाग को बनाया गया है। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए जिला में नियंत्रण कक्ष जिसका बेसिक नंबर 06189 222124 है। इस पर चुनाव के दौरान किसी भी गड़बड़ी को लेकर ग्रामीण सीधे संपर्क कर सकते हैं।



# तीन गुलाबी बूथों पर 1002 महिला मतदाता करेंगी वोटिंग



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोचस (रोहतास)।** मंगलवार को होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर प्रखंड के सभी मतदान केंद्रों पर सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। इसमें तीन गुलाबी बूथों पर 1002 महिला मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगी। इसकी जानकारी सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ चंद्रभूषण गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्र राजकीय मध्य विद्यालय कोचस 88, प्राथमिक विद्यालय ओझवलिया व प्राथमिक विद्यालय उसरांव को गुलाबी मतदान केंद्र बनाया गया है। जबकि मतदान केंद्र संख्या 85, 86 और 87 को मॉडल बूथ बनाया गया है। वहीं, एक मतदान केंद्र दिव्यांगजनों के लिए भी बनाया गया है जहां वो सुगमतापूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। बीडीओ ने बताया कि क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर दो सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं। कुल 158 बूथों पर आवश्यक चीजों बेंच, कुर्सी, टेबल, बिजली, पानी आदि की सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है जहां 128451 मतदाता अपने पसंदीदा उम्मीदवारों के पक्ष में वोटिंग करेंगे। इसमें 68779 पुरुष, 59664 और आठ थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं।

## चुनाव के दूसरे चरण के मतदान की तैयारियां पूरी, मतदान आज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज।** बिक्रमगंज में 11 नवंबर को होने वाले काराकाट विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान की तैयारियां पूरी हो गई हैं। सोमवार को नटवार बाजार समिति स्थित डिस्पैच सेंटर पर मतदान कर्मियों को चुनाव सामग्री का वितरण शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ।

यह वितरण काराकाट निर्वाचन पदाधिकारी सह एसडीएम बिक्रमगंज प्रभात कुमार और एएसपी सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संकेत कुमार की देखरेख में हुआ। कर्मियों को उनके संबंधित मतदान केंद्रों की सूची के साथ-साथ मतदाता सूची की मुद्रित प्रतियां, अमिट स्याही, फॉर्म, लिफाफे, अन्य स्टेशनरी और आपातकालीन स्थिति के लिए फर्स्ट एड किट भी सौंपी गई। प्रत्येक मतदान दल जिसमें पीठासीन अधिकारी और तीन अन्य मतदान अधिकारी शामिल थे, ने विशेष काउंटरों पर पहुंचकर अपनी सामग्री प्राप्त की। अधिकारियों ने इवीएम को सील करने और मतदान प्रक्रिया के महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। ताकि मतदान के दिन किसी भी तकनीकी या प्रक्रियात्मक त्रुटि से बचा जा सके।

डिस्पैच सेंटर पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। पूरा परिसर पुलिस और अर्धसैनिक बलों के घेरे में था और आने वाले हर व्यक्ति की गहन जांच की गई। चुनावी सामग्री को जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम लगे विशेष वाहनों से मतदान दलों को उनके गंतव्य बूथों तक रवाना किया गया। निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि विभिन्न संवेदनशील बूथों पर सुरक्षा बलों की अतिरिक्त टुकड़ियां तैनात की जाएंगी और मतदान दलों को कड़ी सुरक्षा के बीच गंतव्य तक पहुंचाया जाएगा। सभी मतदान कर्मियों को निर्देश दिया गया है कि वे समय पर अपने बूथों पर पहुंचकर ईवीएम की स्थापना, बूथों का लेआउट और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं 11 नवंबर की सुबह मतदान शुरू होने से पहले पूरी कर लें।

## छात्रा से मोबाइल की छिनतई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** जमुहार स्थित गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रही एक छात्रा से युवक ने दुपट्टा खींच कर गिरा दिया और मोबाइल ले भागा। यह घटना विश्वविद्यालय परिसर में घटी। पुलिस के अनुसार इस संबंध में औरंगाबाद जिले के नवीनगर थाना क्षेत्र के माधे गांव निवासी सुशील कुमार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## आपसी विवाद में मारपीट, वृद्ध की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला।** थाना क्षेत्र के तेंदुआ गांव में रविवार की देर रात आपसी विवाद में एक युवक ने 70 वर्षीय वृद्ध की पिटाई कर दिया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक तेंदुआ कला निवासी 70 वर्षीय सिपाही पासवान बताए जाते हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच आरोपित बिमलेश राम को गिरफ्तार कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया।

# मोहनियां विस सीट के 12 प्रत्याशियों की किस्मत आज इवीएम में होगी बंद

## बूथों के लिए इवीएम व मतदान सामग्रियों के साथ रवाना हुए चुनाव कर्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोहनियां।** मोहनियां और रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में मंगलवार को होने वाले मतदान को लेकर सोमवार को डिस्पैच सेंटर एमपी कॉलेज से इवीएम, वीवीपैट और अन्य चुनाव सामग्रियों के साथ मतदान कर्मियों को उनके निर्धारित बूथों के लिए रवाना किया गया। दोनों विधानसभा क्षेत्रों में क्रमशः 354 और 346 बूथों पर मतदान कराये जाने हैं। मालूम हो कि रविवार को ही मतदान कर्मियों ने डिस्पैच सेंटर में अपना योगदान दे दिया था जिसके बाद सोमवार को इवीएम वितरण और रवानगी की प्रक्रिया पूरी हुई। प्रत्येक बूथ पर चार-चार मतदान कर्मी तैनात किये गये हैं और सभी के लिए परिवहन की अलग अलग व्यवस्था की गयी थी। चुनाव अधिकारियों ने सभी मतदान कर्मियों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और व्यवस्थित तरीके से मतदान कराने का सख्त निर्देश दिया। साथ ही बताया गया कि रिजर्व में अतिरिक्त इवीएम रखे गये हैं, किसी भी बूथ पर मशीन में खराबी आने पर तुरंत नियंत्रण कक्ष को सूचित करना होगा। 221



भवनों में 354 मतदान केंद्र मोहनियां विधानसभा क्षेत्र में आज मंगलवार सुबह सात बजे से मतदान शुरू होगा। इस क्षेत्र में कुल 12 प्रत्याशी मैदान में हैं और 2,77,850 मतदाता उनका भविष्य तय करेंगे। इनमें 1,46,760 पुरुष, 1,30,076 महिलाएं, 1 तृतीय लिंग मतदाता और 713 सर्विस वोटर शामिल हैं। कुल 221 मतदान भवनों में 354 मतदान केंद्र स्थापित किये गये हैं। सुरक्षा को लेकर क्षेत्र को 33 सेक्टरों में बांटा गया है। साथ ही कई बूथों पर वेब कास्टिंग और माइक्रो ऑब्जर्वर की तैनाती की गयी है। शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित कराने के लिये सुरक्षा बलों की विशेष तैनाती की गयी है। इस संबंध में मोहनिया एसडीएम अनिरुद्ध पांडेय ने कहा की सभी मतदान कर्मियों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और स्वच्छ रूप से मतदान कराने का निर्देश दिया गया है। पोलिंग एजेंटों को फॉर्म 17 सी देना व उसकी रसीद लेना अनिवार्य है। मॉक पोल कर डेटा क्लियर करने के बाद सुबह सात बजे समय पर मतदान शुरू किया जायेगा। मोहनिया विस क्षेत्र से प्रत्याशियों की सूची नीतीश कुमार, असंख्य समाज पार्टी अजय कुमार, निर्दलीय रंजीत डोम, आम आदमी पार्टी मुन्ना कुमार, नेशनलिस्ट कांग्रेस इंद्रजीत राम, निर्दलीय नीतू कुमारी, निर्दलीय रविशंकर पासवान, निर्दलीय कन्हैया राम, जनतंत्र आवाज पार्टी गीता देवी, जनसुराज पार्टी संगीता कुमारी, भारतीय जनता पार्टी बाबू धन पासी, राष्ट्रीय जन संभावना पार्टी ओमप्रकाश नारायण, बहुजन समाज पार्टी।

# रेल दुर्घटना से निपटने को लेकर डीडीयू जंक्शन यार्ड में मॉकड्रिल

## आपदा प्रबंधन में तत्परता, समन्वय और समयबद्ध प्रतिक्रिया की परख हेतु अभ्यास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल (डीडीयू) द्वारा पूर्व नियोजित आपदा प्रबंधन अभ्यास (मॉकड्रिल) का सफल आयोजन किया गया। डीडीयू जंक्शन यार्ड स्थित क्रेन साइडिंग पर इस अभ्यास का उद्देश्य रेल दुर्घटना जैसी आकस्मिक परिस्थितियों में विभागीय समन्वय, त्वरित राहत कार्य और संसाधनों की कार्यक्षमता की वास्तविक परख करना था। मॉकड्रिल के अंतर्गत पैसेंजर गाड़ी के पटरी से उतरने की सूचना दोपहर 12:18 बजे प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही संबंधित विभागों द्वारा राहत कार्यों की त्वरित शुरुआत की गई। दुर्घटना राहत के लिए सभी संसाधन सक्रिय कर दिए गए। सभी गतिविधियां पूर्व निर्धारित योजना के अनुसार संचालित की गईं और अभ्यास को 13:50 बजे औपचारिक रूप से समाप्त घोषित किया गया। मॉकड्रिल का संचालन डीडीयू मंडल के संरक्षा विभाग द्वारा समन्वित रूप से किया गया जिसमें राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल, रेलवे के सभी प्रमुख विभागों—जैसे संरक्षा, सुरक्षा, परिचालन, यांत्रिक, सिविल व विद्युत इंजीनियरिंग, वाणिज्य, सिग्नल एवं दूरसंचार, चिकित्सा आदि की सक्रिय



भागीदारी रही। इसके अतिरिक्त जिला प्रशासन और अन्य संबद्ध एजेंसियों ने भी अभ्यास में सहयोग प्रदान किया। एनडीआरएफ की टीम ने मॉक घायलों की खोज, बचाव और स्ट्रेचर पर परिवहन का प्रदर्शन किया। चिकित्सा इकाई ने प्राथमिक उपचार प्रदान किया। आरपीएफ और जीआरपी ने भीड़ प्रबंधन और स्थल की सुरक्षा सुनिश्चित की। रेलवे के संबंधित विभागों की टीम द्वारा ट्रेन को पटरी पर लाकर परिचालन बहाल किया गया। सभी विभागों ने संचार, नियंत्रण, रिपोर्टिंग और निर्णय प्रणाली की सजीव परीक्षा दी। मंडल मुख्यालय स्थित नियंत्रण कक्ष से भी स्थिति की लगातार निगरानी की जा रही थी। अभ्यास के दौरान मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना, अपर मंडल रेल प्रबंधक दिलीप कुमार सहित सभी प्रमुख विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे और उन्होंने राहत कार्यों की निगरानी की। यह अभ्यास डीडीयू मंडल की आपदा प्रतिक्रिया क्षमताओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मंडल भविष्य में भी इस प्रकार के समन्वित अभ्यास करता रहेगा ताकि यात्रियों की सुरक्षा और सेवा में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जा सके।


बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी. (बी.सी.ई.सी.ई.)-2025/25 दिनांक- 10.11.2025

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2025**

**BCECE (PCM / PCB / PCMB)-2025 के संयुक्त मेधासूची के आधार पर सरकारी क्षेत्र के फार्मेसी धारा/ चिकित्सा धारा के पूर्ण सीटों एवं कृषि धारा के 50% सीटों पर तथा BCECE (CBA / PCA / MBA / MCA)-2025 के मेधासूची के आधार पर कृषि धारा के 50% सीटों पर सीट आवंटन / नामांकन हेतु Offline Mop-up Counselling कार्यक्रम से सम्बन्धित सूचना**

विज्ञापन संख्या-BCECEB(BCECE)-2025/21 एवं 2025/22 दिनांक 24.10.2025 तथा 2025/23 दिनांक 04.11.2025 के क्रम में BCECE-(PCM / PCB / PCMB)-2025 की संयुक्त (Joint) मेधासूची के आधार पर **बिहार राज्य के सरकारी क्षेत्र के फार्मेसी धारा / चिकित्सा धारा के पूर्ण सीटों** एवं **कृषि धारा की 50% सीटों पर** तथा BCECE (CBA / PCA / MBA/ MCA)-2025 के मेधासूची के आधार पर **कृषि धारा के 50% सीटों पर** नामांकन हेतु BCECE (PCM / PCB / PCMB / CBA/ PCA/ MBA/ MCA)-2025 में सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों / सम्बन्धित संस्थान के प्राचार्य तथा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि BCECE-2025 संयुक्त (Joint) मेधासूची के आधार पर आयोजित की गयी Round-1 Online Counselling की Document Verification के क्रम में 69 (उनहत्तर) अभ्यर्थियों का Biometric मिलान नहीं होने के कारण उन्हें एक अवसर देते हुए पुनः Biometric जाँच हेतु पर्षद कार्यालय में दिनांक 04.09.2025 एवं दिनांक 05.09.2025 को बुलाया गया था। ऐसे सभी अभ्यर्थियों को पुनः Biometric Verification कराने की सूचना सम्बन्धित संस्थान के प्राचार्य के माध्यम तथा पर्षद द्वारा उनके मोबाईल / email / SMS द्वारा दी गयी, परन्तु इनमें से कोई भी अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को Verification हेतु उपस्थित नहीं हुए। अतः उन सभी 69 अभ्यर्थियों को नामांकन हेतु अयोग्य करते हुए उनका नामांकन / आवंटित सीट को रद्द कर दिया गया।

Round-2 Online Counselling के आधार पर नामांकन उपरांत शेष रिक्त सीटों पर नामांकन हेतु Offline Mop-up Counselling के लिए सभी पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थियों से दिनांक 25.10.2025 से दिनांक 31.10.2025 तक की अवधि में Willingness माँगा गया था। प्राप्त Willingness के आधार पर कोटिवार मेधाक्रमानुसार कॉउन्सेलिंग कार्यक्रम प्रकाशित किया गया। प्रकाशन उपरांत पाया गया कि दिनांक 13.11.2025 से आयोजित की जाने वाली BCECE-2025 की Offline Mop-up Counselling हेतु उक्त 69 अभ्यर्थियों में से 33 अभ्यर्थियों द्वारा Willingness submit किया गया, जिस कारण Mop-up Counselling कार्यक्रम में उनका रौल नं. सम्मिलित हो गया। ऐसे सभी 33 अभ्यर्थी इस Mop-up Counselling के लिए पात्रता-प्राप्त नहीं हैं। इन अभ्यर्थियों की सूची पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध है। अतः इन्हें दिनांक 13.11.2025 से निर्धारित Offline Mop-up Counselling में भाग लेने की आवश्यकता नहीं है।

परीक्षा नियंत्रक


## पुरानी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** रोहतास जिले के बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के मानी गांव में सोमवार शाम पूर्व के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इस घटना में दो महिलाओं सहित तीन लोग घायल हो गए। मामले में दोनों पक्षों की ओर से बिक्रमगंज थाने में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई गई है जिसमें कुल 10 लोगों को आरोपी बनाया गया है। एक पक्ष की बिंदा देवी, पति मुनजी राम ने अपनी प्राथमिकी में बताया कि सोमवार शाम कृष्णा पासवान उर्फ मंटू शराब के नशे में उनके दरवाजे पर आए और गाली-गलौज करने लगे जब उन्होंने इसका विरोध किया तो कृष्णा पासवान ने मारपीट शुरू कर दी। बिंदा देवी के अनुसार इसी दौरान कृष्णा पासवान के परिवार के चार-पांच अन्य लोग भी लाठी-डंडे लेकर आ गए और उन पर हमला कर दिया। शोर सुनकर उनके परिवार के लोग मौके पर पहुंचे जिसके बाद हमलावर वहां से भाग गए। वहीं दूसरे पक्ष के कृष्णा कुमार, पिता जोखन राम ने अपनी प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि मुनजी पासवान और उनके परिवार के पांच लोग उनके दरवाजे पर आए और आते ही गाली-गलौज करने लगे। गाली सुनकर उनकी मां घर से बाहर निकलीं और विरोध करने लगीं तो उन लोगों ने उनकी मां के साथ मारपीट की। कृष्णा कुमार ने बताया कि जब वह अपनी मां को बचाने पहुंचे तो हमलावरों ने उनके साथ भी मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। गांव के लोगों के पहुंचने पर मां-बेटे की जान बची। थाना प्रभारी ललन कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों से प्राप्त आवेदनों के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

## करगहर सीट पर फिर चतुष्कोणीय मुकाबला

### आज डाले जायेंगे वोट, प्रशासनिक तैयारी पूरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**करगहर (रोहतास)।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए करगहर विधानसभा में मंगलवार को किंगमेकर के लिए वोट डाले जायेंगे। इसी बीच करगहर सीट एक बार फिर सुर्खियों में है। सासाराम अनुमंडल के अंतर्गत कोचस व करगहर प्रखंड में आने वाला यह क्षेत्र पूरी तरह ग्रामीण है और 257 गांवों से मिलकर बना है। जिला मुख्यालय सासाराम ही इसका सबसे नजदीकी शहरी केंद्र है। यहां की अर्थव्यवस्था और सामाजिक जीवन आज भी कृषि पर टिका है। इस बार एनडीए की ओर से जदयू प्रत्याशी वशिष्ठ सिंह, महागठबंधन से कांग्रेस के संतोष मिश्रा और जन सुराज से रितेश रंजन व बसपा से उदय प्रताप सिंह सहित 12 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। भले ही 12 प्रत्याशी अपने चुनावी मैदान में हैं, लेकिन इस चुनाव में चतुष्कोणीय मुकाबला होता नजर आ रहा है। करगहर की पहचान लंबे समय तक सासाराम से जुड़ी रही है। वर्ष 2008 में परिसीमन के बाद करगहर विधानसभा क्षेत्र का दर्जा मिला और 2010 में यहां पहली बार चुनाव हुआ था। यहां के प्रथम विधायक जदयू से स्व। रामधनी सिंह चुने गये थे। उन्हें प्रदेश का स्वास्थ्य मंत्री भी बनाया गया था। चुनाव आयोग के 2025 के आंकड़ों के अनुसार करगहर की कुल मतदाता 331333 जिसमें पुरुष 177067, 154257 महिलाएं व नौ थर्ड जेंडर है।


**Format C-2**

(For political party to publish in website, newspaper, TV)

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

***(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.***

Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल

*Name of the Election : बिहार विधान सभा

Name of State/UT : बिहार

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 79, गौड़ा बौराम | अफजल अली खाँ | ACJM-I Bisaul, जमालपुर थाना काण्ड सं०- 61/10, | धारा-147, 148, 341, 323, 504 भा.द.वि. आर्म्स एक्ट, आर्म्स एक्ट | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2. | 79, गौड़ा बौराम | अफजल अली खाँ | ACJM-II Bisaul, जमालपुर थाना काण्ड सं०- 84/19 | धारा-341, 323, 504/34 भा.द.वि., स्वेच्छा से चोट पहुंचाना | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

# डीएम-एसपी ने दिए निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने को लेकर दिशा निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर शेरघाटी में डिस्पैचिंग सेंटर पर संयुक्त ब्रीफिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी शशांक शुभंकर और पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार ने मतदानकर्मियों तथा सुरक्षाकर्मियों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन कार्य एक अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है जिसे पूर्ण निष्ठा, समर्पण और निष्पक्षता के साथ पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी मतदान कर्मियों से अपील की कि मतदान प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। यदि मतदान केंद्र पर किसी प्रकार की समस्या, गड़बड़ी या तकनीकी दिक्कत उत्पन्न हो तो तुरंत कंट्रोल रूम को सूचित कर समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के सभी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाए ताकि मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। वहीं पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी अप्रिय घटना की संभावना को ध्यान में रखते हुए सभी सुरक्षा बल सतर्क और सजग रहें। उन्होंने आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने तथा मतदान केंद्रों पर शांति बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। ब्रीफिंग के दौरान चुनावी प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न अधिकारी, सेक्टर मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी एवं सुरक्षाकर्मी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करना है, जिसके लिए सभी स्तरों पर पूरी तैयारी की गई है।

## डीएम-एसएसपी ने किया डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण

### शेरघाटी में चुनाव सामग्री वितरण की प्रक्रिया पर दिए निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** जिलाधिकारी शशांक शुभंकर और वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार ने सोमवार को शेरघाटी स्थित डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चुनाव सामग्री के वितरण की प्रक्रिया की बारीकी से समीक्षा की और उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर ने स्पष्ट किया कि मतदान कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित कर्मियों को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन गंभीरता से करने का निर्देश दिया। वहीं, वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष निर्देश दिए। उन्होंने मौजूद पुलिस पदाधिकारियों को सतर्क रहने और चुनाव से संबंधित सभी वाहनों की सघन जांच सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार और डीएसपी शैलेन्द्र सिंह सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

## लोग शत-प्रतिशत करें मतदान: जिला निर्वाचन पदाधिकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-डीएम शशांक शुभंकर ने गया जिलेवासियों से अपील की है कि वे 11 नवम्बर 2025 (मंगलवार) को होने वाले बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 में अपना मत अवश्य दें। उन्होंने कहा कि मतदान लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है और प्रत्येक मतदाता का एक-एक वोट बहुमूल्य है। यह सिर्फ अधिकार नहीं, बल्कि हमारी लोकतांत्रिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि हर मतदाता अपने मत का प्रयोग कर एक सशक्त, पारदर्शी और विकासोन्मुख शासन के निर्माण में भागीदार बने। मतदान दिवस पर भय, लालच या किसी दबाव से मुक्त होकर निर्भीक और स्वेच्छा से मतदान करें। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं, महिला मतदाताओं और प्रथम बार वोट देने वाले नागरिकों से आग्रह किया कि वे उत्साहपूर्वक मतदान केंद्र पहुंचें और दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने सभी से आह्वान किया 11 नवम्बर को शत-प्रतिशत मतदान कर लोकतंत्र को सशक्त बनाएं। आपका एक वोट, भविष्य की दिशा तय करता है।

## मंत्री प्रेम कुमार ने मतदाताओं से की भावनात्मक अपील

### लोकतंत्र के महापर्व में मतदान को बताया विकास का संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** विधानसभा चुनाव के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार और बिहार सरकार के मंत्री प्रेम कुमार ने मतदाताओं से भावनात्मक अपील की है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता का मत ही सबसे बड़ी ताकत है और यह चुनाव केवल एक प्रत्याशी को चुनने का अवसर नहीं, बल्कि बिहार के भविष्य को दिशा देने का महापर्व है। प्रेम कुमार ने कहा कि प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करे। उन्होंने लोगों से अपील की - 'पहले मतदान कीजिए, फिर जलपान कीजिए। आपका एक-एक मत बिहार के विकास और स्थिरता की दिशा में एक मजबूत कदम होगा।' उन्होंने कहा कि जिस तरह दीपावली में हम अपने घरों को रोशनी से भर देते हैं, उसी तरह मतदान करके लोकतंत्र के मंदिर को प्रकाशित किया जा सकता है। प्रेम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है और बिहार को भी इस विकास यात्रा में शामिल करने के लिए जनता की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है। मतदाताओं से उन्होंने अपील की कि मतदान के दिन किसी भी अफवाह या भ्रम में न पड़ें, बल्कि परिवार, पड़ोसी और मित्रों को भी मतदान केंद्र तक लेकर जाएं ताकि अधिक से अधिक लोग अपने मत का प्रयोग कर सकें। अंत में उन्होंने आह्वान किया कि सभी लोग लोकतंत्र के इस महापर्व को पूरे उत्साह और जिम्मेदारी के साथ मनाएं, ताकि गया और बिहार विकास और प्रगति के नए शिखर को छू सके।

## मगध विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह की तैयारियां तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय में आगामी दीक्षांत समारोह को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन परिसर के सौंदर्यीकरण और साफ-सफाई के कार्यों में तेजी लाया है। मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर दीक्षांत समारोह स्थल तक व्यापक स्तर पर स्वच्छता और सौंदर्यीकरण अभियान चलाया जा रहा है। कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही ने बताया कि दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय की गौरवशाली परंपरा और शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रतीक होता है। इसलिए परिसर को स्वच्छ, आकर्षक और व्यवस्थित रूप देने के लिए सभी संबंधित इकाइयों को विशेष निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल एक औपचारिक तैयारी नहीं है, बल्कि 'स्वच्छ परिसर, सुंदर परिसर' के आदर्श को साकार करने का अवसर भी है। कुलपति ने बताया कि बागवानी, पौधारोपण, रंग-रोगन, सड़क मरम्मत, भवनों की सफाई और प्रकाश व्यवस्था जैसे कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के लिए विभिन्न समितियां गठित की गई हैं। विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों से इन तैयारियों में सक्रिय सहभागिता की अपील की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की उपलब्धियों, अनुसंधान कार्यों और सामाजिक योगदान का उत्सव होगा। इसलिए यह जरूरी है कि परिसर का हर कोना इस अवसर की गरिमा को दर्शाए।

## महाविद्यालय में 12 नवंबर को होने वाले मतदान की सारी तैयारियां पूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में बिहार विधान सभा चुनाव 2025 के मद्देनजर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा 02 नवंबर से 12 नवंबर 2025 तक चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत अनुभवात्मक अधिगम से चुनावी प्रक्रियाएं समझाने का कार्य प्रगति पर है। 12 नवंबर को महाविद्यालय में होने वाले चुनाव में सात पार्टियों से प्रत्याशी छात्राएं अपने समर्थकों के साथ मतदान करेंगी। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन आज सभी पार्टियों के अध्यक्षों एवं प्रत्याशियों ने चुनाव की संयोजक राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ शगुफ्ता अंसारी एवं एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी की उपस्थिति में श्रोताओं से अपनी-अपनी पार्टियों की विचारधाराओं एवं लक्ष्यों को साझा किया। सभी उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ने के पीछे निहित अपनी पार्टी के उद्देश्यों एवं संकल्पों पर प्रकाश डाला। उम्मीदवारों ने प्रश्नोत्तरी सत्र में भी भाग लिया। श्रोताओं एवं समर्थकों से अपनी-अपनी पार्टी के चुनाव चिन्हों का ध्यान रखने का आग्रह किया। कुछ प्रत्याशियों ने श्रोताओं को रिझाने के लिए चुनाव पर आधारित गीत भी गाये। ज्ञातव्य है कि नामांकन पत्र जमा कर चुकी सात पार्टियों में से जन जागृति पार्टी की प्रत्याशी छात्रा जानवी कुमारी हैं तथा अध्यक्ष डॉ अनामिका कुमारी हैं, बिहार एकता पार्टी की प्रत्याशी करिश्मा कुमारी एवं अध्यक्ष डॉ अफशां नाहिद हैं। लोक कल्याण पार्टी की प्रत्याशी समरीन परवीन तथा अध्यक्ष डॉ वीणा कुमारी जायसवाल हैं, स्वतंत्र भारत पार्टी की प्रत्याशी शैली पाठक तथा अध्यक्ष डॉ नगमा शादाब हैं, लक्ष्य पार्टी की प्रत्याशी श्रेया हनी तथा अध्यक्ष डॉ प्रियंका कुमारी हैं, सर्व शिक्षा पार्टी की प्रत्याशी काजल कुमारी तथा अध्यक्ष डॉ रुखसाना परवीन हैं तथा सातवें नवाचार पार्टी की प्रत्याशी श्रेया मिश्रा एवं अध्यक्ष डॉ कृति सिंह आनंद हैं। सभी पार्टियां अपने-अपने प्रत्याशियों को भारी मत से विजयी करवाने के लिए प्रयासरत हैं। 12 नवंबर को महाविद्यालय में चुनाव के लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। चुनाव हेतु दो बूथों का निर्माण किया गया है। इस अवसर पर डॉ शुचि सिन्हा, डॉ जया चौधरी, डॉ विजेता लाल, डॉ फातिमा, डॉ नुद्रतुन निशां, डॉ शबाना परवीन, डॉ प्रमिला कुमारी, डॉ प्यारे मांझी, डॉ आशुतोष कुमार पांडेय, डॉ सुरबाला कृष्णा, डॉ गणेश प्रसाद, डॉ वीणा कुमारी आदि की उपस्थिति रही।

## अमेरिका निर्मित पिस्टल बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** एसएसबी 29वीं बटालियन गयाजी के कमांडेंट मधुकर अमिताभ को सोमवार प्राप्त विश्वनीय आसूचना के आधार पर निर्देशानुसार वाहिनी के एफ समवाय बन्नुबगीचा (लखीसराय) के सौरव रंजन, सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में एसएसबी एवं जिला पुलिस-लखीसराय, थाना- चानन के साथ संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान खिरयाद, बासकुंड (बांध के पास) के जगंल के क्षेत्र से अमेरिकी निर्मित पिस्टल- 01, जीवित एवं क्षतिग्रस्त कारतूस, डेटोनेटर, नक्सली दस्तावेज, पुस्तिकाएं, नक्सल लेवी रसीद की किताबें एवं नक्सली बैज आदि की बरामद की गयी। बरामद अमेरिकी निर्मित पिस्टल एवं अन्य प्रतिबंधित समान को थाना- चानन, जिला-लखीसराय (बिहार) को विधिक कार्रवाई हेतु सौंप दिया गया।

## निर्वाचन कार्य लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण दायित्व, पारदर्शिता के साथ निभाएं : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 के द्वितीय चरण के अन्तर्गत जिले के शेरघाटी एवं इमामगंज विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित मतदान सुनिश्चित करने हेतु सोमवार को रंगलाल हाई स्कूल शेरघाटी एवं एसएमएसजी कॉलेज शेरघाटी स्थित डिस्पैच सेंटर में मतदान दलों, सेक्टर, जोनल, सुपर-जोनल दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-डीएम ने सभी मतदान दलों और दंडाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि निर्वाचन कार्य लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण दायित्व है, इसलिए इसे पूरी निष्ठा, संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ निभाया जाए। पीठासीन पदाधिकारी पीआरओ ऐप के माध्यम से आवश्यक सभी रिपोर्ट और प्रविष्टियां समय पर उपलब्ध कराएंगे। सेक्टर एवं जोनल अधिकारी अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणशील रहकर मतदान दलों की गतिविधियों का पर्यवेक्षण सुनिश्चित करेंगे। अमिट स्याही निर्धारित प्रक्रिया के अंतर्गत लगाई जाएगी और सुखने के लिए उपयुक्त समय दिया जाएगा। प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदान दलों के लिए भोजन व्यवस्था हेतु रसोइया की प्रतिनियुक्ति की गई है। पर्दानशीं महिलाओं की पहचान सुनिश्चित कराने के लिए वॉलंटियर तैनात किए गए हैं। मतदान केंद्र परिसर में किसी भी मतदाता अथवा पदाधिकारी को मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। इसके लिए भी वॉलंटियर्स की व्यवस्था की गई है। प्रपत्र 17ए की प्रति पीठासीन पदाधिकारी द्वारा सभी उपलब्ध मतदान अभिकर्ताओं को प्रदान की जाएगी तथा उसकी पावती सुरक्षित रखी जाएगी। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं मतदान दलों से कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया की पवित्रता बनाए रखना प्रत्येक अधिकारी का उत्तरदायित्व है। अतः सभी कर्मी मतदान कार्य को पूरी प्रतिबद्धता और निष्पक्षता के साथ संपन्न करें। डीएम ने जिले के सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में सक्रिय भागीदारी करते हुए शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की है।

## वज्रगृह का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले के एसएसपी आनंद कुमार के निर्देशानुसार रविवार की मध्य रात्रि को बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के परिप्रेक्ष्य में गया कॉलेज, गयाजी स्थित गया शहर विधान सभा एवं बेलागंज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के ब्रजगृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ब्रजगृह स्थल की समग्र सुरक्षा व्यवस्था का गहन अवलोकन किया तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने ब्रजगृह स्थल पर सुरक्षा प्रबंधन, प्रवेश एवं निकास मार्ग, सीसीटीवी निगरानी, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली की समीक्षा करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु सतर्कता बरतने का निर्देश दिया।

## प्राध्यापक डॉ. अनिंद्य देव का एंडोमेट्रियोसिस पर अग्रणी शोध अंतरराष्ट्रीय पत्रिका में प्रकाशित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गयाजी)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं मीडिया विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अनिंद्य देव और उनकी शोधार्थी अंजलि जोशी द्वारा लिखित एंडोमेट्रियोसिस से ग्रस्त महिलाओं की प्रकटीकरण गतिशीलता और संचार चुनौतियां शीर्षक पर एक महत्वपूर्ण शोध पत्र स्कोपस-सूचीबद्ध पत्रिका वुमेन्स रिप्रोडक्टिव हेल्थ में प्रकाशित हुआ है। सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह, जनसंचार विभाग के डीन एवं प्रमुख प्रो. के. शिवशंकर और अन्य संकाय सदस्यों ने स्वास्थ्य संचार के क्षेत्र में इस महत्वपूर्ण योगदान के लिए डॉ. देव और उनकी शोधार्थी सुश्री जोशी को बधाई दी है। यह शोध न केवल विद्वानों की समझ को बढ़ाता है, बल्कि एंडोमेट्रियोसिस से जूझ रही महिलाओं की आवाज को भी बुलंद करता है जो स्वास्थ्य सेवा प्रणाली और समाज दोनों में ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर रही है। जन संपर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि यह शोधपत्र एंडोमेट्रियोसिस से ग्रस्त उन महिलाओं की वास्तविकताओं पर अंतर्दृष्टि प्रदान करता है जो अक्सर अपनी समस्या बताने से हिचकिचाती हैं। यह शोधपत्र व्यक्तिगत संबंधों और स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों में अधिक सहायक, सहानुभूतिपूर्ण और सूचित संचार प्रथाओं की तत्काल आवश्यकता पर भी प्रकाश डालता है। डॉ. अनिंद्य देव ने कहा कि यह गुणात्मक अध्ययन अपनी तरह का पहला अध्ययन है जो यह पता लगाता है कि एंडोमेट्रियोसिस से पीड़ित महिलाएं, विशेष रूप से डिस्परेयूनिया से पीड़ित महिलाएं, अपने अंतरंग साथियों के सामने अपनी स्थिति का खुलासा करने की व्यक्तिगत और अक्सर जटिल प्रक्रिया से कैसे निपटती हैं। नारीवादी दृष्टिकोण से यह शोध उजागर करता है कि सामाजिक कलंक और लैंगिक अपेक्षाएं महिलाओं के प्रकटीकरण, भावनात्मक कल्याण और संबंधों के अनुभवों को कैसे प्रभावित करती हैं।

## मतदान पदाधिकारियों की रवानगी, मतदान आज



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सोमवार की दोपहर 2 बजे टिकारी से टिकारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कोंच प्रखण्ड के विभिन्न बूथों के लिए मतदान पदाधिकारियों को रवाना किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारी कोंच बिपुल भारद्वाज ने बताया कि सभी मतदान दलों को आवश्यक सामग्री जैसे इवीएम मशीन, बैलेट यूनिट, वीवीपैट तथा चुनाव संबंधी जरूरी कागजात उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि मतदान कर्मियों को पुलिस बल की सुरक्षा में निर्धारित बूथों तक भेजा गया है, ताकि किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। बता दें कि गया जिले में 11 नवंबर को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। वहीं, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा कारणों से मतदान शाम 5 बजे तक ही संपन्न कराया जाएगा।

## जिले की दस विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों के बीच कड़ी टक्कर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दूसरे फेज को लेकर 11 नंबर को मतदान होगा। 14 नवंबर को नतीजे आएंगे। इस बीच गयाजी जिले के सियासी समीकरण कैसे हैं? जिले की दस विधानसभा सीट पर किसकी पकड़ कितनी मजबूत है, चलिए बता रहे हैं। गयाजी नगर विधानसभा (230) सीट पर भाजपा के कद्दावर नेता डॉ. प्रेम कुमार और कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व डिप्टी मेयर अखौरी ओंकारनाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव के बीच टक्कर है। लेकिन, जनसुरज पार्टी के प्रत्याशी धीरेन्द्र अग्रवाल त्रिकोणीय बनाने में जुटे हैं। गया नगर विधानसभा क्षेत्र में अतिक्रमण और जाम की समस्या मुख्य मुद्दे हैं, लेकिन वर्तमान में बदलाव की लहर तेज है। इसी कारण तीनों प्रत्याशी अपनी जातियों को साधने का प्रयास कर रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी डॉ. प्रेम कुमार 8 बार से जीतते आ रहे हैं। 9वीं बार भी ताल ठोक रहे हैं।

**बोधगया विधानसभा सीट**

बोधगया विधानसभा सीट पर एनडीए (लोजपा-आर) के प्रत्याशी श्यामदेव पासवान और राजद प्रत्याशी पूर्व मंत्री डॉ. कुमार सर्वजीत के बीच कंटे की टक्कर है। बोधगया विधानसभा क्षेत्र में विकास, पलायन और शिक्षा मुख्य मुद्दे हैं।

**बाराचट्टी विधानसभा**

बाराचट्टी विधानसभा (228) पर एनडीए (हम) पार्टी के प्रत्याशी निवर्तमान विधायक (केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की समधन) ज्योति देवी और राजद प्रत्याशी तनुश्री कुमारी के बीच टक्कर है। इन इलाकों में विकास के साथ-साथ बदलाव की लहर है। जनसंपर्क अभियान के दौरान हम प्रत्याशी ज्योति देवी का जनता ने विरोध भी किया था। इस विधानसभा में भी आज अपनी जाति समुदायों को साधने में जुटे हैं।

**इमामगंज विधानसभा**

इमामगंज विधानसभा (227) सीट पर एनडीए (हम) प्रत्याशी निवर्तमान विधायक दीपा कुमारी (केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की बहू) और राजद प्रत्याशी ऋतु प्रिया चौधरी के बाद सीधी टक्कर है। इमामगंज विधानसभा सीट पर पलायन और बेरोजगारी मुख्य मुद्दे हैं। वर्तमान में सभी मुद्दे खत्म हो गई।अब मोदी और तेजस्वी मुख्य मुद्दे बने हुए हैं।

**शेरघाटी विधानसभा सीट**

शेरघाटी विधानसभा सीट पर राजद प्रत्याशी प्रमोद कुमार वर्मा और एनडीए (लोजपा आर) के प्रत्याशी उदय कुमार सिंह के बीच है। हालांकि जनसुराज पार्टी के प्रत्याशी पवन कुमार त्रिकोणीय बनाने में जुटे हैं। यहां का वर्तमान मुद्दे पलायन और बेरोजगारी है, लेकिन यहां एनडीए हिन्दुओं को साधने में जुटी है। वहीं महागठबंधन एम वाई समीकरण बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

## जिला नियंत्रण कक्ष में सतत निगरानी एवं समन्वय की व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिला नियंत्रण कक्ष, गया पूरी सक्रियता के साथ संचालित रहा। जिला नियंत्रण कक्ष म्यूजियम सभागार में बनाया गया है। यहां इंटीग्रेटेड रूप से मीडिया नियंत्रण कक्ष, कम्युनिकेशन नियंत्रण कक्ष एवं वेबकास्टिंग नियंत्रण कक्ष एक साथ कार्यरत हैं। सभी कर्मी पूर्ण तत्परता एवं समर्पण के साथ कार्य करते हुए प्राप्त सूचनाओं पर आवश्यक कार्रवाई कर रहे हैं तथा सभी पोलिंग पार्टियों के आगमन की रिपोर्ट प्राप्त कर समस्त सूचनाओं का संकलन किया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी डीएम शशांक शुभंकर के निर्देशन में नियंत्रण कक्ष की यह व्यवस्था निर्वाचन प्रक्रिया के सुरक्षित, पारदर्शी एवं समुचित संचालन को सुनिश्चित कर रहा है।

## इवीएम रिसीविंग संबंधित ट्रैफिक प्लान जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** बिहार विधान सभा चुनाव 2025 में मतदान की तिथि 11 नवंबर को निर्धारित है। उक्त के आलोक में मतदान उपरान्त मतपेटिका / इवीएम मशीन जमा करने हेतु कुल 10 विधानसभा क्षेत्रों का बज्रगृह/रिसिविंग सेंटर बनाया गया है जो गुरुआ, गया टाउन, टिकारी, बेलागंज एवं वजीरगंज विधानसभा के लिये गया कॉलेज को बज्रगृह/ इवीएम रिसिविंग सेंटर बनाया गया है। अतरी, शेरघाटी, इमामगंज, बाराचट्टी एवं बोधगया विधानसभा के लिये बाजार समिति गया को बज्रगृह/ इवीएम रिसिविंग सेंटर बनाया गया है। ऐसे में मतपेटिका/ इवीएम मशीन जमा करने के लिए काफी संख्या में वाहनों जो बजगृह/रिसिविंग सेंटर गया कॉलेज/बाजार समिति, गया आएंगे जिससे यातायात जाम की समस्या उत्पन्न होने की संभावना है। ऐसी स्थिति में आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए मतपेटिका/ इवीएम मशीन को सुरक्षित जमा कराने / यातायात नियंत्रण हेतु मार्ग से संबंधित ट्रैफिक प्लान तैयार किया गया है, जो 11 नवंबर को समय 15:00 बजे से मतपेटिका / इवीएम मशीन जमा होने तक प्रभावी यातायात प्लान।

**आम जनता के वाहनों के लिए नो इण्ट्री (प्रवेश वर्जित) गया शहर**

मगध मेडिकल मोड़ से चंदौती मोड़ होते हुए सिकड़िया मोड़ से गया कॉलेज मोड़ होते हुए गेवाल बिगहा मोड़ तक सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा।
आपातकालीन सेवा को छोड़कर इस रोड में सिर्फ मतपेटिका / इवीएम मशीन जमा करने वाले वाहन ही आएंगे। किरानी घाट से रमना जैन मित्तल मॉजेक पीर मंसूर डीएम गोलम्बर काशीनाथ मोड़ जे0पी0 झरणा होते हुए गेवाल बिगहा मोड़ तक सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा।(चुनाव डियूटी एवं आपातकालीन सेवा को छोड़कर)। इस रोड में सिर्फ मतपेटिका/ इवीएम मशीन जमा करने वाले वाहन ही आएंगे। कन्डी नवादा बुनियादगंज बाईपास मोड़ से रामशिला होते हुए किरानी घाट तक सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा। (चुनाव डियूटी एवं आपातकालीन सेंवा को छोड़कर)। इस रोड में सिर्फ मतपेटिका/ इवीएम मशीन जमा करने वाले वाहन ही आएंगे। हनुमान चौक से डेल्हा होते हुए मिर्जा गालिब कॉलेज तक सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा। (चुनाव डियूटी एवं आपातकालीन सेवा को छोड़कर)। इस रोड में सिर्फ मतपेटिका / ईवीएम मशीन जमा करने वाले वाहन ही आएंगे। गुलेरिया चक से मगध मेडिकल मोड़ होते हुए सिकरिया मोड़ रोड तक सभी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। दो मुहान से 05 नं0 होते हुए सिकरिया मोड़, चंदौती मोड़, मेडिकल कॉलेज मोड़ से बाजार समिति जाने वाली सड़क तक आम जनों के लिए सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा। (चुनाव डियूटी एवं आपातकालीन सेवा को छोड़कर)। इस रोड में सिर्फ मतपेटिका / इवीएम मशीन जमा करने वाले वाहन ही आएंगे। चंदौती मोड़ से बजार समिति, कटारी मोड़ तक आम जनो के लिए सभी प्रकार के वाहनों का का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा।(चुनाव डियूटी एवं आपातकालीन सेवा को छोड़कर)। इस रोड में सिर्फ मतपेटिका / इवीएम मशीन जमा करने वाले वाहन ही आएंगे। आशा सिंह मोड़ से भाया एलआईसी ऑफिस होते हुए चंदौती जाने वाली मार्ग पर आम जनो के लिए सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा।

# डीएम-एसपी ने डिस्पैच सेंटरों पर की संयुक्त ब्रीफिंग






**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** बिहार विधानसभा आम चुनाव 2025 को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष माहौल में संपन्न कराने के लिए अररिया जिला प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी अनिल कुमार और पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार ने सोमवार को जिले के सभी डिस्पैच सेंटरों पर पीठासीन पदाधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों के साथ संयुक्त ब्रीफिंग कर व्यवस्था की व्यापक समीक्षा की। डीएम ने संबोधन में कहा कि हर मतदान केंद्र पर निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन अनिवार्य है। उन्होंने सभी पीठासीन पदाधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठा, पारदर्शिता और पूर्ण जिम्मेदारी के साथ करने का निर्देश दिया। रिपोर्टिंग कार्य समय पर सुनिश्चित करने, मतदान के दिन आवश्यक कर्तव्यों और निषेधाज्ञाओं का पालन करने तथा किसी भी स्थिति में लापरवाही नहीं बरतने की विशेष हिदायत दी गई। पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार ने बताया कि जिले के सभी बूथों पर सुरक्षा की त्रिस्तरीय व्यवस्था की गई है। स्थानीय पुलिस बल के साथ केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती भी सुनिश्चित की गई है, ताकि मतदान प्रक्रिया पूरी तरह भयमुक्त और सुरक्षित रहे। उन्होंने कहा कि किसी भी अप्रिय स्थिति पर तत्काल कार्रवाई के लिए क्विक रिस्पॉन्स टीमें भी सक्रिय रहेंगी। ब्रीफिंग कार्यक्रम अररिया के विभिन्न डिस्पैच सेंटरों— अररिया कॉलेज (47-रानीगंज, 49-अररिया), कृषि उत्पादन बाजार समिति (46-नरपतगंज, 48-फारबिसगंज), अल शम्स मिल्लिया कॉलेज (50-जोकीहाट), और एमएलडीपीके यादव कॉलेज (51-सिकटी) मेंआयोजितकियागया। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों को इवीएम और वीवीपैट की सुपुर्दगी के बाद बूथों के लिए रवाना कर दिया गया। प्रशासन का दावा है कि जिले की चुनावी तैयारियां पूरी हैं और मतदाता निडर होकर अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

# मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय को मिला 'मिथिला विभूति सम्मान'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय को शिक्षा और शोध के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए मिथिला विभूति सम्मान, प्रशस्ति पत्र और पदक से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें 3 नवंबर 2025 को एमएलएसएम कॉलेज, दरभंगा में आयोजित विद्यापति सेवा संस्थान, दरभंगा के 53वें वार्षिक सम्मेलन में प्रदान किया गया। सोमवार को डॉ. राय ने कुलपति प्रो. संजय कुमार से भेंट कर सम्मान स्वरूप प्राप्त मेडल, प्रशस्ति पत्र और 'दर्पण' पत्रिका समर्पित की। इस अवसर पर डीएसडब्ल्यू प्रो. महेश्वर मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक प्रो. महेश कुमार मंडल, उप कुलसचिव द्वितीय डॉ. अंशु कुमार राय, कुलानुशासक प्रो. जयंत कुमार, कॉलेज निरीक्षक प्रो. कलाल बाखला सहित कई विश्वविद्यालय पदाधिकारी उपस्थित थे। कुलपति प्रो. संजय कुमार ने कहा कि यह मुंगेर विश्वविद्यालय के लिए गौरव का क्षण है कि कुलसचिव को उनके दीर्घ शैक्षणिक अनुभव, उत्कृष्ट शोध कार्य और प्रभावी प्रशासनिक सेवा के लिए प्रतिष्ठित मिथिला विभूति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्होंने बताया कि डॉ. राय इससे पूर्व पूर्णिया विश्वविद्यालय और नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी में कुलसचिव के पद पर कार्यरत रह चुके हैं। डॉ. राय ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा में अधिकारी और दो महाविद्यालयों के प्रभारी प्राचार्य के रूप में भी सेवा दे चुके हैं। शैक्षणिक और प्रशासनिक क्षेत्र में उनके इसी व्यापक अनुभव को देखते हुए महामहिम राज्यपाल सह कुलाधिपति ने उन्हें तीसरे विश्वविद्यालय में कुलसचिव के पद पर नियुक्त किया है।



## 16 नवंबर को होगा मसौढ़ी नगर केशरवानी वैश्य पंचायत का चुनाव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी नगर केशरवानी वैश्य पंचायत कार्यकारिणी का चुनाव 16 नवंबर को आयोजित होगा। पंचायत की ओर से जारी सूचना के अनुसार नामांकन 10 से 13 नवंबर तक स्वीकार किए जाएंगे, जबकि नाम वापसी की तिथि 14 और 15 नवंबर तय की गई है। पंचायत ने नगर के केशरवानी वैश्य समुदाय से अपील की है कि अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष—इन तीन पदों के लिए होने वाले चुनाव में अधिक से अधिक सदस्य भाग लें। इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित अवधि में अपना नामांकन पर्चा जमा कर सकते हैं। अध्यक्ष पद के लिए न्यूनतम आयु 40 वर्ष, जबकि महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद के लिए 25 वर्ष निर्धारित की गई है।

# डिस्पैच सेंटरों से मतदान दलों को किया गया रवाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत अररिया जिले के सभी छह विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों यथा 46-नरपतगंज, 47-रानीगंज (अ०जा०), 48-फारबिसगंज, 49-अररिया, 50-जोकीहाट एवं 51-सिकटी में दिनांक 11 नवम्बर 2025 को होने वाले मतदान के लिए सोमवार को सभी मतदान दलों को संबंधित डिस्पैच सेंटर से विधिवत रूप से रवाना किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिलाधिकारी, अररिया अनिल कुमार एवं पुलिस अधीक्षक, अररिया अंजनी कुमार की उपस्थिति में जिले के विभिन्न डिस्पैच सेंटरों से मतदान दलों को इवीएम, वीवीपैट एवं आवश्यक मतदान सामग्री के साथ रवाना किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में मतदान संपन्न कराने की दिशा में सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने मतदान कर्मियों को समय पर मतदान स्थल पर पहुंचने, सभी प्रक्रियाओं का पालन करने एवं किसी भी समस्या की सूचना नियंत्रण कक्ष को तुरंत देने के निर्देश दिये हैं। सुरक्षा की दृष्टि से सभी बूथों पर पर्याप्त पुलिस बल एवं केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल की तैनाती की गई है। साथ ही प्रत्येक मतदान केंद्र तक सामग्री एवं कर्मियों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जा रही है।






# छह जिंदा कारतूस के साथ दो युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ थाना पुलिस ने सोमवार शाम गश्ती के दौरान चारपोलवा मोड़ के पास से छह जिंदा कारतूस के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया। दोनों युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर कारतूस बेचने जा रहे थे। पकड़े गए युवकों की पहचान विकास कुमार (22 वर्ष, पिता—शंकर प्रसाद) और सत्येंद्र कुमार (21 वर्ष, पिता—विजेंद्र प्रसाद), दोनों निवासी मखदुमपुर, थाना धनरूआ, के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि संध्या गश्ती, वाहन जांच एवं छापेमारी के क्रम में पुलिस की टीम शाम करीब 7 बजे चारपोलवा मोड़ के पास पहुंची। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल सवार पुलिस वाहन को देखकर तेजी से दिशा बदलकर भागने लगा। संदेह होने पर पुलिस बल ने पीछा कर दोनों युवकों को पकड़ लिया। बाद में स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में मोटरसाइकिल और दोनों युवकों की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान विकास कुमार की जींस की पिछली जेब से एक प्लास्टिक की पन्नी में रखे 6 जिंदा कारतूस बरामद हुए। सत्येंद्र कुमार से कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। पूछताछ में विकास कुमार ने स्वीकार किया कि मोटरसाइकिल उसकी है और दोनों युवक ये कारतूस बेचने के लिए जा रहे थे। पुलिस ने कारतूस और मोटरसाइकिल को जप्ती सूची तैयार कर जब्त कर लिया है। दोनों आरोपितों के खिलाफ अवैध कारतूस रखने एवं बिक्री का प्रयास करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



# मसौढ़ी में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत 180 महिलाओं की स्वास्थ्य जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** प्रधाप6नमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सोमवार को मसौढ़ी अनुमंडल क्षेत्र में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया, जिसमें कुल 180 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। अनुमंडलीय अस्पताल में 35 तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मसौढ़ी में 145 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके अलावा अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर भी विशेष शिविर लगाए गए। इस अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क, गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच एवं आवश्यक चिकित्सीय परामर्श उपलब्ध कराना है, ताकि प्रसव के दौरान जोखिम कम हो और मां-बच्चे की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। शिविर में चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिलाओं की विस्तृत जांच की गई तथा उच्च जोखिम वाले गर्भधारण (हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी) के मामलों की पहचान कर उचित प्रबंधन पर जोर दिया गया। शिविर के दौरान गर्भवती महिलाओं को फल एवं पौष्टिक आहार भी वितरित किया गया। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रामानुज ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को प्रसव पूर्व जांच की संपूर्ण सुविधाएँ उपलब्ध कराना और उन्हें समय पर उचित परामर्श देना है। अनुमंडल अस्पताल की प्रभारी डॉ. नालिनी ने कहा कि प्रसव के दौरान होने वाला अत्यधिक रक्तस्त्राव महिलाओं की मृत्यु का प्रमुख कारण है। प्रसव पूर्व जांच में यदि हीमोग्लोबिन की कमी पाई जाती है, तो ऐसी महिलाओं को आयरन की गोलियाँ एवं पोषक आहार संबंधी सलाह दी जाती है। शिविर में महिलाओं का रक्तचाप, वजन, हीमोग्लोबिन, एचआईवी सहित अन्य पैथोलॉजिकल जांच भी की गई। अभियान का प्रमुख उद्देश्य गर्भावस्था के दौरान समय पर जांच के माध्यम से सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करना है। मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक ललन कुमार, प्रखंड लेखा प्रबंधक चंद्र भूषण प्रसाद, एएनएम संगीता कुमारी, निशि कुमारी, कुमारी सुजाता सहित सभी स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# एसपी व नगर आयुक्त ने वज्रगृह-सह मतगणना केंद्र का किया निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के तहत सुरक्षा व पारदर्शिता सुनिश्चित करने को लेकर पुलिस अधीक्षक भारत सोनी और नगर निगम बिहारशरीफ के नगर आयुक्त दीपक कुमार मिश्रा ने नालंदा कॉलेज स्थित वज्रगृह-सह मतगणना केंद्र का विस्तृत निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने परिसर में सुरक्षा के सभी आयामों की बारीकी से जांच की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि मतदान के उपरांत सभी विधानसभा क्षेत्रों — अस्थावां (171), बिहारशरीफ (172), राजगीर (173, अ.जा.), इस्लामपुर (174), हिलसा (175), नालंदा (176) और हरनौत (177) — से लाई गई इवीएम और वीवीपैट मशीनों को Polled EVM Strong Room में डबल लॉक सिस्टम के तहत सुरक्षित रूप से सीलबंद कर रखा गया है। सभी प्रक्रियाएं अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं और केंद्रीय प्रेक्षकों की मौजूदगी में वीडियोग्राफी के साथ संपन्न की गई हैं। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि मतगणना केंद्र परिसर में प्रवेश करने वाले सभी वाहन, कर्मी, अधिकारी और वर्कर्स की कड़ाई से फ्रीस्किंग सुनिश्चित की जाए, ताकि सुरक्षा के किसी भी स्तर पर चूक न हो।

**तीन-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू**

सुरक्षा को अभेद्य बनाने के लिए स्ट्रॉन्ग रूम के चारों ओर तीन-स्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया गया है—

पहला स्तरः परिसर के भीतरी हिस्से में केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल की तैनाती

दूसरा स्तरः बाहरी क्षेत्र में जिला पुलिस की निगरानी

तीसरा स्तरः 24×7 सीसीटीवी निगरानी

स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा की मॉनिटरिंग के लिए नियंत्रण कक्ष में टीवी स्क्रीन लगाए गए हैं, जिन पर अभ्यर्थियों के प्रतिनिधि लगातार नजर रख रहे हैं। उन्हें सुरक्षा घेरा के भीतर प्रवेश की अनुमति नहीं है, लेकिन सीसीटीवी डिस्प्ले उन्हें उपलब्ध कराया गया है।

**14 नवंबर को खुलेगा स्ट्रॉन्ग रूम**

मतगणना दिवस 14 नवंबर को स्ट्रॉन्ग रूम अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं और केंद्रीय प्रेक्षकों की उपस्थिति में वीडियोग्राफी के साथ खोला जाएगा। इसके बाद तय प्रक्रिया के अनुसार मतगणना का कार्य शुरू होगा।

# स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत पीएचसी नावकोठी में सोमवार को गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच एवं परिवार कल्याण परामर्श दिया गया। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजीव रंजन चौधरी ने कुल 60 गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व स्वास्थ्य की जांच की। इसके तहत गर्भवती महिलाओं की ऊंचाई, वजन, हेमोग्लोबीन, मूत्र, ब्लडप्रेशर, डायबिटीज, एचआईवी आदि की जांच की गयी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजीव रंजन चौधरी ने गर्भवती महिलाओं को अपने भोजन में प्रोटीन युक्त तथा आयरन युक्त भोजन को शामिल करने की सलाह दी। इसके लिए नोनी का साग, रागी, पीले पके फल, दूध, मछली, कलेजी आदि को भोजन में लेना उपयुक्त बताया। प्रत्येक माह नियमित जांच कराने की सलाह दी गयी। सुरक्षित जच्चा बच्चा व सुरक्षित भविष्य के लिए यह जांच आवश्यक है। इस अवस्था में गर्भवती महिलाओं को अपने भोजन में सभी पोषक तत्वों को शामिल करने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, सुरक्षित संस्थागत प्रसव कराने, कम से कम दो घंटे आराम करने की सलाह दी गयी। सभी लाभुकों को कैलशियम,आयरन की गोली दी गयी। दो बच्चों के बीच अंतराल रखने के लिए अस्थायी गर्भ निरोधक साधन में कंडोम अंतरा, छाया आदि का वितरण किया गया। मौके पर सी एच ओ जुली कुमारी, सुमानी कुमारी, प्रियदर्शनी, राजा कुमार, एल टी पंकज जोशी, एएनएम रेणु, मंचन, शालिनी आदि सहित दर्जनाधिक आशा कार्यकर्ता, लाभुक आदि मौजूद थे।

# मतगणना कर्मियों का हुआ एक दिवसीय प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय नगर।** विधान सभा चुनाव के तहत मतगणना कार्य को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को बीपी प्लस टू स्कूल में मतगणना कर्मियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 838 मतगणना कर्मियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का संचालन मास्टर ट्रेनरों द्वारा किया गया।इस अवसर पर निर्वाचन से संबंधित अधिकारियों ने मतगणना दिवस पर की जाने वाली व्यवस्थाओं, सुरक्षा प्रबंधन, संचार प्रणाली एवं नियंत्रण कक्ष से समन्वय स्थापित करने की प्रक्रिया पर भी प्रकाश डाला।प्रशिक्षण के उपरांत प्रतिभागियों के प्रश्नों का समाधान किया गया तथा सभी कर्मियों को निर्धारित समय पर मतगणना केंद्र पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।जिला निर्वाचन पदाधिकारी तुषार सिंगला ने कहा कि मतगणना प्रक्रिया लोकतांत्रिक व्यवस्था का अत्यंत महत्वपूर्ण चरण है। प्रत्येक कर्मी को अपनी भूमिका गंभीरता एवं निष्पक्षता के साथ निभानी चाहिए ताकि मतगणना कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हो। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से कर्मियों को व्यावहारिक जानकारी देने का उद्देश्य यह है कि मतगणना के दिन किसी भी प्रकार की त्रुटि या विलंब न हो।

# पिंक बूथ कर्मी को मिला प्रशिक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत सोमवार को डिस्पैच सेंटर एम.एल.डी.पी.के. यादव कॉलेज अररिया के प्रांगण में 51-सिकटी विधान सभा क्षेत्र की निर्वाची पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त, अररिया, रोजी कुमारी द्वारा सिकटी निर्वाचन क्षेत्र में बनाए गए कुल तीन पिंक बूथों में प्रतिनियुक्ति महिला कर्मियों से मिलाकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। निर्वाची पदाधिकारी ने कहा कि पिंक बूथों का उद्देश्य महिला मतदाताओं को सुरक्षित, सहज एवं सहभागिता पूर्ण वातावरण प्रदान करना है। उन्होंने मतदान प्रक्रिया के दौरान अनुशासन, शालीनता एवं निष्पक्षता बनाए रखने पर बल दिया। साथ ही सभी कर्मियों को प्राप्त आवश्यक सामग्रियों की जांच करने, निर्धारित समय से मतदान कार्य प्रारंभ करने एवं प्रत्येक मतदाता को सुगम मतदान सुविधा देने के निर्देश दिये। उप विकास आयुक्त महोदया ने कहा कि यह गर्व की बात है कि सिकटी विधानसभा क्षेत्र की निर्वाची पदाधिकारी स्वयं एक महिला हैं, और यहां की महिला मतदान कर्मी भी लोकतंत्र के इस महापर्व में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे 11 नवम्बर 2025 को होने वाले मतदान में भाग लेकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

# जल श्रमिक संघ कार्यकर्ताओं की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** जल श्रमिक संघ के कार्यकर्ताओं की बैठक हसनपुर बागर में सम्पन्न हुई। इसकी अध्यक्षता मोहन सहनी ने की। महासचिव राम बालक सहनी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि राज्य की नीतिश कुमार की सरकार मछुआरों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। मछुआरों का व्यवसाय मछली पालन तथा नदियों में मछलियों का शिकार करना है। इनका व्यवसाय बाढ तथा सुखाड़ दोनों ही परिस्थितियों में प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसके लिए न तो आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है और न ही बीमा की व्यवस्था ही। नहर कावड़ झील सहित अन्य जल करों में गाद जमा हो जाने से दिन प्रतिदिन इसके जलस्तर में कमी होती जा रही है। इससे गाद निकालने के लिए कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। मत्स्य पालन हेतु कारगर कदम नहीं उठाने से मछुआरे परंपरागत व्यवसाय को छोड़कर अन्य प्रांतों में मजदूरी करने के लिए विवश है। मछुआरों के व्यवसाय हेतु कारगर कदम उठाने की मांग, सुखाड़, बाढ की स्थिति में उचित मुआवजा देने की आवाज बुलंद की। हसनपुर बागर पंचायत स्तरीय कमिटि गठित की गई। अशोक सहनी को अध्यक्ष, मोहन सहनी को सचिव तथा अर्जुन सहनी को कोषाध्यक्ष चयन किया गया। मौके पर सूरज सहनी, रंजीत सहनी, रमेश सहनी, अमित कुमार, वकील सहनी, सूरज सहनी सहित दर्जनाधिक सदस्य मौजूद थे।

## महिला ने नौ लोगों के खिलाफ दर्ज कराई प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** हांसाडीह गांव में एक महिला ने नौ लोगों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़िता के अनुसार, शराब के नशे में वीरेंद्र राम घर में घुस आया और चाकू से उसके बेटे पर हमला कर दिया। विरोध करने पर वह भाग गया, लेकिन कुछ देर बाद अपने परिजनों के साथ हथियारों से लैस होकर फिर पहुंचा। आरोप है कि वीरेंद्र का बेटा रवि कुमार घर में घुसकर पिस्तौल के बल पर सास–बहू के साथ अश्लील हरकत करने लगा। शोर मचाने पर परिवार के अन्य सदस्य भी आ गए और लोहे के रॉड से मारपीट कर दोनों को गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। इसी दौरान सास की हालत नाजुक हो गई। पीड़िता का आरोप है कि आरोपितों ने उन्हें नग्न कर अश्लील वीडियो बनाया और पुलिस में शिकायत करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी।

# मतगणना केंद्र पर चाक चौबंद व्यवस्था




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** जिले के सातों विधान सभा क्षेत्रों की पोल्ड इवीएम को .षि उत्पादन बाजार समिति स्थित वज्रगृह में सुरक्षित रखा गया है। जहां 14 नवंबर को मतगणना होना है। मतगणना के मद्देनजर वज्रगृह की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा वज्रगृह की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बाजार समिति के मुख्य प्रवेश द्वार पर आने-जाने वाले सभी व्यक्तियों की सघन जांच के लिए दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। कृषि उत्पादन बाजार समिति, बेगूसराय परिसर में राजनीतिक दलों के प्राधि.त प्रतिनिधि, विभिन्न पदाधिकारी तथा बाजार समिति में कार्यरत एजेंसियों एवं मजदूरों का लगातार आवागमन होता है। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वज्रगृह में प्रवेश करने से पूर्व सभी अभ्यर्थियों, पदाधिकारियों एवं अन्य कर्मियों की सघन जांच की जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी व्यक्ति अनाधि.त रूप से .षि उत्पादन बाजार समिति परिसर में प्रवेश न कर सके। साथ ही, प्रत्येक पाली में दंडाधिकारी की भी प्रतिनियुक्ति की गई है, जो सम्पूर्ण परिसर की निगरानी करेंगे, जांच व्यवस्था का पर्यवेक्षण करेंगे तथा सुरक्षा बलों के साथ समन्वय स्थापित कर वज्रगृह क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बनाए रखेंगे।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भगवानपुर में सोमवार को गर्भवती महिलाओं की प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्रसव पूर्व एएनसी जांच की गयी। इस कैप में काउंसलर नियति कुमारी मिश्रा ने 88 से अधिक महिलाओं को गर्भनिरोधक दवाइयां दी। इस कैप में गर्भवती महिलाएं को स्वास्थ्य जांच के बाद परिवार नियोजन के विभिन्न तरीकों को समझाया गया और जरूरी चिकित्सा परामर्श भी दिये। गर्भवती महिलाएं की एएनसी, ब्लड, यूरिन,एचआईवी, ब्लड ग्रुप, बीपी, हार्ट बीट आदि की भी जांच डॉ राज कमल की उपस्थिति में किया गया। काउंसलर नियति मिश्रा ने बताया की प्रसव अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तुरंत जांच करानी चाहिए। समय पर जांच कराने से किसी भी प्रकार की परेशानी का शुरुआती दौर में ही पता चल जाने से उसे आसानी से दूर किया जा सकता हैद्यमौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ड दिलीप कुमार, हेल्थ मैनेजर आशुतोष गांधी सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

# इवीएम व वीवीपैट के साथ मतदानकर्मियों का दल बूथों के लिए रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** दूसरे चरण में आज मंगलवार को जिले के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले चुनाव को लेकर मतदानकर्मी, पीठासीन पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी इवीएम और वीवीपैट के साथ अपने-अपने आवंटित बूथों के लिए रवाना हो गए हैं। बता दें कि जिले के 6 विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 2279 बूथों पर मतदान कराया जाना है। चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण माहौल में संपर्क करने को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। सभी मतदान केंद्रों पर वेव कास्टिंग की व्यवस्था की गई है। इसके लिए सेक्टर अधिकारियों और मजिस्ट्रेट को अनिवार्य रूप से वीडियोग्राफी करने का निर्देश दिया गया है। बूथ पर रवाना करने से पहले जिले के सभी चार डिस्पैच केंद्र पर डीएम श्रीकांत शास्त्री व एसपी अंबरीश राहुल ने मतदान कर्मियों को ब्रीफ कर आवश्यक निर्देश दिया है। डीएम ने कहा कि मतदान की गति धीमी ना हो इसके लिए पीठासीन पदाधिकारी मतदान प्रक्रिया को तेज रखने का प्रयास करेंगे। मतदान कर्मियों के लिए बूथों पर ही भुगतान के आधार पर चाय नाश्ता और भोजन की व्यवस्था की गई है। वास्तविक मतदान शुरू होने से एक घंटा पहले मतदान अभिकर्ताओं की उपस्थिति में मॉक पोल कराया जाएगा जिसके लिए कर्मियों को विधिवत प्रशिक्षण दिया गया है।





पीठासीन पदाधिकारी को मतदान शुरू होने से समाप्ति तक हर दो घंटे के अंतराल पर पड़े मतदान का प्रतिशत ऐप पर अपलोड करना होगा। यदि किसी मतदान केंद्र पर इवीएम में तकनीकी गड़बड़ी आती है तो उसे ठीक करने के लिए प्रत्येक सेक्टर पदाधिकारी के साथ मास्टर ट्रेनर तैनात किए गए हैं। इवीएम बदलने की आवश्यकता पड़ने पर सेक्टर पदाधिकारी को अतिरिक्त इवीएम सेट भी दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त एक विशेष तकनीकी टीम भी क्षेत्र में मौजूद रहेगी। प्रत्येक पोलिंग पार्टी में पीठासीन पदाधिकारी सहित चार कर्मियों को नियुक्त किया गया है जो मतदान प्रक्रिया के दौरान अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। मतदान दलों के साथ प्रत्येक केंद्र पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल के जवान भी भेजे गए हैं। सभी मतदान दलों को बूथों तक पहुंचाने के लिए वाहन उपलब्ध कराया गया है। जिले में चार जगह पर डिस्पैच सेंटर बनाया गया है, जहां से मतदान कर्मियों को इवीएम और वीवीपैट देकर बूथों पर भेजा गया है। दाउदनगर के डायट में बनाए गए डिस्पैच सेंटर से गोह विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदान कर्मियों को रवाना किया गया है। वहीं औरंगाबाद शहर के गेट स्कूल में बनाए गए डिस्पैच सेंटर से ओबरा और नबीनगर विधानसभा में मतदान कर्मियों को रवाना किया गया। कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र के लिए गांधी मैदान में डिस्पैच सेंटर बनाया गया है। वहीं से मतदान कर्मियों को ब्रीफ के बाद डीएम-एसपी ने उन्हें रवाना किया है। इसी प्रकार सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज में बनाए गए डिस्पैच सेंटर से औरंगाबाद और रफीगंज विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों पर मतदान कर्मियों को रवाना किया गया है। एसपी ने जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव को लेकर पूरी तैयारी हो चुकी है। चुनाव कराने के लिए जिले में 101 सीआरपीएफ तथा दो बीएसएफ की कंपनी के अलावा अन्य जिलों से फोर्स उपलब्ध कराया गया है। सभी बूथों पर चुस्त दुरुस्त व्यवस्था की गई है। सभी बूथों पर सीआरपीएफ की निगरानी में चुनाव संपन्न होगा। इसके अलावा सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल, सुपर जोनल आदि की भी तैनाती की गई है। एसपी ने बताया कि जिले में कुल 402 संवेदनशील और नक्सल प्रभावित बूथ चयनित किए गए हैं। इन बूथों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। नक्सल प्रभावित इलाके में 13 ऐसे सड़कों को चिन्हित किया गया है जहां आने जाने में मतदान कर्मियों को परेशानी हो सकती है। इन सभी सड़कों पर रोड ओपनिंग पार्टी की तैनाती की गई है ताकि किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न नहीं हो।

## सड़क किनारे खड़ी ट्रक से टकराई अनियंत्रित ऑटो, तीन गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सड़क किनारे खड़ी ट्रक से अनियंत्रित ऑटो टकरा गई जिसमें ऑटो सवार छह लोग घायल हो गए। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भरथौली गांव के पास का है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों द्वारा सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में शहर के करमा रोड स्थित आदर्श नगर मोहल्ला निवासी मृत्युंजय कुमार की पत्नी अवंति कुमारी, पुत्र अंशु कुमार, न्यू एरिया निवासी रामचंद्र सिंह के पुत्र विकास कुमार, ब्लॉक मोड़ निवासी योगेंद्र सिंह के पुत्र मोनू कुमार, मदनपुर थाना क्षेत्र के पतेया गांव निवासी रामेश्वर सिंह के पुत्र धनंजय कुमार सिंह एवं हरिहरगंज इलाके के कोल्हुआड़ा गांव निवासी कन्हाई मेहता के पुत्र अजीत कुमार शामिल है। घायलों ने बताया कि रमेश चौक से ऑटो पकड़कर अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन ट्रेन पकड़ने के लिए जा रहे थे। भरथौली शरीफ गांव के पास सड़क किनारे पहले से ही एक ट्रक खड़ा था। गांव के पास पहुंचते ही ड्राइवर ने अपना संतुलन खो दिया। गाड़ी ट्रक से टकरा गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। सभा घायलों को अस्पताल पहुंचाया। अंशु, अवंती और विकास की हालत गंभीर बनी हुई है। इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि सड़क किनारे खड़ी ट्रक में एक अनियंत्रित ऑटो ने टक्कर मार दिया, जिससे छह लोग घायल हो गए। फिलहाल सभी घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। वहीं मामले अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## डीएवी स्कूल में दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के दयानन्द विहार स्थित डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला के आयोजन का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के उपरांत स्वागत गान से हुआ। तत्पश्चात डी.ए.वी. गान गाया गया। इसके बाद प्रधानाचार्य विजय कुमार पाठक द्वारा संसाधक व्यक्तियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य विजय कुमार पाठक द्वारा उपस्थित सभी शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए बताया गया कि यह कार्यशाला शिक्षकों की कार्यक्षमता को बढ़ाने में विशेष योगदान देगी। उसके बाद सीबीएसई के प्रशिक्षक प्रतीक विकास विल्सन एवं सुचि कुमारी ने 'जटिल एवं रचनात्मक सोच' विषय पर आयोजित कार्यशाला का संचालन किया। प्रथम दिवस के प्रथम सत्र में प्रशिक्षक प्रतीक विकास ने गहन ज्ञान स्तर पर कार्यशाला का संचालन किया तथा प्रशिक्षिका सुचि कुमारी ने फ्रेयर मॉडल के माध्यम से विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने का तरीका बताया तथा क्रियात्मक गतिविधि के माध्यम से विषय को कैसे रुचिकर बनाया जाय यह बताया। द्वितीय सत्र में प्रतीक विकास ने दृष्टिकोण का चक्र बनाते हुए मुद्दा, अवधारणा, विषय और कहानी पर चर्चा की। एक परियोजना कार्य के माध्यम से प्रशिक्षक प्रतीक कुमार ने चार कोनों की गतिविधि में सहमत, असमत, पूर्ण रूपेण सहमत और पूर्ण रूपेण असहमत द्वारा सबके विचारों को विभिन्न विषयों में सामने लाने का प्रयास किया। कार्यशाला के द्वितीय दिवस का आरंभ गायत्री मंत्र के उच्चारण से हुआ। उसके बाद सीबीएसई प्रशिक्षिका सुचि कुमारी ने 4सी मॉडल के द्वारा बच्चों में जागरूकता लाने के लिए गतिविधि करवाई। द्वितीय दिवस के द्वितीय सत्र में प्रशिक्षक प्रतीक विकास ने विचारशील प्रक्रिया गतिविधि के द्वारा शिक्षकों के सभी समूहों से पार्टी गेम करवाया। विचारशील प्रक्रिया के द्वारा उन्होंने समस्या समाधान पर प्रकाश डाला। कार्यशाला के अंतिम सत्र में शिक्षकों ने अपनी अपनी प्रतिक्रिया दी। तत्पश्चात प्रधानाचार्य एवं विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक महेश कुमार सिंह द्वारा प्रशिक्षक को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया तथा शांति पाठ के साथ सफलतापूर्वक कार्यक्रम का समापन किया गया।



## उत्कृष्ट कार्य के लिए पैनल अधिवक्ता व पारा विधिक स्वयं सेवक सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** उत्कृष्ट व सराहनीय कार्य करने वाले पैनल अधिवक्ता तथा पारा विधिक स्वयं सेवक को जिला जज राज कुमार द्वारा प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा जागरूकता से संबधित किये जाने वाले गतिविधियों से संबधित माह जनवरी से दिसंबर 2025 का वार्षिक कैलेण्डर प्राप्त है, जिसके अंतर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। विषेश तिथियों में विषेश जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने हेतु दिये गये निर्देश के आलोक में विधिक सेवा दिवस का आयोजन किया गया है। इस विधिक सेवा दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले पैनल अधिवक्ता एवं पारा विधिक स्वयं सेवक जिनके द्वारा किये गये अच्छे कार्य की प्रधान जिला जज द्वारा सराहना करते हुए उन्हें पुरूष्कृत करते हुए कप देकर सम्मानित किया। जिला जज द्वारा कहा गया जिला विधिक सेवा प्राधिकार अंतर्गत कुल 30 पैनल अधिवक्ता कार्यरत हैं। इसी प्रकार अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति, दाउदनगर में कुल 21 पैनल अधिवक्ता कार्यरत है। जिला विधिका सेवा प्राधिकार औरंगाबाद एवं अनुमण्डलीय विधिक सेवा समिति दाउदनगर को मिलाकर कुल 51 पैनल अधिवक्ता कार्यरत हैं। राणा सरोज कुमार सिंह उर्फ मंटू सिंह पैनल अधिवक्ता को लगतार कई राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक वादों का निस्तारण में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वह्न करने और आयोजित लोक अदालत में इनके द्वारा 21 पारिवारिक मामलों से संबधित वादों का निस्तारण कराने की कार्य की सराहना करते हुए इन्हें विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में सम्मानित और पुरस्कृत किया गया।

## महिलाओं की सहभागिता से सशक्त हुआ निर्वाचन तंत्र



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचन संबंधी कार्यों का संचालन जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में व्यवस्थित ढंग से किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रतिनियुक्त वीडियो व्यूइंग टीम (वीवीटी) में प्रतिनियुक महिला कर्मियों ने अपनी लगन, निष्ठा एवं जिम्मेदारीपूर्ण कार्यशैली से उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। महिला सदस्यों द्वारा गठित इस टीम ने जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों औरंगाबाद, रफीगंज, गोह, ओबरा, नबीनगर एवं कुटुंबा में विभिन्न राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों द्वारा आयोजित जनसभा, रैली, नुक्कड़ नाटक, रोड शो एवं प्रचार-प्रसार कार्यक्रमों से संबंधित वीडियोग्राफिक सामग्रियों का सावधानीपूर्वक अवलोकन किया। इन कार्यक्रमों की रिकॉर्डिंग से प्राप्त सीडी को टीम द्वारा गहनता से देखकर निर्वाचन व्यय लेखा अनुश्रवण कोषांग को वस्तुनिष्ठ प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। महिला कर्मियों द्वारा प्रस्तुत इन प्रतिवेदनों के आधार पर अभ्यर्थियों के व्यय लेखे का सत्यापन एवं परीक्षण सुचारू रूप से संपन्न हो सका। इससे न केवल व्यय पारदर्शिता में वृद्धि हुई है, बल्कि निर्वाचन प्रक्रिया में जवाबदेही एवं सटीकता भी सुनिश्चित हुई है। आज भी निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग में महिला कर्मियों की सजगता, संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी से सभी विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न राजनीतिक दलों के द्वारा आहूत की गई रैलिया जनसभा नुक्कड़ नाटक एवं प्रचार से संबंधित वीडियोग्राफी एवं सीडी का अवलोकन करके संबंधित पहलुओं से संबंधित प्रतिवेदन समर्पित किया जा रहा है। कनीय अभियंता विभा कुमारी, काजल कुमारी, गुलफसा नाज, शोभा कुमारी, रश्मि सिंह, गीता कुमारी, लाइची कुमारी, मीनाक्षी कुमारी, दुर्गावती कुमारी पांडे, निवेदिता, खुशबू कुमारी, जिज्ञासा कुमारी, पवन कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि औरंगाबाद जिला के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न राजनीतिक दलों के द्वारा की गई जागरूकता रैली जनसभा नुक्कड़ नाटक से संबंधित प्रतिवेदन लेखा दल को समर्पित किया जा रहा है। इसी के आलोक में वरीय पदाधिकारी के द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वीवीटी टीम की सदस्याओं ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि निर्वाचन कार्य में सम्मिलित होना उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि टीम वर्क, अनुशासन एवं तकनीकी दक्षता के साथ उन्होंने हर वीडियो क्लिप की समीक्षा की ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि की संभावना न रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

## दुर्घटना में बाइक सवार युवक जख्मी

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** किशोर को बचाने के दौरान बाइक सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना नगर थाना क्षेत्र के धर्मशाला मोड़ का है। घायल बाइक सवार की पहचान बुधौल गांव निवासी अशोक सिंह के पुत्र आदित्य कुमार सिंह के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि आदित्य अपने घर से बाइक पर सवार को किसी काम से बाजार गया था। इसी दौरान धर्मशाला मोड़ के समीप चलती बाइक के सामने अचानक एक किशोर आ गया। किशोर को बचाने के कारण बाइक अनियंत्रित हो गया जिससे वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया और घटना की सूचना परिजनों को दी। इधर सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक की स्थिति गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर युवक के परिजन सदर अस्पताल पहुंचे और घायल युवक का हाल जाना। इसके बाद बेहतर इलाज हेतु किसी दूसरे अस्पताल लेकर चले गये।

